सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 6:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.6 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,887 |
| निफ्टी | 23,996 |

सोना 1,50,000 चांदी 2,38,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 29 अप्रैल 2026 | 16 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 120, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भाजपा मंत्री नितेश राणे को 1 महीने जेल की सजा



एजेंसी, मुंबई। सिंधुदुर्ग कोर्ट ने भाजपा नेता और महाराष्ट्र मंत्री नितेश राणे को 2019 के इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने के मामले में एक महीने की जेल की सजा सुनाई है। हालांकि, अदालत ने सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें हाईकोर्ट में अपील का समय दे दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि जनप्रतिनिधि कानून अपने हाथ में नहीं ले सकते। इस मामले में अन्य 29 आरोपियों को बरी कर दिया गया। घटना 2019 में मुंबई-गोवा हाईवे के निरीक्षण के दौरान हुई थी, जब सड़क की स्थिति को लेकर नाराजगी में इंजीनियर पर कीचड़ फेंका गया था। (अनंत ज्ञान)

### पाक के पूर्व पीएम इमरान को इलाज के बाद वापस भेजा जेल



एजेंसी, लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, जो भ्रष्टाचार के मामलों में बंद हैं, को दाईं आंख के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। इलाज पूरा होने के बाद उन्हें मंगलवार को फिर से जेल भेज दिया गया। इमरान खान को जनवरी में राइट सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूजन की समस्या का पता चला था और तभी से उनका नियमित इलाज चल रहा है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में उन्हें चौथा एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट में वकील बोले-मस्जिद सभी के लिए खुली

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर समेत धार्मिक स्थलों में महिलाओं के प्रवेश और भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। सुनवाई के दौरान वकील निजाम पाशा ने दलील दी कि मस्जिद सभी के लिए खुली हो सकती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वहां अन्य धर्मों की प्रथाएं निभाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की अपनी मर्यादा और नियम होते हैं, जिनका पालन जरूरी है। मामले में यह बहस चल रही है कि धार्मिक स्वतंत्रता और संस्थागत नियमों के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड्स को धर्म पूछकर मारा चाकू

एजेंसी, मुंबई। मुंबई के मीरा रोड स्थित नया नगर इलाके में एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के बाहर दो सिक्योरिटी गार्डों पर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी की पहचान 31 वर्षीय जैब जुबेर अंसारी के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पहले गार्डों से उनका धर्म पूछा और बाद में उन पर हमला किया। उसने एक गार्ड से कलमा पढ़ने को भी कहा और मना करने पर दूसरे पर भी वार किया। दोनों घायल गार्डों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- न्यूजीलैंड एफटीए से हिमाचल के सेब उत्पादकों पर गंभीर संकट बढ़ा -पेज 2
- मुख्यमंत्री ने रैत में लिया बीडीओ भवन के निर्माण कार्य का जायजा -पेज 5
- डीसी ने लोगों को सतर्क रहने की दी सलाह -पेज 7


# हिमाचल में पंचायत चुनाव का बजा बिगुल

## तीन चरणों 26, 28 और 30 मई को पड़ेंगे वोट, आदर्श आचार संहिता लागू

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव का औपचारिक ऐलान हो गया है, इसके साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि प्रदेश की 3,754 पंचायतों में चुनाव कराए जाएंगे, जबकि आनी और नगर की दो पंचायतों में कार्यकाल शेष होने के कारण अभी चुनाव नहीं होंगे। इस चुनाव में करीब 50 लाख 79 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



प्रेसवार्ता करते राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची।

चुनाव प्रक्रिया 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी। नामांकन 7, 8 और 11 मई को भरे जाएंगे, जबकि 12 मई को उनकी जांच होगी। उम्मीदवार 14 और 15 मई को नाम वापस ले सकेंगे। मतदान तीन चरणों में होगा, जिसमें 26 मई को पहला, 28 मई को दूसरा और 30 मई को तीसरा चरण आयोजित किया जाएगा। मतगणना 31 मई को की जाएगी। जिला उपायुक्त अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान की तिथियां निर्धारित करेंगे।

प्रदेश में कुल 50,79,048 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें पुरुष मतदाता 25,67,770 और महिला मतदाता 25,11,249 हैं। चुनाव के लिए 21,678 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। खास बात यह है कि सबसे ऊंचाई वाला मतदान केंद्र 4587 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। मतदान के लिए इस बार पांच अलग-अलग रंगों के बैलेट पेपर का उपयोग होगा, जिसमें प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सदस्य, पंचायत समिति और जिला परिषद के लिए अलग-अलग रंग तय किए गए हैं।

आचार संहिता लागू होने के साथ ही सरकार अब कोई नई योजना, भर्ती, टेंडर, तबादला या उद्घाटन-शिलान्यास नहीं कर सकेगी। इससे चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने में मदद मिलेगी। चुनाव पर करीब 30 से 40 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। मतदान के दिन कर्मचारियों को वेतन सहित अवकाश भी दिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

### चुनावी शेड्यूल

नामांकनः 5, 8 व 11 मई
नामांकन जांचः 12 मई
नाम वापसीः 14 व 15 मई
चुनाव चिन्हः 15 मई
मतदान केंद्र की सूचनाः 7 मई

### मतगणना

पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड मेंबर : वोटिंग वाले दिन
पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद : 31 मई

### चुनाव लड़ने के नियम और पाबंदियां

पंचायत चुनाव में सरकारी सेवा से बर्खास्त व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकेगा। यदि किसी उम्मीदवार के खिलाफ इस तरह की शिकायत आती है तो उसका नामांकन रद्द किया जा सकता है। वहीं सरकारी कर्मचारी किसी भी उम्मीदवार के एजेंट नहीं बन सकते हैं। ऐसा करने पर तीन साल तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा सरकार या केंद्र से मानदेय पाने वाले व्यक्ति को चुनाव लड़ने से पहले अपनी सेवा छोड़नी होगी। बता दें कि आदर्श आचार संहिता चुनाव की घोषणा के साथ ही लागू हो जाती है और पूरी चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रभावी रहती है। इसका उद्देश्य चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए रखे।

# पंजाब में रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट करने वाले 4 आतंकी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



◆ मलेशिया के खालिस्तानी संगठनों और आईएसआई के संपर्क में थे

अशोक ठाकुर, पठानकोट। शंभू-अंबाला रेलवे मार्ग पर हुए बम धमाके की गुत्थी पटियाला पुलिस ने सुलझा ली है। इसके साथ ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम कर रहे आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश करते हुए चार पेशेवर आरोपियों को भारी मात्रा में हथियारों और गोला बारूद समेत गिरफ्तार किया है।

इनकी पंजाब के मुख्य रेल मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर बम धमाके करने की योजना थी। आरोपियों ने सोमवार रात को शंभू-अंबाला रेलवे मार्ग पर बम धमाका किया था। पुलिस के मुताबिक ऐसा करके यह आतंकी माड्यूल पंजाब में दोबारा से उग्रवाद की लहर को जीवित करना चाहता था।

पकड़े आरोपियों की पहचान प्रदीप सिंह खालसा निवासी मानसा, कुलविंदर सिंह निवासी मानसा, सतनाम सिंह निवासी पंजवड़ जिला तरनतारन और गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी निवासी बाबा बिधि चंद नगर मुरादपुर खुर्द गोइंदवाल, बाईपास तरनतारन के तौर पर हुई है। मंगलवार बाद दोपहर पटियाला के पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीआईजी पटियाला रेंज कुलदीप सिंह चाहल और एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि शंभू-अंबाला रेलवे मार्ग पर हुए बम धमाके की गुत्थी सुलझाने के लिए एसपी (हेडक्वार्टर) वैभव चौधरी, डीएसपी सुखअमृत सिंह रंधावा, सीआईए पटियाला इंचार्ज प्रदीप बाजवा, सीआईए समाना इंचार्ज अंकुरदीप सिंह, थाना कोतवाली पटियाला के एसएचओ इंस्पेक्टर जसप्रीत सिंह काहलो तथा स्पेशल सेल राजपुरा के इंचार्ज एसआई मनप्रीत सिंह की टीमों का गठन किया गया और कार्रवाई करते हुए आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है।

डीआईजी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में युद्धक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है, जो उन्होंने सीमा पार बैठे अपने आतंकी हैंडलरों की मदद से हासिल किया था।

# यूपी का बांदा दुनिया में सबसे गर्म शहर, पारा 47.6 डिग्री

एजेंसी, नई दिल्ली

जैसलमेर-खजुराहो का तापमान 46 डिग्री



विश्व के सबसे गर्म देशों में सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और कुवैत जैसे देशों का नाम शामिल है। वहीं, अगर अपने देश भारत की बात करें तो सबसे गर्म राज्यों में राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात का नाम आता है, लेकिन यह सारे रिकॉर्ड यूपी के एक जिले ने तोड़ दिया। यूपी का बांदा जिला मंगलवार को विश्व का सबसे गर्म जिला है। यहां का तापमान 47.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

अगर आज विश्व के टॉप 10 सबसे गर्म शहरों की बात करें तो भारत के 10 में से 7 शहर विश्व के टॉप 10 शहरों में शामिल हैं। वहीं, पाकिस्तान के 3 शहर शामिल हैं। विश्व के टॉप-10 शहरों में भारत के बांदा, अमरावती, वर्धा, जैसलमेर, अकोला, बाड़मेर और खजुराहो शामिल हैं। देश का सबसे गर्म जिला माना जाने वाला राजस्थान का जैसलमेर जिला विश्व के टॉप-10 गर्म जिलों की सूची में 6 नंबर पर है। वहीं, पाक के टॉप-10 शहर में नवाबशाह, जकोबाबाद व पाडिदान शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# मानव भारती फर्जी डिग्री घोटालाः 387 करोड़ की अवैध कमाई का खुलासा

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित मानव भारती संस्थान फर्जी डिग्री घोटाले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों के अनुसार यह मामला करीब 387 करोड़ रुपये की अवैध कमाई से जुड़ा है, जिसमें देशभर के छात्रों को एजेंटों और बिचौलियों के जरिए नकली डिग्रियां बेची जाती थीं।

मामले की जांच धर्मपुर थाना में दर्ज एफआईआर के बाद शुरू हुई और बाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच आगे बढ़ाई। जांच में सामने आया कि घोटाले की रकम को अलग-अलग बैंक खातों और निवेशों के जरिए छिपाया गया था।

◆ ईडी की जांच में बड़ा नेटवर्क उजागर, 200 करोड़ की संपत्तियां अटैच

ईडी ने चंडीगढ़, पंचकूला, जीरकपुर और राजपुरा सहित कई स्थानों पर कार्रवाई करते हुए करीब 200 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की हैं, जिनमें रिहायशी और व्यावसायिक संपत्तियां शामिल हैं एजेंसी को हालिया सर्च ऑपरेशन में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और वित्तीय लेन-देन से जुड़े सबूत भी मिले हैं, जिससे पूरे नेटवर्क की और परतें खुलने की संभावना है। मुख्य आरोपी को पहले ही भगोड़ा घोषित किया जा चुका है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# सीएम सुक्खू बोले-नगर निगम चुनावों में पार्टी युवाओं को देगी ज्यादा अवसर

अनंत ज्ञान



राजेश कुमार, धर्मशाला। धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी कभी भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। मंगलवार तक आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सभी आवेदनों पर विचार कर उम्मीदवारों का चयन करेंगे। सीएम ने कहा कि इस बार पार्टी युवाओं को अधिक अवसर देगी और चयन प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

टैक्सी ऑपरेटरों से जुड़ी एटीएस व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाहन पासिंग को लेकर केंद्र सरकार की ओर से जो प्रावधान बताए गए हैं, उस पर राज्य में फिलहाल छूट दी गई है, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। नगर निगम से जुड़े टेंडरों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आचार संहिता के दौरान कोई प्रक्रिया शुरू हुई है तो उसे रोकना होगा। कांगड़ा में एयरपोर्ट विस्तार को लेकर सीएम ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है और 3,500 करोड़ रुपए की इस परियोजना से पर्यटन को नई गति मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय उन्होंने व्यक्तिगत रुचि लेकर आगे बढ़ाया है।

◆ 3500 करोड़ के कांगड़ा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट से पर्यटन को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर राज्य के साथ वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल अपने संसाधनों से विकास कार्य कर रहा है। कांग्रेस संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर पर उन्होंने बताया कि राहुल गांधी इसमें शामिल होंगे, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

# हिमाचल में आचार संहिता से पहले सात एचएएस अधिकारियों के तबादले

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पंचायतीराज चुनाव के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर अहम कदम उठाते हुए सात एचएएस अधिकारियों के तबादले और तैनाती आदेश जारी कर दिए हैं। मंगलवार दोपहर कार्मिक विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार विभिन्न विभागों में जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण किया गया है, ताकि चुनावी अवधि से पहले प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु और प्रभावी बनाया जा सके।





इस फेरबदल के तहत राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के कार्यकारी निदेशक श्रवण कुमार मांटा को अब प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में निदेशक (कार्मिक एवं वित्त) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, हिमफेड के प्रबंध निदेशक जगन ठाकुर को बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अतिरिक्त सचिव (राजस्व) अनिल कुमार को निदेशक (संपदा) का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है।

इसके अलावा हमीरपुर स्थित डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत अनुपम कुमार को हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय का कुल सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, डॉ. (मेजर सेवानिवृत्त) अवनींद्र कुमार को चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में अतिरिक्त निदेशक बनाया गया है। भानु गुप्ता को पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि प्रिया नागटा मातृत्व अवकाश के बाद कार्मिक विभाग (पूल) में रिपोर्ट करेंगी।

# बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर चुनाव आज

एजेंसी, कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के अंतर्गत राज्य की 142 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा। अंतिम चरण में राजधानी कोलकाता के अलावा उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, हुगली, नदिया और पूर्व बर्धमान जिलों में मतदान कराए जाएंगे। इस चरण में 1,448 उम्मीदवार मैदान में हैं। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस ने सभी 142 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि भाजपा 141 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

◆ नंदीग्राम में फिर ममता बनाम शुभेंदु की टक्कर



चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, दूसरे चरण के लिए 1463 नामांकन प्राप्त हुए। इनमें 15 लोगों का नामांकन रद्द कर दिया गया है।

इस चरण में 8 जिलों के कुल 3,21,73,837 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, कोलकाता की भवानीपुर विधानसभा सीट पर सबकी नजरें टिकी है जहां से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मुकाबला नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी से है। वर्ष 2021 के चुनाव में नंदीग्राम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था, जिसमें शुभेंदु अधिकारी ने जीत दर्ज की थी। (अनंत ज्ञान)

# ईरान बोला-नहीं सहेंगे ट्रंप का दबाव

## दावा-ईरान होर्मुज खोलने को तैयार

एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन

ईरान ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका उस स्थिति में नहीं है कि वह दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई निक ने सरकारी टीवी से कहा कि वे ट्रंप का दबाव नहीं सहन करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी गलत मांगों को छोड़ना ही होगा। यह बयान उस समय आया है, जब अमेरिका, होर्मुज को खोलने से जुड़े ईरान के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। अमेरिका, ईरान और इसराइल के बीच फिलहाल युद्धविराम लागू है, लेकिन इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के लिए जो बातचीत चल रही है, उसमें अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है।



इस बीच ईरान पहली बार होर्मुज खोलने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से समुद्री नाकेबंदी हटाने की भी अपील की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने तीन ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है।

# हिमाचल में बारिश से 8-12 डिग्री गिरा पारा, भीषण गर्मी से मिली राहत

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम ने करवट लेते ही भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी है। राज्य के कई हिस्सों में हुई हल्की बारिश के बाद तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। सुंदरनगर, भुंतर और मंडी सहित कई शहरों में पारा 10 से 12 डिग्री तक लुढ़क गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

◆ कल चार जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले छह दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई है। विभाग ने कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में कल के लिए ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है।

इसके अलावा 30 अप्रैल और एक मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में आंधी-तूफान का येलो अलर्ट रहेगा। ताजा बुलेटिन के अनुसार चंबा, मंडी, बिलासपुर, सोलन और शिमला में रात तक हल्की बारिश हो सकती है, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में हल्का हिमपात भी संभव है।

गजब

## शिक्षा विभाग का बड़ा कारनामा, स्कूलों की बजाय डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस में पोस्टिंग

# डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में पढ़ाएंगे 5-5 प्रिंसिपल और टीचर

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हमीरपुर के दोनों डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों को पांच प्रिंसिपल और इतने ही टीचर पढ़ाएंगे। यह हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि तकरीबन 10-11 ऐसे टीचर्स की पोस्टिंग इन्हीं कार्यालयों में हो गई है। यह दोनों कार्यालय इन दिनों इसीलिए अच्छी खासी चर्चा में हैं।

कभी-कभार इक्का-दुक्का व्यवस्था चार दिनों के लिए तो हो जाया करती थी, लेकिन अब तो हालात खतरनाक अंदाज अख्तियार कर चुके हैं। इन कार्यालय में अजीबोगरीब माहौल है क्योंकि इतनी बड़ी तादाद में जब प्रिंसिपल और सीनियर टीचर्स पोस्ट कर दिए जाएंगे, तो फिर वहां क्या कल्चर कैसा होगा,

◆ अध्यापकों को बाबू गिरी का फितूर, छात्रों का क्या कसूर

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

महज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। इन तमाम तकरीबन एक दर्जन अध्यापकों को यहां बगैर पोस्ट के नियुक्ति दी गई है। देखा-देखी में एक के बाद एक यदि पांच प्रिंसिपल एक ही डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में इकट्ठे हो जाएं, तो फिर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल तो छोटे-मोटे नहीं, बड़े अंदाज के खड़े होंगे। कारण यह है कि जिन टीचर्स और प्रिंसिपल्स की तैनाती स्कूलों में होनी चाहिए, वे यदि डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में तैनात कर दिए जाएंगे, बगैर काम के, तो फिर आर्थिक रूप से यह बोझ सरकार और उसके शिक्षा विभाग की दशा दिशा किस तरफ जा रही है? इसका आंकलन अपने आप महज ही किया जा सकता है।

ऐसा नहीं है कि इस तरह की नियुक्तियां पूर्व सरकारों के समय नहीं हुई हों, लेकिन इक्का-दुक्का कुछ समय के लिए व्यवस्था तो हो जाया करती थी। तब भी इसका विरोध खूब होता था, लेकिन अब तो सिस्टम ही बिगड़ गया है जिन कार्यालय में कर्मचारियों के बैठने के लिए सीटिंग प्लान और अन्य चीजों की दिक्कत है, वहां यदि पांच-पांच प्रिंसिपल एक ही कार्यालय में नियुक्त कर दिए जाएंगे तो फिर शाबाशी तो कोई देगा नहीं।

### डिप्टी डायरेक्टर सेकेंडरी में पांच प्रिंसिपल रोजाना लगा रहे हाजिरी

डिप्टी डायरेक्टर सेकेंडरी में पांच प्रिंसिपल अब रोजाना हाजिरी लगा रहे हैं। डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंट्री में भी पांच टीचर और एक प्रिंसिपल की मौजूदगी बनी हुई है। एक टीचर तो बीते रोज ही ज्वाइन किया है। अब यह ज्वॉइनिंग किस संदर्भ में हो रही है यह किसी की समझ में नहीं आ रहा। डायरेक्टर शिक्षा विभाग और सचिव आखिर अपनी जवाब देही से क्यों बच रहे हैं जिन टीचर्स और प्रिंसिपल्स को स्कूलों में होना चाहिए वह डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में बैठाए जा रहे हैं, इससे बड़ी और विडंबना बड़े अधिकारियों के लिए क्या हो सकती है?

### क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर

उधर, हमीरपुर स्थित डिप्टी डायरेक्टर सेकेंडरी मोहिंदर चौहान का कहना है कि प्रिंसिपल यहां ज्वाइन किए हैं लेकिन आदेश ऊपर से है इसलिए वे और कुछ भी नहीं कह सकते। यही स्थिति एलिमेंट्री डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर की है। उनका भी यही कहना था, आदेश ऊपर से हैं, हम कुछ नहीं कह सकते।

### ट्रांसफर होते ही बीमार एडजस्टमेंट पर ठीक

हिमाचल में शिक्षा विभाग की व्यवस्था निराली है। यहां सैकड़ों डीओ नोट तबादलों के लिए पेंडिंग पड़े हुए हैं। लेकिन जुगाड़ बाजी में सब कुछ ठीक चल रहा है। जिनकी 'चल' रही, वे अभी भी ज्वाइन और रिलीव हो रहे हैं। इस तरह का यह खेल शिक्षा व्यवस्था की सेहत के लिए बेहद खराब है। इसे शिक्षा व्यवस्था चलाने वालों को भी पब्लिक या इस व्यवस्था में दूसरे टीचर्स शाबाशी तो नहीं देंगे।

# न्यूजीलैंड एफटीए से हिमाचल के सेब उत्पादकों पर गंभीर संकट बढ़ा

## ऑफ-सीजन में विदेशी सेबों की आमद से बाजार में दबाव की आशंका

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते के बाद हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों के सामने एक नई चुनौती खड़ी होती दिखाई दे रही है। समझौते के अंतर्गत सेब पर आयात शुल्क में की गई कमी ने बागवानों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे विदेशी सेब भारतीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध होंगे, जिससे स्थानीय उत्पादकों की आय प्रभावित हो सकती है।

समझौते के प्रावधानों के अनुसार न्यूजीलैंड से आयातित सेब पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा, हालांकि यह रियायत एक निश्चित कोटा सीमा तक ही लागू रहेगी। प्रारंभिक वर्ष में 32,500 मीट्रिक टन सेब पर यह छूट दी जाएगी, जो अगले छह वर्षों में बढ़कर 45,000 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। इसके अतिरिक्त, निर्धारित सीमा से अधिक आयात पर पूर्ववत 50 प्रतिशत शुल्क लागू रहेगा तथा 1.25 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोग्राम का न्यूनतम आयात मूल्य भी सुनिश्चित किया गया है।

बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार इस निर्णय का सबसे बड़ा प्रभाव बाजार की प्रतिस्पर्धा पर पड़ेगा। न्यूजीलैंड के सेब, विशेषकर आकर्षक पैकेजिंग और गुणवत्ता के कारण, उपभोक्ताओं को अपनी ओर खींच सकते हैं। इससे हिमाचल के पारंपरिक सेबों की मांग में कमी आने और उनके दामों में गिरावट की संभावना है, जिससे किसानों की आय पर सीधा असर पड़ सकता है।

◆ **बागवानों ने सरकार से संरक्षणात्मक नीति अपनाने की उठाई मांग**

### बागवानों के हितों को ठोस व संरक्षणात्मक नीति बनाई जाए: हरीश चौहान

**हिमाचल** प्रदेश संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने कहा कि इस समझौते का सबसे गंभीर प्रभाव ऑफ-सीजन बाजार पर पड़ेगा। भारत में सेब का मुख्य उत्पादन काल अगस्त से नवंबर तक रहता है, जबकि न्यूजीलैंड में उत्पादन इसका विपरीत समय पर होता है। ऐसे में जब स्थानीय सेब को कोल्ड स्टोरेज से बाजार में उतारा जाता है, उसी दौरान विदेशी सेबों की उपलब्धता बढ़ने से कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। उन्होंने चेताया कि ऑफ-सीजन में विदेशी सेबों की आमद से स्थानीय बागवानों को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी और कोल्ड स्टोरेज में रखे सेबों की कीमत गिरने से किसानों को सीधा आर्थिक नुकसान होगा। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस और संरक्षणात्मक नीति तत्काल अपनाई जाए।

# शिमला में मिले मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को पुलिस ने परिजनों तक पहुंचाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मानसिक रूप से कमजोर अस्वस्थ में घूम रहे एक व्यक्ति को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाने में मदद की। यह मामला छोटा शिमला क्षेत्र का है, जहां 26 अप्रैल की रात पुलिस थाना छोटा शिमला को सूचना मिली कि नेगी ढाबा के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूम रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति से बात करने की कोशिश की। पूछताछ के दौरान पुलिस ने उसकी पहचान कर ली और तत्परता से उसके परिवार का पता लगाया। इसके बाद पुलिस ने उसके भाई से संपर्क स्थापित किया और पूरी स्थिति की जानकारी दी। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने उस व्यक्ति को सुरक्षित बस स्टैंड तक पहुंचाया और देहरादून जाने वाली बस में बैठा दिया। यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस ने बस के कंडक्टर को परिजनों का संपर्क नंबर दिया और बस तथा कंडक्टर की जानकारी भी परिवार के साथ साझा की, ताकि रास्ते में संपर्क बना रहे। अगली सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कि वह व्यक्ति सुरक्षित देहरादून पहुंच गया है।

एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस आम लोगों की सुरक्षा और मदद के लिए इसी तरह संवेदनशीलता के साथ काम करती रहेगी।

# केंद्र सरकार की सेब विरोधी नीतियों से बढ़ी चिंता: कुलदीप सिंह राठौर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमालयी क्षेत्रों में सेब उत्पादन से जुड़ी अर्थव्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सेब केवल एक फसल नहीं बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका का आधार है और किसी भी नीति परिवर्तन का सीधा असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

राठौर ने बताया कि भारत का सेब सेक्टर मुख्य रूप से हिमालयी बेल्ट में फैला हुआ है, जहां जम्मू-कश्मीर करीब 76 से 77 प्रतिशत उत्पादन के साथ अग्रणी है, जबकि हिमाचल प्रदेश लगभग 21 से 22 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है। हिमाचल में ही एक लाख पंद्रह हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सेब की खेती होती है और लगभग ढाई लाख परिवार इस पर निर्भर हैं। राज्य की बागवानी आय में सेब का योगदान करीब 80 प्रतिशत तक है, जिससे इसकी अहमियत और भी बढ़ जाती है।

उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि इनसे सेब उत्पादकों की चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। राठौर के अनुसार, प्रधानमंत्री बनने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के बागवानों से सेब पर आयात शुल्क 150 प्रतिशत करने का वादा किया था, लेकिन अब तक यह वादा पूरा नहीं हुआ। उल्टा आयात शुल्क में कमी से विदेशी सेब को बढ़ावा मिला है, जिससे स्थानीय उत्पादकों पर दबाव बढ़ा है।

### घरेलू सेब उद्योग को बड़ा नुकसान होने के आसार

**राठौर** ने यह भी चेतावनी दी कि न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते का सबसे ज्यादा असर नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोरेज से निकलने वाले सेब पर पड़ेगा। उनका कहना है कि इससे घरेलू सेब उद्योग को बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि आयात कोटा और कीमतों की सख्त निगरानी की जाए, साथ ही कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग और परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जाए। इसके अलावा किसानों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने और किसी भी नीति बदलाव से पहले उनसे सलाह लेने की आवश्यकता पर भी बल दिया।



# प्रदेश में अब एटीएस के साथ आरटीओ में भी होगी वाहनों की फिटनेस जांच

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वाहन फिटनेस जांच को लेकर लंबे समय से चल रही असमंजस की स्थिति के बीच राज्य सरकार ने बड़ा और राहत भरा निर्णय लिया है।

कांगड़ा जिले में लागू नई व्यवस्था के तहत अब वाहनों की फिटनेस जांच केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि संबंधित पंजीकरण प्राधिकरण यानी आरटीओ में भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। इससे आम लोगों को हो रही परेशानी को कम करने की कोशिश की गई है।

सरकार का कहना है कि यह फैसला जन-सुविधा और सेवा निरंतरता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। केंद्र सरकार से अंतिम मंजूरी मिलने तक यह अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी। इसी के तहत नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर को निर्देश दिए गए हैं कि 'वाहन' पोर्टल पर पंजीकरण प्राधिकरण द्वारा फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने की सुविधा तुरंत दोबारा सक्रिय की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और प्रक्रिया सुचारू ढंग से चलती रहे।

दरअसल, पहली अप्रैल से कांगड़ा जिले में फिटनेस जांच और प्रमाणपत्र जारी करने की सुविधा पूरी तरह ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के माध्यम से कर दी गई थी, जिससे स्थानीय स्तर पर भारी असुविधा पैदा हो गई थी। निजी ऑपरेटरों ने इसका विरोध भी किया और एक दिन का चक्का जाम कर अपनी नाराजगी जाहिर की। राज्य सरकार ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए केंद्र से छह महीने की छूट की मांग भी की थी, ताकि पारंपरिक व्यवस्था के साथ संतुलन बनाया जा सके। वहीं, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सरकार जिला के 20 हजार से अधिक व्यवसायिक वाहनों के आपरेटरों के साथ खड़ी है।

◆ **लोगों को राहत देने की कोशिश तेज**

◆ **केंद्र से मंजूरी तक अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी**

### लोगों को मिलेगी सीधी राहत

**अब** नई अधिसूचना के बाद कांगड़ा और नगरोटा बगवां के पंजीकरण प्राधिकरणों में यह दोहरी व्यवस्था लागू नहीं होगी, लेकिन अन्य क्षेत्रों में लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यह कदम सरकार के संतुलित और व्यवहारिक समाधान के रूप में देखा जा रहा है, जिससे न केवल प्रशासनिक दबाव कम होगा बल्कि आम जनता को भी सहूलियत मिलेगी और परिवहन व्यवस्था में स्थिरता बनी रहेगी।

## नाथपा बांध पर मॉकड्रिल से आपदा प्रबंधन व्यवस्था का परीक्षण

# सतलुज घाटी में आपदा से निपटने का अभ्यास

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन द्वारा आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नाथपा बांध पर अर्ली वार्निंग सिस्टम संचार व्यवस्था तथा हूटर/सायरन की कार्यक्षमता का आंकलन करने हेतु एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

इस अभ्यास में फ्लैश फ्लड एवं भूस्खलन जैसी आपात स्थितियों का अनुकरण किया गया, जिसमें समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया एवं चेतावनी प्रणालियों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। इस दौरान सतलुज नदी के किनारे नाथपा, भाबानगर, नुगलसरी, जेओरी, झाकड़ी, ब्रो एवं दत्तनगर सहित विभिन्न स्थानों पर सायरन बजाए गए। यह ड्रिल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (किन्नौर, शिमला, कुल्लू), जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, हिमाचल प्रदेश पुलिस, सीआईएसएफ तथा एनजेएचपीएस की टीमों के समन्वय से आयोजित की गई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना, कमियों की पहचान करना तथा आपात स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। आम जनता को पूर्व में ही सूचित किया गया था कि सायरन अभ्यास का हिस्सा हैं, अत: घबराने की आवश्यकता नहीं है।



आपदा से निपटने का अभ्यास करते हुए। अनंत ज्ञान

# फैब्रिकेटेड खबरों से भ्रम फैलाने का षड्यंत्र रच रही कांग्रेस: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

◆ **महिला आरक्षण पर कांग्रेस की भूमिका पर उठाए सवाल**

◆ **28 लाख महिलाओं से किए वादों पर घेरी सरकार**

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने ने कांग्रेस नेता एवं मंत्री हर्षवर्धन चौहान के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को महिला विरोधी बताना पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत राजनीतिक भागीदारी देने के प्रयास के बावजूद कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध कर अपनी मानसिकता उजागर कर दी।



डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों को कमजोर किया। उन्होंने कहा कि जो दल महिलाओं को सत्ता में भागीदारी देने का विरोध करते हैं, वे उनके हितैषी नहीं हो सकते। साथ ही उन्होंने प्रदेश की 28 लाख महिलाओं से 1500 प्रतिमाह देने के वादे को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि पिछले 42 महीनों से महिलाएं इस घोषणा का इंतजार कर रही हैं, जबकि एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण महंगाई बढ़ी है और बिजली, पानी, राशन, सीमेंट तथा परिवहन किराए में वृद्धि से महिलाओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए कांग्रेस झूठी और मनगढ़ंत खबरों के जरिए भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता इस षड्यंत्र को भली-भांति समझ चुकी है और आने वाले समय में महिला शक्ति इसका जवाब देगी।

# शिमला में क्रिकेट का संग्राम शुरू

## देशभर से आए युवा खिलाड़ी टूर्नामेंट में करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन



क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के प्रतिष्ठित बिशप कॉटन स्कूल में अखिल भारतीय इंटर स्कूल मेजर आरके वॉन गोल्डस्टीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हो गया है। यह वार्षिक खेल आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है, बल्कि अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाता है।

देशभर से आए युवा खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार टूर्नामेंट में आठ नामी स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें दिल्ली का वसंत वैली स्कूल, नोएडा का जेनेसिस ग्लोबल स्कूल, लखनऊ का ला मार्टिनियर कॉलेज, सनावर का द लॉरेंस स्कूल, पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर का पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा/पटियाला का यादविंद्र पब्लिक स्कूल और मेजबान बिशप कॉटन स्कूल शामिल हैं। इन सभी संस्थानों के खिलाड़ी मैदान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। टूर्नामेंट का आयोजन मेजर आरके वॉन गोल्डस्टीन की गौरवशाली विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। स्थानीय खेल प्रेमियों में भी इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिससे शिमला एक बार फिर खेल गतिविधियों का केंद्र बन गया है।

# शिमला में चुनाव से पहले सख्ती, सभी लाइसेंसी हथियार जमा करने के आदेश

अनंत ज्ञान

◆ **चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश जारी**

◆ **नगर निकाय और पंचायत चुनावों के मद्देनजर शिमला प्रशासन का बड़ा फैसला**

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला में आगामी नगर निकाय और पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी लाइसेंसधारी हथियार धारकों को अपने हथियार निर्धारित समय सीमा के भीतर नजदीकी पुलिस थाने या अधिकृत शस्त्र जमा केंद्र में जमा कराने होंगे। यह आदेश चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।

प्रशासन का मानना है कि चुनावी माहौल में हथियारों का दुरुपयोग शांति भंग कर सकता है और इससे आम जनजीवन, सुरक्षा तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसी आशंका के चलते यह निर्णय लिया गया है कि सभी लाइसेंसधारी हथियार, जिनमें पिस्तौल, रिवॉल्वर, राइफल, शॉटगन सहित अन्य आग्नेयास्त्र शामिल हैं, उन्हें सात दिनों के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा या 5 मई 2026 तक, जो भी पहले हो। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि इस आदेश में कुछ श्रेणियों को छूट भी दी गई है। सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस, होमगार्ड और वे अधिकारी या कर्मचारी जो कानून-व्यवस्था ड्यूटी में तैनात हैं, उन्हें इस आदेश से बाहर रखा गया है। इसके अलावा वे लोग भी इस दायरे में नहीं आएंगे जो पहले से ही अपने हथियार पुलिस के पास जमा कराने की प्रक्रिया में हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने यह भी कहा है कि समय की कमी और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह आदेश तत्काल लागू किया गया है और आम जनता के हित में है।

# छात्रों को स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

## एसएसबी का योग मिशन पहुंचा स्कूलों तक, राष्ट्रीय विद्या मंदिर में दिखा उत्साह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कुसुंपटी स्थित सशस्त्र सीमा बल दूर संचार प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के 100 दिन के काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय विद्या मंदिर कुसुंपटी में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को योग के महत्व से अवगत करवाते हुए उन्हें विभिन्न योगाभ्यास करवाए गए। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

प्रशिक्षण केंद्र के कमान अधिकारी उप कमांडेंट (संचार) अजय शर्मा के दिशा-निर्देशों में इस योग मिशन को जमीनी स्तर पर गति दी जा रही है। इसके तहत आसपास के विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर लगातार योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों और अध्यापक वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

योग शिविर दल का नेतृत्व निरीक्षक (सामान्य) राजेश कुमार कुशवाहा द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य योग प्रशिक्षकों के रूप में अमित कुमार, हरनाथ सिंह चौहान और सुभाष शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहायक प्रशिक्षकों में अमित विश्वकर्मा, धर्मराज गौतम, रोहित, पृथ्वी, संजीव कुमार और शक्ति शामिल रहे। विद्यालय की ओर से गुरमीत कौर, काजल ठाकुर, पावन ठाकुर और सुशील रनसेता सहित अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने एस.एस.बी. द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।



विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाते प्रशिक्षक। अनंत ज्ञान

# उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत कुमार को दी सम्मानपूर्ण विदाई



विदाई समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ **शिमला में आयोजित समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर हुए शामिल**

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में आयोजित एक गरिमामय समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने डॉ. शर्मा के शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं प्रदेश के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेंगी। उन्होंने उनके स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना भी व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा के कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। वक्ताओं ने कहा कि उनके अनुभव और कार्यशैली ने शिक्षा विभाग को मजबूती प्रदान की है, जिसका लाभ आने वाले समय में भी मिलता रहेगा।

## राहत राजधानी में पेयजल योजना की समीक्षा को पहुंची विश्व बैंक टीम

# एक सप्ताह तक मौके पर जाकर होगी जांच

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में बहुप्रतीक्षित 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना की प्रगति अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी निगरानी में आ गई है। विश्व बैंक की टीम मंगलवार को शहर पहुंची और योजना के कार्यों का जायजा लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस दौरान अधिकारियों और संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ प्रारंभिक बैठक आयोजित कर परियोजना की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार सुबह के समय पहुंचे विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने यूएस क्लब स्थित कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना की प्रगति रिपोर्ट ली। बैठक में निर्माण कार्यों की गति, गुणवत्ता और तय समयसीमा को लेकर विस्तार से मंथन हुआ। बताया जा रहा है कि टीम आगामी एक सप्ताह तक शिमला में रहकर न केवल दस्तावेजों की समीक्षा करेगी, बल्कि विभिन्न स्थलों का दौरा कर जमीनी हकीकत भी परखेगी।

पेयजल योजना, जो शहर में चौबीसों घंटे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है, लंबे समय से चर्चा में रही है। हाल के दिनों में कार्यों में देरी और प्रगति को लेकर उठे सवालों के बीच विश्व बैंक की यह समीक्षा अहम मानी जा रही है। टीम यह भी देखेगी कि परियोजना निर्धारित मानकों के अनुरूप आगे बढ़ रही है या नहीं और कहीं किसी स्तर पर बाधाएं तो नहीं आ रही हैं।



विश्व बैंक की टीम अधिकारियों के साथ पेयजल योजना की समीक्षा बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

◆ **24 घंटे जल आपूर्ति योजना की गुणवत्ता और समयसीमा पर मंथन**

### परियोजना की रफ्तार व जवाबदेही बढ़ने के आसार

**बता** दें कि इस निरीक्षण के बाद परियोजना की रफ्तार और जवाबदेही दोनों बढ़ सकती हैं। यदि कार्य संतोषजनक पाया गया तो आगे की वित्तीय सहायता और समर्थन में भी सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं, वहीं किसी तरह की कमी सामने आने पर सुधारात्मक कदमों की दिशा तय की जाएगी।

# कृषि विवि पालमपुर की भूमि बचाने की लड़ाई में अभाविप को मिली सफलता

अनंत ज्ञान

◆ **सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत**

◆ **टूरिज्म विलेज के नाम पर अधिग्रहण पर रोक, 112 हेक्टेयर भूमि सुरक्षित**

◆ **छात्र हितों और कृषि अनुसंधान की रक्षा का बताया बड़ा निर्णय**

**ब्यूरो, शिमला।** पालमपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय की 112 हेक्टेयर भूमि को टूरिज्म विलेज के नाम पर अधिग्रहित करने के प्रयास पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने इसे अपने लंबे संघर्ष की जीत बताया है। परिषद ने कहा कि यह फैसला न केवल भूमि संरक्षण बल्कि छात्र हितों और कृषि अनुसंधान की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अभाविप हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने जारी बयान में कहा कि परिषद ने प्रारंभ से ही इस निर्णय का विरोध करते हुए धरना-प्रदर्शन, जनजागरण और मीडिया के माध्यम से आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि यह भूमि विद्यार्थियों, शोधार्थियों और वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां कृषि क्षेत्र में लगातार अनुसंधान और प्रयोग किए जाते हैं। यदि इसका अधिग्रहण होता, तो प्रदेश की कृषि प्रगति और छात्रों की पढ़ाई पर गंभीर प्रभाव पड़ता।

उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि टूरिज्म विलेज के लिए किसी अन्य उपयुक्त भूमि का चयन किया जाए, ताकि शिक्षा और पर्यटन दोनों क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके। अभाविप ने स्पष्ट किया कि वह भविष्य में भी छात्र हितों और शैक्षणिक संसाधनों की रक्षा के लिए इसी तरह संघर्षरत रहेगी।

# हिमाचल में बाहर से आने वाली रेत और बजरी पर लगेगा शुल्क

## सरकार ने जारी की अधिसूचना, छोटे वाहनों से 1000 और मल्टी एक्सल से 3000 एंट्री टैक्स तय

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने राज्य में अवैध खनन पर लगाम कसने और राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने अन्य राज्यों से हिमाचल में आने वाली रेत और बजरी पर एंट्री शुल्क लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस निर्णय के तहत अब खनिज सामग्री लेकर राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को निर्धारित शुल्क अदा करना होगा, जिससे खनन गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ सरकारी आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सरकार का कहना है कि यह कदम अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। लंबे समय से पड़ोसी राज्यों से बिना उचित निगरानी के खनिज सामग्री के प्रवेश को लेकर सवाल उठते रहे हैं। नए प्रावधान लागू होने से अब इस पूरे तंत्र को व्यवस्थित किया जा सकेगा और विभागीय स्तर पर पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

अधिसूचना के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली और छोटे वाहनों से 1000 रुपये का शुल्क लिया जाएगा, जबकि सिंगल एक्सल वाहनों से 1500 रुपये और मल्टी एक्सल वाहनों से 3000 रुपये एंट्री टैक्स वसूला जाएगा। यह शुल्क राज्य की सीमाओं पर स्थापित चेक पोस्टों पर लिया जाएगा, जहां खनिज लेकर आने वाले प्रत्येक वाहन की जांच भी सुनिश्चित की जाएगी। उद्योग विभाग के निर्देशों के मुताबिक, शुल्क भुगतान के बाद वाहन चालकों या मालिकों को विभाग की ओर से कन्फर्मेशन रसीद प्रदान की जाएगी। इससे न केवल राजस्व संग्रह का स्पष्ट रिकॉर्ड रहेगा, बल्कि अवैध गतिविधियों पर भी प्रभावी निगरानी संभव हो पाएगी। उल्लेखनीय है कि पड़ोसी राज्य पंजाब में भी इसी तरह की व्यवस्था पहले से लागू है।

सरकार का अनुमान है कि इस नई व्यवस्था से राज्य को सालाना लगभग 30 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो सकती है। आर्थिक दबाव के बीच यह फैसला प्रदेश के वित्तीय संतुलन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है, वहीं निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री के प्रवाह को भी नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

### सख्ती के साथ लागू किया जाएगा फैसला

**सरकार** ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि इस व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। अधिकारियों को चेक पोस्ट संचालन, निगरानी और रिकॉर्ड प्रणाली को मजबूत करने के लिए कहा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नियमों का पालन पूरी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ हो।

## गर्ल्स स्कूल पालमपुर की यथास्थिति बनाए रखने की मांग

◆ **शांता कुमार ने सीएम सुक्खू को लिखा पत्र**

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखकर कन्या स्कूल पालमपुर की यथास्थिति बनाए रखने का आग्रह किया है। उन्होंने इसे क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण समस्या बताते हुए कहा कि यह विद्यालय वर्ष 1868 से बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल से पढ़ी छात्राएं आज विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं और अभिभावक अपनी बेटियों की शिक्षा के लिए इसे प्राथमिकता देते हैं। यह शहर का एकमात्र जमा दो कन्या विद्यालय है, जिसकी ऐतिहासिक और शैक्षणिक पहचान बनी हुई है। शांता कुमार ने बताया कि क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, अभिभावकों और छात्राओं ने उनसे मिलकर इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने सरकार से अपील की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल की यथास्थिति बनाए रखने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाए।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में लोक भवन में राज्य भोज का किया आयोजन

अनंत ज्ञान



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरे, शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में मंगलवार शाम हिमाचल प्रदेश के लोक भवन, शिमला में एक राज्य भोज का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति लगभग शाम 7:00 बजे लोक भवन पहुंचीं, जहां उनका राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, प्रथम महिला सुमित्रा (लेडी गवर्नर) बिंदु गुप्ता तथा हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने गर्मजोशी से स्वागत किया।


इस अवसर पर राज्यपाल और लेडी गवर्नर ने लोक भवन के आथित्य कक्ष में राष्ट्रपति को सम्मानित किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने राज्यपाल के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की और उनसे आत्मीय संवाद किया।

इसके पश्चात राष्ट्रपति ने लोक भवन के दरबार हॉल में आयोजित राज्य भोज में भाग लिया। इस आयोजन में राज्य के अनेक प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनी राम शांडिल उपस्थित रहे।

इसके अलावा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, सांसद सिकंदर कुमार, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष कैप्टन रमेश्वर सिंह, आर्मी ट्रेनिंग कमांड (आरट्रैक) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एसएस दहिया, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिष्ठित नागरिक भी उपस्थित रहे। इस अवसर ने राज्य और केंद्र के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और

# अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बारीकियों को उजागर करती है 'शक्ति की राजनीति': मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के उभरते लेखक अमर कुमार द्वारा रचित पुस्तक शक्ति की राजनीति (पॉवर पॉलिटिक्स) का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लेखक के शोध कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक परिदृश्य में बदलती सत्ता और कूटनीति को समझने के लिए यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगी। विमोचन के दौरान पुस्तक की विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए बताया गया कि यह कृति पॉल एफ. केनेडी के प्रसिद्ध महाशक्तियों के रेखीय पतन के सिद्धांत में महत्वपूर्ण संशोधन प्रस्तुत करती है। लेखक अमर कुमार ने शक्ति राजनीति के नवीन सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है, जिसमें अमेरिका, चीन, रूस और भारत जैसे राष्ट्रों की बदलती वैश्विक भूमिका पर गहन शोध कार्य प्रस्तुत किया गया है।

### वैश्विक मंच पर हिमाचल की मेधा का प्रदर्शन

**पुस्तक** के लेखक अमर कुमार अंतरराष्ट्रीय राजनीति परिषद के सदस्य हैं और हाल ही में वर्ष 2025 में दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित वैश्विक राजनीतिक परिषद की अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस में भी भाग ले चुके हैं। वर्तमान में उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश से राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर अपनी पीएचडी पूर्ण की है। राजनीति में सक्रिय रहे अमर कुमार एनएसयूआई के पूर्व महासचिव भी रह चुके हैं और लगातार वैश्विक मुद्दों पर लेखन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं का वैश्विक अकादमिक स्तर पर इस प्रकार का योगदान राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# चुनाव के समय में ड्रामा करना पीएम मोदी की रणनीति: केसी वेणुगोपाल

अनंत ज्ञान




केसी वेणुगोपाल का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हर चुनाव में पीएम मोदी ऐसे ही ड्रामा करते रहे हैं। उनकी रणनीति बस यही है कि चुनाव के समय ड्रामा किए जाए। यह तीखी प्रक्रिया कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पीएम मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के दूसरे चरण के मतदान से पहले मतदाताओं के लिए बंगला भाषा में दिए संदेश पर मंगलवार को दिल्ली लौटते समय कांगड़ा एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में व्यक्त की। वेणुगोपाल ने कहा कि लोगों की समस्याएं हल नहीं हो रही हैं। पीएम इस देश के लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, बंगाल में भी उन्होंने यही किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार दूसरी तरफ, वह ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और दूसरी पार्टियों के नेताओं को अपने साथ मिला रहे हैं। असल में, वह इस देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर ही बुनियादी हमला कर रहे हैं। कांगड़ा की अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए वेणुगोपाल ने बताया कि यह एक शानदार यात्रा रही। हम यहां पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (लोक लेखा समिति) के एक अनौपचारिक अध्ययन दौरे के हिस्से के तौर पर आए थे। हमने विभिन्न विभागों के साथ चर्चा की नागरिक उड्डयन विभाग के साथ उड़ान योजना के संबंध और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ हिमाचल प्रदेश की सडक़ों और निश्चित रूप से पर्यटन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि मैंने डीसीसी कैंप में हिस्सा लिया और मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के साथ चर्चा की। यह एक बेहतरीन मॉडल है जिसे हम अब इस देश में लागू कर रहे हैं, ताकि हमारी डीसीसी को और मजबूत बनाया जा सके। हमारी मुख्य इकाई डीसीसी ही है, हमने एक ऐसी चयन प्रक्रिया तैयार की है जिसके जरिए हर जिले में सक्षम व्यक्तियों की पहचान की जा सके। यह चयन प्रक्रिया वरिष्ठ नेताओं और अन्य पदाधिकारियों द्वारा मिलकर पूरी की जाती है और इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह पैदा होता है।

# छठी कक्षा की अंग्रेजी पुस्तक में किन्नौर को लिखा 'ट्रांसजेंडर'

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, धर्मशाला।** इस शैक्षणिक सत्र से हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में अंग्रेज़ी माध्यम शुरू किया गया है। छठी कक्षा की पाठ्यपुस्तक हिमाचल की लोक संस्कृति और योग का अंग्रेजी माध्यम अनुवाद किया गया है। इसमें मशीनी कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग प्रतीत हो रहा है। इस पुस्तक के पृष्ठ संख्या 16 और 37 पर जिला किन्नौर का नाम ही ट्रांसजेंडर यानि किन्नर कर दिया गया है। इससे जिला का नाम ही किन्नर हो गया जो कि एक बड़ी त्रुटि है। इस प्रश्न में पूछा गया है कि इन जिलों का हिमाचल में विलय या गठन कब हुआ और विकल्प में दिए नामों में बिलासपुर, कांगड़ा, कुल्लू, डलहौजी के अलावा ट्रांसजेंडर शब्द लिखा है। हिंदी माध्यम की किताब नें यह विकल्प किन्नौर प्रिंट था। पृष्ठ 37 पर भी प्रदत्त सूची में क्रमांक 3 पर हिंदी माध्यम पुस्तक में जिले का नाम किन्नौर और अंग्रेजी माध्यम पुस्तक में ट्रांसजेंडर लिखा है। यदि प्रूफ रीडिंग हो जाती तो शायद यह गलती सुधर जाती। यही नहीं, पृष्ठ 17 पर सन् 1972 को 19712 लिखा है और पेज 43 पसर 5302 को 53027 प्रिंट किया है। ऐसे में इस त्रुटि को ठीक करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि मशीनी अनुवाद को चैक किए बिना प्रिंट करने से अनेकों नुकसान सम्भव हैं। ऐसे में 16 साल से हिंदी माध्यम में प्रिंट हो रहे इस विषय का अंग्रेजी मीडियम जांचा जाए और ये त्रुटियां अलगे सत्र से हटाई जाएं। इसके अलावा हिंदी माध्यम में पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं।

## नशीली दवाओं पर शिकंजा, मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट में नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए एक मेडिकल स्टोर का कॉस्मेटिक लाइसेंस रद्द कर दिया है। साथ ही दुकान को 15 दिनों तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई 8 अप्रैल को ड्रग इंस्पेक्टर अंब और पुलिस टीम द्वारा की गई संयुक्त छापेमारी के बाद सामने आई। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में करीब 800 प्रीगाबेलिन कैप्सूल बरामद हुए, जिन्हें नशीले उपयोग से जोड़ा जा रहा है। जांच के दौरान दवाइयों के रिकॉर्ड और भंडारण में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। विभाग ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब असंतोषजनक मिलने पर लाइसेंस रद्द कर दिया गया। सहायक औषधि नियंत्रक अनूप शर्मा ने बताया कि मामले में आगे कानूनी कार्रवाई जारी है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# रोहड़ू फायरिंग मामला: महिला की मौत पर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश, एक सप्ताह में सच्चाई आएगी सामने

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू तहसील के अंतर्गत ग्राम कुलगांव में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान हुई फायरिंग की दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना में चिड़गांव तहसील के ग्राम अंधरा की निवासी रितिका की मौत हो जाने से लोगों में गहरा आक्रोश और चिंता का माहौल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 196 के तहत इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और विस्तृत जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि घटना के पीछे की सच्चाई सामने लाई जा सके और जिम्मेदारों को चिन्हित किया जा सके।

जांच की जिम्मेदारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा को सौंपी गई है, जिन्हें सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि जांच पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से की जाएगी। अधिकारी को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि घटना तक पहुंचने वाली पूरी घटनाओं की श्रृंखला का क्रमवार विश्लेषण किया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आखिर किस परिस्थिति में फायरिंग जैसी गंभीर घटना घटी। इसके साथ ही मृतका की मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि भी जांच का अहम हिस्सा होगा।

प्रशासन ने जांच अधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि घटना में शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका और जिम्मेदारी तय की जाए। आयोजन के दौरान सुरक्षा प्रबंधों में किसी भी प्रकार की चूक या लापरवाही की गहराई से पड़ताल की जाएगी। इसके अलावा शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत नियमों के उल्लंघन की संभावना की भी जांच की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हथियार का उपयोग किन परिस्थितियों में और किस वैधता के साथ किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में किसी भी प्रशासनिक या प्रक्रियागत त्रुटि को भी चिन्हित किया जाएगा, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके

### दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा: डीसी

**उपायुक्त** अनुपम कश्यप ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रशासन इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रहा है और भविष्य में ऐसे आयोजनों के दौरान सुरक्षा मानकों को और कड़ा किया जाएगा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## पेंशन न मिलने से बुजुर्ग परेशान, जयराम ने सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अप्रैल समाप्त होने को है, लेकिन एचआरटीसी पेंशनरों को अब तक पेंशन नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेंशन के लिए तय 15 तारीख भी केवल कागजों में रह गई है और पेंशनर इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। उनका कहना था कि शादियों के इस मौसम में पेंशन न मिलने से बुजुर्गों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जबकि तीन साल से मेडिकल बिलों का भुगतान भी लंबित है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधते हुए कमला नेहरू अस्पताल से गायनी विभाग को आईजीएमसी शिफ्ट करने के फैसले को अव्यावहारिक बताया। उन्होंने कहा कि बिना तैयारी के लिए गए इस निर्णय से महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है और अस्पतालों के बीच आवाजाही में मरीजों की जान तक जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोबोटिक सर्जरी को बढ़ावा देने के नाम पर यह फैसला लिया गया, लेकिन अब तक एक भी सर्जरी रोबोट से नहीं हुई है।

# अनुराग ठाकुर के साथ पीएसी कमेटी के सांसदों ने निहारा धर्मशाला का स्टेडियम



धर्मशाला स्टेडियम का भ्रमण करने के दौरान अनुराग ठाकुर व अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने धर्मशाला के एचपीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लोक लेखा समिति के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर उन्हें विश्व के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में से एक एचपीसीए स्टेडियम का भ्रमण कराया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीनियर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद सीएम रमेश, कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल, अमर सिंह और जनसेना सांसद वी. बालाशोरी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल को स्टेडियम की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में खेल, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने में स्टेडियम की भूमिका पर प्रकाश डाला। यह दौरा भारतीय क्रिकेट में उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुके इस स्टेडियम को प्रदर्शित करने और राज्य की प्रगति में इसके योगदान को दिखाने में सहायक रहा। एचपीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के विकास के बाद धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल मैचों ने घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की निरंतर आमद बढ़ाई है, जिससे स्थानीय पर्यटन को बहुत बढ़ावा मिला है और क्षेत्र में पर्याप्त राजस्व उत्पन्न हो रहा है। स्टेडियम ने होटल, रेस्तरां, टैक्सी ऑपरेटर्स, टूर एंड ट्रैवल एजेंसियों, स्थानीय कारीगरों और छोटे विक्रेताओं सहित अनेक सहायक व्यवसायों को सीधा लाभ पहुंचाया है। इससे कांगड़ा घाटी में हजारों परिवारों को रोजगार के अवसर बढ़े हैं, होटलों में अधिकतम ऑक्यूपेंसी दरें बढ़ी हैं और समग्र आर्थिक उन्नति हुई है।

# प्रदेश में चारों नगर निगमों में जीत का लक्ष्य लेकर उतरेगी भाजपा




दीप कमल में आयोजित बैठक में नगर निगम चुनावों को लेकर मंथन करते भाजपा नेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ **भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बनाया चुनावी खाका**

**ब्यूरो, शिमला।** आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर प्रदेश की सियासत तेज हो गई है, इसी कड़ी में भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीप कमल में आयोजित एक अहम बैठक में प्रदेश नेतृत्व ने चारों नगर निगमों में जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण मंथन किया।

इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में जयराम ठाकुर, श्रीकांत शर्मा और संजय टंडन सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में मंडी, सोलन, पालमपुर और धर्मशाला नगर निगमों के लिए अलग-अलग रणनीति तय की गई और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया।

इन नेताओं ने स्पष्ट किया कि चुनाव में स्थानीय मुद्दों, जनसंपर्क और संगठनात्मक मजबूती को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर हर वार्ड तक पहुंच सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई, ताकि मतदाताओं के बीच पार्टी की पकड़ मजबूत हो सके और चुनावी माहौल को अपने पक्ष में किया जा सके।

डॉ. बिंदल ने कहा कि नगर निगम चुनाव पार्टी के चुनाव चिह्न पर लड़े जाएंगे और भाजपा पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच प्रमुख मुद्दा बनाया जाएगा और पार्टी संगठन की एकजुटता के दम पर चारों नगर निगमों में जीत हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

**इंटरव्यू** बिलासपुर में चुनावी सरगर्मियां तेज, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव ने भरी जीत की हुंकार

# पंचायत चुनावों में जनता का मिलेगा समर्थन: हीरापाल

*बिलासपुर में आगामी पंचायती चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में हीरापाल सिंह ठाकुर (पूर्व प्रदेश महासचिव, कांग्रेस पार्टी) ने संगठन की तैयारियों, महिला आरक्षण, युवाओं की भागीदारी और सरकार के कार्यकाल पर विस्तार से अपनी राय रखी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस जमीनी स्तर पर मजबूत स्थिति में है और आने वाले चुनावों में जनता का समर्थन पार्टी के पक्ष में दिखाई देगा। दैनिक अनंत ज्ञान के बिलासपुर जिला के ब्यूरो प्रभारी अरुण डोगरा रीतू ने उनसे खुलकर बातचीत की प्रस्तुत हैं बातचीत के मुख्य अंश...*




**सवाल: आगामी पंचायती चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी की क्या तैयारियां हैं?**

**जवाब:** कांग्रेस पार्टी इन चुनावों के लिए तैयार है। जमीनी स्तर पर संगठन सक्रिय है और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि जनता इस बार कांग्रेस के पक्ष में फैसला करेगी।

**सवाल: नगर निगम और पंचायती चुनावों में क्या अंतर रहेगा?**

**जवाब:** नगर निगम के चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़े जाएंगे, जबकि पंचायती राज के चुनाव परंपरागत रूप से पार्टी चिन्ह पर नहीं होते। इसके बावजूद कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार मजबूती से मैदान में उतरेंगे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

**सवाल: मुख्यमंत्री के उस बयान पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है जिसमें कहा गया कि कोई भी चुनाव लड़ सकता है?**

**जवाब:** मुख्यमंत्री के इस बयान से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष है। एक तरफ भाजपा हर सीट पर एक व्यक्ति को उतार रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसा बयान देना भ्रम पैदा करता है। कांग्रेस को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

**सवाल: महिला आरक्षण को लेकर आपकी क्या राय है?**

**जवाब:** भाजपा इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रही है। हकीकत यह है कि कांग्रेस पार्टी ने पंचायती राज व्यवस्था में पहले से ही महिलाओं को 33% आरक्षण दिया हुआ है। कांग्रेस हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के पक्ष में रही है।

**सवाल: क्या आप इन चुनावों को विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखते हैं?**

**जवाब:** बिल्कुल, ये चुनाव विधानसभा चुनाव की रिहर्सल साबित होंगे। कांग्रेस पार्टी इसमें सफल रहेगी और यही जीत आने वाले विधानसभा चुनावों में भी दोहराई जाएगी। जनता का रुझान स्पष्ट रूप से कांग्रेस की ओर है।

**सवाल: युवाओं की भागीदारी को आप कैसे देखते हैं?**

**जवाब:** आज के समय में युवा बड़ी संख्या में आगे आ रहे हैं, जो एक सकारात्मक संकेत है। अब जमाना युवाओं का है और वे नई सोच और ऊर्जा के साथ राजनीति में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे व्यवस्था में बदलाव आएगा।

**सवाल: अब तक के कार्यकाल में सरकार के कामकाज को आप किस तरह देखते हैं व पंचायत चुनावों में उसका क्या असर रहेगा?**

**जवाब:** मौजूदा सरकार का अब तक का कार्यकाल सकारात्मक व जनहितकारी रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है और ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। सड़क, पानी, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में काम हुआ है, जिससे लोगों में विश्वास बढ़ा है। पंचायत चुनावों में इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। जनता विकास व स्थिरता के आधार पर निर्णय लेगी। मुझे लगता है कि इन चुनावों में सरकार के कामकाज को समर्थन मिलेगा और इससे आगे भी विकास की गति बनी रहेगी।

**सवाल: आपका अंतिम संदेश क्या है?**

**जवाब:** मैं जनता से अपील करता हूं कि वे विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति को चुनें। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी।

# 100 साल पुराने ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला का दर्जा घटाने का विरोध

## सीनियर सेकेंडरी से किया हाई स्कूल; अभिभावकों ने जताई नाराजगी, चंबा व हमीरपुर के बच्चे भी ले रहे स्कूल में शिक्षा

◆ कहा- अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे सरकार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। सौ वर्ष पुराने ब्वॉयज स्कूल को सीनियर सेकेंडरी से हाई करने को लेकर अभिभावकों में नाराजगी देखी जा रही है। इसके चलते मंगलवार को स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक स्कूल परिसर पहुंचे थे। धर्मशाला के साथ हमीरपुर व चंबा से भी बच्चे इस स्कूल में पढ़ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि एनसीसी सहित अन्य सुविधाएं देखकर ही बच्चों को इस स्कूल में प्रवेश दिलाया था, लेकिन बच्चों के साथ अन्य भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ऐसे में अभिभावकों ने प्रदेश सरकार से वर्ष 1926 में स्थापित ब्वॉयज स्कूल को हाई करने के निर्णय पर पुनर्विचार का आग्रह किया है।

स्कूल पहुंचे बच्चों के अभिभावकों से मिलने उपनिदेशक उच्च शिक्षा कमलेश कुमारी भी पहुंची थी, जिन्होंने अभिभावकों से बैठक करके उनसे बच्चों को समझाने की बात कही। गौरतलब है कि पहले ब्वॉयज स्कूल को गर्ल्स स्कूल में मर्ज किया गया था, बाद में गर्ल्स स्कूल को ब्वॉयज में मर्ज कर स्टाफ को ब्वॉयज स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया था। इसके उपरांत मर्जिंग को रद्द कर गर्ल्स स्कूल को सीबीएसई स्कूल बना दिया गया, जबकि ब्वॉयज स्कूल में सीबीएसई में प्रवेश ले चुके बच्चे, गर्ल्स स्कूल जाने से इनकार कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि सौ वर्ष पुराने स्कूल का दर्जा घटना सही नहीं है।



स्कूल प्रबंधन से मिलने पहुंचे बच्चों के अभिभावक। अनंत ज्ञान

### बच्चे व अभिभावक दुविधा में: सीमा देवी

अभिभावक सीमा देवी का कहना है कि ब्वॉयज स्कूल में जो बच्चे एडमिशन ले चुके हैं, उनकी पढ़ाई यहीं करवाई जाए। स्कूल को सीनियर सेकेंडरी किया जाना चाहिए। बच्चे और अभिभावक दुविधा में हैं कि बच्चों को इसी स्कूल में रखें या अन्य स्कूल में ले जाएं। सत्र के बीच के बजाय मार्च से पहले इस तरह के निर्णय लिए जाने चाहिए थे।

### सीबीएसई न सही, सीसे किया जाए स्कूल: पूजा

ब्वॉयज स्कूल की एसएमसी की प्रधान पूजा ने कहा कि पहले स्कूल को सीबीएसई किया था, अब इसे पुनः एचपी बोर्ड के तहत लाकर हाई स्कूल कर दिया गया है। यहां विज्ञान की प्रयोगशालाएं बेहतर हैं। बॉयज स्कूल में डे-वॉर्डिंग स्कूल करने की बात कही थी, उसका क्या होगा। सरकार से यही मांग है कि बॉयज स्कूल को भले ही एचपी बोर्ड के तहत ही रखा जाए, लेकिन सीनियर सेकेंडरी किया जाए।

### एनसीसी के लिए हमीरपुर से लाकर बच्चे को दिलाई एडमिशन: सीमा

अभिभावक सीमा ने कहा कि हम अपने बच्चे को हमीरपुर से एनसीसी के लिए ब्वॉयज स्कूल में लेकर आए हैं, क्योंकि यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध है। बच्चों को अब गर्ल्स स्कूल में जाने के लिए कहा जा रहा है। एक बच्चा जो दसवीं में एचपी बोर्ड से पढ़ता है, जमा एक सीबीएसई से करता है और जमा दो फिर से एचपी बोर्ड से करता है तो बच्चे परेशान होंगे। हम अपने बच्चों को ब्वॉयज स्कूल में ही पढ़ाएंगे। हम अपने बच्चों को इसी स्कूल में पढ़ाएंगे, चाहे अंदर न आने दें।

### हाई के बजाय सीसे किया जाए स्कूल: राज सिंह

अभिभावक राज सिंह ने कहा कि बॉयज स्कूल बहुत पुराना स्कूल है। दिव्यांग बच्चे भी यहां पढ़ाई करते हैं। सरकार से यही मांग है कि बॉयज स्कूल को पहले की तरह सीनियर सेकेंडरी किया जाए।

### ब्वॉयज स्कूल में हर सुविधा उपलब्ध: कमला देवी

अभिभावक कमला देवी ने बताया कि वह सिंहुता से यहां किराए पर मकान लेकर बच्चों की पढ़ाई के लिए रह रही हैं। स्कूल में हर सुविधा उपलब्ध है, इसीलिए बच्चों ने यहां पढ़ने की इच्छा जताई थी।

### अपग्रेडेशन के बजाय घटा दिया दर्जा : संजीव

अभिभावक संजीव ने कहा कि स्कूलों को अपग्रेड किया जाता है, जबकि बॉयज स्कूल का दर्जा घटाया जा रहा है। सौ वर्ष पुराना स्कूल है, इस स्कूल को यथावत रखा जाना चाहिए। कक्षाएं स्मार्ट हैं, ग्राउंड भी अच्छा है, आसपास के बच्चों के यही स्कूल बेहतर है।

### असमंजसता दिखा रहे अभिभावकों को समझाया: उपनिदेशक

उपनिदेशक उच्च शिक्षा कमलेश कुमारी ने बताया कि ब्वॉयज स्कूल में बच्चों के अभिभावक आए थे, जिनको समझाया गया है। अभिभावकों का कहना था कि उनके बच्चे छठी कक्षा से इसी स्कूल में पढ़े हैं तथा स्कूल से उन्हें लगाव हो गया है तथा बच्चे स्कूल से जाने से कतरा रहे हैं। नई जगह जाकर बच्चा नई चीजें सीखता है। अभिभावक, स्कूल बदलने को लेकर असमंजसता दिखा रहे हैं, उनसे बच्चों को समझाने की बात कही गई है। गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई पैट्रर्न अच्छे से चलेगा। अब ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला हाई हो गया है। यदि अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चे सीबीएसई में ही पढ़ें तो उन्हें गर्ल्स स्कूल में जाना पड़ेगा। ब्वॉयज स्कूल में अब लड़कियां भी छठी से दसवीं तक पढ़ाई कर सकती हैं।

# 27 साल बाद भी दौलतपुर स्कूल का निर्माणाधीन भवन अधूरा: भंडारी

## बोले- विकास के दावों की खोल रहा पोल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर का निर्माणाधीन भवन आज भी अधूरा पड़ा है, जो विकास के दावों की पोल खोलता नजर आता है।



हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सेवानिवृत्त प्रिंसिपल कल्याण भंडारी ने इस मुद्दे को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। भंडारी ने कहा कि इस भवन की आधारशिला करीब 27 वर्ष पूर्व तत्कालीन मंत्री चौधरी विद्यासागर द्वारा रखी गई थी, लेकिन आज तक इसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए शर्मनाक बताते हुए प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का उदाहरण करार दिया। प्रस्तावित योजना के अनुसार भवन में धरातल तल और प्रथम मंजिल पर दो बड़े हाल, सीढ़ियां और बरामदे बनाए जाने थे, जिसके लिए लगभग 41.94 लाख रुपए का संशोधित बजट तय किया गया था। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 400 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन कमरों की भारी कमी के कारण बच्चों को उचित सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं।

भंडारी ने इसे बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन बताते हुए 'प्रशासनिक आतंकवाद' तक कह डाला। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस 27 वर्षों की देरी की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस परियोजना को मिशन मोड में छह महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### विलवा घाटी पंचायत में जांचा 114 लोगों का स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने मंगलवार को संसारपुर टैरेस के अंतर्गत ग्राम पंचायत विलवा घाटी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का नेतृत्व एमओ डॉक्टर विकास जरियाल ने किया, जिसमें कुल 114 मरीजों की जांच की गई। इनमें 78 मरीजों के लैब परीक्षण किए गए। जांच में 8 हड्डी रोगी, 4 शुगर के मरीज, 5 रक्तचाप के मरीज, 1 स्त्री रोगी तथा 96 सामान्य रोगी पाए गए। सभी मरीजों को उचित जीवनशैली और खानपान संबंधी सलाह दी गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### 9 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा के अध्यक्ष चिराग भानु सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई को सभी जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत में बैंक मामलों, श्रम विवाद, बिजली-पानी बिल, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस, भूमि और लंबित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक भाग लेकर अपने मामलों का शीघ्र समाधान करवाएं।

### लग बलियाना स्कूल में बताए आग से बचने के उपाय

अनंत ज्ञान, गरली। ग्रीष्म ऋतु में बढ़ती वन अग्नि की घटनाओं को देखते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लग बलियाना में विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जंगलों में आग लगने के कारण, उसके दुष्प्रभाव और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र सिंह बनयाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वन मित्र कुमारी आरजू ने बताया कि बढ़ते तापमान, सूखा मौसम और मानवीय लापरवाही से जंगलों में आग का खतरा बढ़ जाता है। इससे वन्य जीव, पेड़-पौधे और पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि जंगलों में आग न लगाएं, जलती हुई वस्तुएं न फेंकें और आग लगने पर तुरंत सूचना दें। प्रवक्ता संजीव राणा ने भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### भूकंप से बचाव को लेकर करवाई मॉक ड्रिल

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के थुरल में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भूकंप से बचाव के लिए व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को आपदा के समय सुरक्षित रहने की जानकारी देना था। सायरन बजते ही छात्रों ने अपनी-अपनी मेजों के नीचे सुरक्षित स्थान ग्रहण किया। दूसरे सायरन पर सभी छात्र सिर को बैग या हाथों से ढकते हुए व्यवस्थित रूप से खुले मैदान में पहुंचे। इस दौरान उन्हें झुको, ढको और पकड़ो की तकनीक का अभ्यास भी कराया गया। शिक्षकों ने सभी छात्रों की गिनती कर सुनिश्चित किया कि कोई अंदर न छूटा हो। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करना और जागरूकता बढ़ाना रहा।

### 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं रिटायर



अनंत ज्ञान, गरली। गरली आंगनबाड़ी सर्कल में मंगलवार को एक साथ पांच कार्यकर्ता व सहायिकाओं के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लंबे समय तक बच्चों, महिलाओं और समाज सेवा से जुड़ी इन कर्मियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह का आयोजन बाल विकास परियोजना अधिकारी परागपुर बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया, जबकि सुपरवाइजर संदीप कुमार की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्प, उपहार, चाय और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। निर्मला देवी ने 36 वर्ष से अधिक सेवा दी, जबकि सौभा देवी शर्मा, बीना देवी, लाजो देवी और बबली ने भी वर्षों तक समर्पित सेवाएं प्रदान कीं। सभी के योगदान की सराहना की गई।

# कार सवारों से 4.40 किलोग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। सोमवार रात को जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर ऑल्टो कार में सवार दो लोगों के कब्जे से 4.40 किलोग्राम चरस बरामद की।

आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय गोपाल तथा 40 वर्षीय सुरेंद्र कुमार, दोनों निवासी तहसील आनी, जिला कुल्लू के रूप में की गई है। एसआईयू की टीम जब गश्त पर थी तो गुप्त सूचना मिली कि बनूरी-पंचरुखी लिंक रोड़ पर श्मशानघाट के समीप दो वाहनों में कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में चरस लेकर बिक्री की फिराक में बैठे हैं। एसपी जिला कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि सूचना की गंभीरता को देखते हुए जिला की विशेष टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। इस दौरान मौके पर मौजूद दो वाहनों में से ऑल्टो कार में दो लोग बैठे मिले। वाहन की तलाशी लेने पर कुल 4 किलो 40 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके पर ही दोनों कारों को भी पुलिस द्वारा कब्जा में ले लिया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। नशे और अन्य अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आमजन से अपील है कि नशे के सौदागरों की सूचना तुरंत पुलिस को दें-आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी ।




पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार दोनों युवक। अनंत ज्ञान

# आईपीएल मैचों की सुरक्षा को लेकर होंगी चार मॉक ड्रिल

## तैयारी: आंशिक स्टैंड ध्वस्त होने की स्थिति पर हुआ सफल अभ्यास

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। आगामी मई माह में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबलों को देखते हुए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम धर्मशाला में जिला प्रशासन कांगड़ा ने व्यापक आपदा प्रबंधन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बड़ी संख्या में दर्शकों, खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों तथा अन्य अतिथियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में चार अलग-अलग संभावित आपदा स्थितियों से निपटने के लिए अभ्यास कराने का निर्णय लिया गया है।

ईओसी प्रभारी रोबिन कुमार ने बताया कि मंगलवार को स्टेडियम के आंशिक ढांचे के ढहने की स्थिति का अभ्यास सफलतापूर्वक किया गया। इसके बाद 29 अप्रैल को बिना अनुमति ड्रोन प्रवेश और हवाई खतरे से संबंधित अभ्यास होगा। 5 मई को रात के समय आपात स्थिति का अभ्यास किया जाएगा, जिसमें बिजली बाधित होने और कम दृश्यता में सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया परखी जाएगी।

इसी दिन अग्निकांड की स्थिति से निपटने का अभ्यास भी होगा, जिसमें भोजन क्षेत्र या विद्युत कक्ष में आग लगने की स्थिति का अभ्यास किया जाएगा। पहले अभ्यास में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी आपात स्थिति में सभी एजेंसियां तेजी और समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि आयोजन सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।



आज हवाई खतरे से संबंधित अभ्यास होगा। अनंत ज्ञान

### चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा ने स्लम क्षेत्रों के 16 बच्चों का करवाया दाखिला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। महिला एवं बाल विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट कांगड़ा ने अप्रैल माह के दौरान विभिन्न स्लम क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर 16 बच्चों का विद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित करवाया। टीम ने पालमपुर, मारंडा, कछियारी, जसूर और चामुंडा मंदिर के आसपास के स्लम क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन बच्चों की पहचान की गई जो स्कूल नहीं जाते थे या पढ़ाई छोड़ चुके थे और अपने परिवार के साथ काम करने या भीख मांगने को मजबूर थे। जिला प्रभारी मनमोहन चौधरी ने बताया कि चामुंडा क्षेत्र से बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला कराया गया। कछियारी से 9 बच्चों और अन्य क्षेत्रों से भी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया गया। 14 अन्य बच्चों का जल्द दाखिला कराया जाएगा। टीम ने कहा कि बच्चों की नियमित पढ़ाई और उपस्थिति पर भी निगरानी रखी जाएगी तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

# इच्छी के नजदीक नेशनल हाईवे पर दुर्घटना का न्योता दे रहा पेड़

अनंत ज्ञान



गगल। इच्छी के नजदीक पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक झुका हुआ पेड़ लगातार बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन यह पेड़ अभी तक प्रशासन की नजर से अनदेखा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क पर अक्सर वीआईपी आवागमन भी होता है, इसके बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

लोगों का कहना है कि समय रहते इस पेड़ को हटाया जाना चाहिए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। यदि यह पेड़ गिरता है तो किसी वाहन या राहगीर को गंभीर नुकसान हो सकता है। इस संबंध में माउंट व्यू पब्लिक स्कूल इच्छी के प्रधानाचार्य दिनेश मोगरा ने बताया कि वे जल्द ही इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग को लिखित शिकायत देंगे। वहीं स्थानीय विधायक पवन काजल ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद वे उपमंडल अधिकारी से बात कर पेड़ को हटवाने की प्रक्रिया शुरू करवाएंगे। स्थानीय लोग प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी को रोका जा सके।

### नारी शक्ति से छल करने वालों को जनता देगी जवाब: नीलम

अनंत ज्ञान, गरली। महिला आरक्षण और नारी सशक्तिकरण के मुद्दे पर प्रदेश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। भाजपा महिला मोर्चा संगठनात्मक जिला देहरा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीलम राणा ने विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देश में महिला आरक्षण और सशक्तिकरण की चर्चा जोर पकड़ रही है, लेकिन विपक्षी दलों ने हमेशा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सीमित करने का प्रयास किया है। नीलम राणा ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण के मुद्दे पर विरोध कर विपक्ष ने अपनी सोच स्पष्ट कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंचों पर महिलाओं के हितों की बातें करने वाले दल वास्तविक निर्णयों के समय पीछे हट जाते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में नारी शक्ति निर्णायक भूमिका निभाएगी और महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ सोच रखने वालों को जनता जवाब देगी।

# कंडवाल में 6 .63 ग्राम चिट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



इंदौरा। नूरपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए सीआईए टीम ने कंडवाल पुलिस चौकी के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को जांच के लिए रोका।

नियमित गश्त और चेकिंग के दौरान की गई इस कार्रवाई में तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 6.63 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय दानियाल उर्फ मंजू (44 वर्ष) निवासी गांव जेंट, डा. रामनगर दरिन्नीं, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (नंबर HP 38 E 1151) को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है ताकि इस अवैध नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और स्रोतों का पता लगाया जा सके। नूरपुर पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में नशे के खिलाफ सख्त संदेश देता है।

# पुलिस की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 19 भारी वाहन जब्त

◆ एक ट्रैक्टर का भी मौके पर किया चालान

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा की ओर से अवैध खनन के खिलाफ अपनाई गई 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत बीती रात कंडवाल, इंदौरा और मण्ड क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर मौजूद रहे और थाना इंदौरा व नूरपुर की टीमों के साथ मिलकर दबिश दी गई।

अभियान के तहत पुलिस ने खनन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 20 वाहनों के विरुद्ध कानूनी कदम उठाए। थाना इंदौरा क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में की गई छापेमारी के दौरान 17 भारी मल्टी-एक्सल ट्रकों को अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर जब्त किया गया। इसके अलावा एक ट्रैक्टर को नियमों के उल्लंघन पर मौके पर ही चालान किया गया। वहीं, थाना नूरपुर पुलिस टीम ने प्रभावी नाकाबंदी के दौरान दो अन्य भारी ट्रकों को कब्जे में लेकर जब्त किया। इस प्रकार कुल 19 भारी वाहनों को पुलिस द्वारा जब्त किया गया है, जिन्हें खनन और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आगामी वैधानिक कार्रवाई के लिए अदालत में भेजा जा रहा है। एसपी ुलभूषण वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जिले में प्राकृतिक संसाधनों की अवैध निकासी पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर गश्त और औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के खिलाफ पुलिस का सख्त रुख आगे भी जारी रहेगा।



पुलिस की ओर से जब्त किए गए वाहन। अनंत ज्ञान

### संसारपुर टैरेस में संकरे मोड़ पर ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा। संसारपुर टैरेस क्षेत्र के वुडुआंदीवां के पास डाडासीबा सड़क पर मंगलवार सुबह लगभग 8:30 बजे एक सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब सामने से आ रही बस को पास देने के प्रयास में चालक ने ट्रैक्टर को नियंत्रित करने की कोशिश की। संकरे व तीखे मोड़, कम जगह तथा सड़क किनारे बने गड्ढों के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चालक उमेश चंद निवासी बाड़ी ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और काफी प्रयास के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल को तुरंत बीबीएमबी अस्पताल तलवाड़ा में भर्ती करवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही संसारपुर टैरेस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में संकरा मोड़ और सड़क किनारे गड्ढों को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि घायल की हालत अब खतरे से बाहर है और उसका एक्स-रे करवाया गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नितेश कौंडल ने कहा कि सड़क किनारे गड्ढों की मरम्मत जल्द करवाई जाएगी।

कृषि विश्वविद्यालय भूमि अधिग्रहण मामला

# सुप्रीम कोर्ट में प्रदेश सरकार की करारी हार: त्रिलोक कपूर

◆ भाजपा ने इसे जनता और संस्थान की जीत बताया

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय की भूमि को पर्यटन ग्राम परियोजना के लिए उपयोग करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार की याचिका खारिज किए जाने के बाद प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने इस निर्णय को पालमपुर की जनता, विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त जीत बताया है।



उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें विश्वविद्यालय की बेशकीमती भूमि को पर्यटन परियोजना के लिए अधिग्रहित करने का प्रयास किया गया था। कपूर के अनुसार, इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय की भूमि को पर्यटन विकास के लिए हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था। इस कदम के खिलाफ विश्वविद्यालय प्राध्यापक संघ ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसके बाद स्थगन आदेश जारी हुआ था।

भाजपा नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी रहेगा। उन्होंने इसे सरकार की बड़ी प्रशासनिक विफलता बताते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। कपूर ने कहा कि यह निर्णय स्पष्ट करता है कि शैक्षणिक संस्थानों की भूमि का मनमाने ढंग से उपयोग नहीं किया जा सकता और यह विश्वविद्यालय की स्वायत्तता की जीत है।

# धर्मशाला ब्वॉयज स्कूल का दर्जा बहाल करने की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी एक महत्वपूर्ण मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ (एचजीटीयू) ने सरकार से आग्रह किया कि ऐतिहासिक महत्व वाले राजकीय ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला का पूर्व दर्जा बहाल किया जाए। संघ का कहना है कि इस विद्यालय का दर्जा घटाने से न केवल स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संघ के खंड अध्यक्ष एवं राज्य प्रेस सचिव डॉ. संजय चौधरी, महासचिव परवीन कुमार, उपाध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, वित्त सचिव विमला कुमारी और प्रेस सचिव कपिल कुमार सहित खंड धर्मशाला की समस्त कार्यकारिणी ने संयुक्त रूप से यह मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय वर्षों से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता आ रहा है और इसका सामाजिक व शैक्षणिक महत्व अत्यंत व्यापक रहा है।

नेताओं ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में इस पाठशाला का दर्जा घटाकर हाई स्कूल कर देना एक ऐसा निर्णय है, जिसने स्थानीय समुदाय में निराशा का माहौल पैदा कर दिया है। धर्मशाला के नागरिकों और अभिभावकों में इस फैसले को लेकर असंतोष देखा जा रहा है, क्योंकि इससे बच्चों के भविष्य और शिक्षा के अवसरों पर असर पड़ सकता है। संघ ने सरकार से अपील की है कि वह इस निर्णय की पुनः समीक्षा करे और विद्यालय को उसके पुराने स्वरूप-राजकीय माध्यमिक पाठशाला (लड़के)-के रूप में बहाल किया जाए।

# मेडिपर्सन एक्ट की तर्ज पर एचआरटीसी ड्राइवर्स और कंडक्टर को मिले सुरक्षा

## प्रदेश एचआरटीसी ड्राइवर्स यूनियन ने की बैठक, कहा- मांग न मानी तो किसी भी हद तक जाएंगे

◆ 1 हजार ड्राइवर्स की हो भर्ती 500 नई डीजल गाड़ियों की सरकार करे व्यवस्था


बैठक के दौरान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष मान सिंह ठाकुर व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एचआरटीसी ड्राइवर्स व कंडक्टर्स के साथ आए दिन हो रही मारपीट पर गहरा मंथन किया गया है। इस संबंध में सरकार व निगम प्रबंधन को मांगपत्र सौंपकर मेडिपर्सन एक्ट की तर्ज पर सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी, अन्यथा यूनियन किसी भी हद तक जाने से गुरेज नहीं करेगी।

इसके साथ ही यूनियन ने प्रदेश में एक हजार निगम ड्राइवर्स की भर्ती करने और 500 नई डीजल गाड़ियों का इंतजाम करने की भी मांग उठाई है। एचआरटीसी ड्राइवर्स यूनियन हिमाचल प्रदेश की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को धर्मशाला में प्रदेशाध्यक्ष मान सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निगम ड्राइवर्स की समस्याओं पर मंथन कर निर्णय लिए गए। मान सिंह ने बताया कि ओवरटाइम नाइट, एरियर, ड्राइवर्स की भर्ती के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। सरकार से मांग की है कि जाती है कि प्रदेश में एक हजार के करीब ड्राइवर्स की भर्ती की जाए। ड्राइवर्स की कमी के चलते कार्यरत ड्राइवर्स को छुट्टियां नहीं मिल रही, काम के दबाव में ड्राइवर्स के साथ उनके साथ कभी भी कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि निगम की गाड़ियों की दशा खराब है, जगह-जगह गाड़ियां खड़ी हो रही हैं। स्पेयर पार्ट्स की कमी है, मैकेनिक का भी अभाव है। सरकार से मांग है कि 500 डीजल गाड़ियां खरीदी जाएं। उन्होंने कहा कि यूनियन ने निर्णय लिया है कि उक्त मांगों को लेकर इसी माह प्रबंधन को एक मांग पत्र दिया जाएगा, यदि प्रबंधन ने मांगों को नहीं माना तो एक माह के बाद यूनियन नोटिस देकर यूनियन किसी भी हद तक जा सकती है, यदि एचआरटीसी बसों को बंद करना पड़ा तो भी यूनियन पीछे नहीं हटेगी। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि ड्राइवर्स को खराब गाड़ियों को न ले जाने की बात कही है, क्योंकि खराब गाड़ियां ड्राइवर्स के साथ सवारियों के लिए खतरनाक है। ड्राइवर्स की प्रमोशन को रोका जा रहा है, जबकि अन्य कर्मियों की दो बार प्रमोशन हो चुकी है।

# राष्ट्रपति के दौरे के दृष्टिगत एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों पर अस्थायी रोक: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** महामहिम राष्ट्रपति के 30 अप्रैल को चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर पालमपुर और बैजनाथ उपमंडलों में पैरा ग्लाइडिंग, ड्रोन उड़ान, हॉट एयर बैलूनिंग सहित सभी एयरो स्पोर्ट्स एवं हवाई गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेशों के अनुसार 30 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से दोपहर एक बजे तक पालमपुर और बैजनाथ उपमंडलों में सभी प्रकार की एयरो स्पोर्ट्स एवं हवाई गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। यह निर्णय राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान बड़ी संख्या में मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के पालमपुर आगमन की संभावना है, जिसके दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। जिला पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एवं निगरानी एजेंसियों को सुरक्षा, सर्विलांस तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्रोन अथवा अन्य एरियल सर्विलांस उपकरणों के उपयोग की छूट रहेगी।

# जिले का पहला हिम-ईरा शी हाट एवं स्किल अपग्रेडेशन सेंटर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक अहम पहल की गई है। चामुंडा माता मंदिर के समीप जिले का पहला हिम-ईरा शी हाट एवं स्किल अपग्रेडेशन सेंटर शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने किया। करीब 40 लाख रुपए की लागत से बने इस केंद्र में एथनिक रेस्टोरेंट, रूरल हाट, वर्कशॉप एरिया, चार कमरों का गेस्ट हाउस, ग्रीन स्पेस और बच्चों के लिए पार्क की सुविधा उपलब्ध है। यहां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं हस्तशिल्प और जैविक उत्पादों की बिक्री कर सकेंगी। रेस्टोरेंट में पारंपरिक व्यंजन स्थानीय महिलाओं की ओर से अपने खेतों के ताजे उत्पादों से तैयार किए जाएंगे।

साथ ही हर्बल उत्पाद जैसे कैमोमाइल टी, एलोवेरा और ब्लैक तुलसी भी यहां उपलब्ध रहेंगे। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि इस केंद्र को महिलाओं द्वारा संचालित करते हुए इसे आत्मनिर्भर बनाया जाएगा और हर माह होने वाले लाभ को आपस में बांटा जाएगा। परिसर में 30 से अधिक वाहनों की पार्किंग, कार्यशालाओं के लिए स्थान और श्रद्धालुओं के लिए घाट बनाने की भी योजना है। कांगड़ा के बांस शिल्पकार विजय कुमार और कांगड़ा पेंटिंग कलाकार पूनम यहां प्रशिक्षण देंगे। यह केंद्र श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए ठहरने, स्थानीय खानपान और खरीदारी का एक आकर्षक स्थल बनेगा, जिससे महिलाओं को रोजगार और क्षेत्र की संस्कृति को नई पहचान मिलेगी।

## हैप्पी बर्थडे



जसाना की अंशिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक


बलूणी के सचिन और शिवानी को शादी की पहली सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### नंगल चौक के चंदन ने जेई मेन्स में मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नंगल चौक गांव के होनहार छात्र चंदन सपेहिया ने देश की प्रतिष्ठित जेई मेन्स परीक्षा में 98.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चंदन ने अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है। चंदन वरिन्द्र सिंह सपेहिया के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम को दिया है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने चंदन को बधाई दी।

### सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि पालमपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय की 112 हेक्टेयर भूमि को पर्यटन ग्राम के नाम पर अधिग्रहित करने के प्रयास के खिलाफ संगठन की ओर से चलाया गया आंदोलन सफल रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश सरकार के निर्णय पर रोक लगाना स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने बताया कि यह भूमि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां कृषि अनुसंधान और प्रयोग किए जाते हैं। यदि यह भूमि अधिग्रहित होती, तो कृषि शिक्षा और विकास पर गंभीर असर पड़ता। यह निर्णय प्रदेश की कृषि प्रगति और विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

### व्यवसायिक वाहन संघर्ष समिति ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** व्यवसायिक वाहन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विक्की पठानिया के नेतृत्व में परिधि गृह धर्मशाला में मुख्यमंत्री से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मैनुअल आधार पर पासिंग सुविधा शुरू करने का आभार व्यक्त किया है। साथ ही नगरोटा बगवां और कांगड़ा में भी जल्द सुविधा शुरू करने की मांग को उठाया। गौरतलब है कि एटीएस के विरोध में व्यवसायिक वाहन संघर्ष समिति के नेतृत्व में सभी ने आंदोलन शुरू किया था और इसके तहत चक्काजाम भी। इसके बाद उपायुक्त ने आश्वासन दिया था। इसके बाद मामला सरकार से उठाया गया था।

# मुख्यमंत्री ने रैत में लिया बीडीओ भवन के निर्माण कार्य का जायजा


सीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा की व अधिकारियों को दिए निर्देश। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रैत में निर्माणाधीन राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने रैत स्थित खंड विकास कार्यालय (बीडीओ) भवन के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया तथा गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से जनहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

इनमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा, महिला सम्मान निधि के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह सहायता, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार तथा राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना शामिल है।

# झूठे वादों और घोटालों की कांग्रेस सरकार का पंचायत चुनाव में जनता करेगी हिसाब: परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने प्रदेश को विकास के रास्ते से भटका दिया है और बदहाली की ओर धकेल दिया है। परमार ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन सरकार बनने के बाद वे सभी वादे हवा-हवाई साबित हुए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने जनता को राहत देने के बजाय अपने करीबियों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल आश्वासन मिला है, जबकि महंगाई और करों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। सरकार की प्राथमिकता जनता नहीं, बल्कि अपने खास लोगों को लाभ पहुंचाना बन गई है। परमार ने यह भी कहा कि आर्थिक संसाधनों का गलत उपयोग गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता लागू हो गई है और जनता कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार है। भाजपा नेता ने दावा किया कि इन चुनावों में वार्ड पंच से लेकर जिला परिषद तक हर स्तर पर भाजपा की जीत होगी और कांग्रेस को करारा जवाब मिलेगा।

# परागपुर में कांग्रेस ने बनाई चुनावी रणनीति और महिला आरक्षण पर भाजपा को घेरा



नवनियुक्त अध्यक्ष मुल्तान सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परागपुर में मंगलवार को नवनियुक्त जसवां-परागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुल्तान सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरिंदर मनकोटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नए अध्यक्ष का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा।

बैठक में आगामी पंचायती राज चुनावों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुरिंदर मनकोटिया ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव प्रचार में जुटने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए महिला आरक्षण बिल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ है तो 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। उन्होंने जिला परिषद वार्डों के लिए कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा भी की, जिनमें बणी से प्रदीप कुमार, परागपुर से सुशांत मोदगिल, नंगल चौक से नीलम और घाटी वार्ड से अनूप ठाकुर शामिल हैं। बैठक में कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## धर्मशाला में गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# राजस्थान पुलिस, भागसू-11 और खालसा क्लब अमृतसर ने दर्ज की जीत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस मैदान धर्मशाला में चल रहे अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल, कैप्टन दल बहादुर मेमोरियल गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

पहला मुकाबला राजस्थान पुलिस और दूसरी गढ़वाल राइफल्स के बीच खेला गया, जिसमें राजस्थान पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला 3/5 गोरखा राइफल्स और भागसू इलेवन के बीच हुआ। भागसू इलेवन ने 1-0 से जीत हासिल की। तीसरे मैच में आरसीएफ कपूरथला और खालसा क्लब अमृतसर आमने-सामने रहे। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। खालसा क्लब अमृतसर ने 3-2 से जीत अपने नाम की। दिन का चौथा मुकाबला आरबीआई मुंबई और 5/5 गोरखा राइफल्स के बीच खेला गया, जो कि एक-एक से ड्रा रहा।


आरबीआई मुंबई और 5/5 गोरखा राइफल्स ने खेला ड्रॉ। अनंत ज्ञान

# बुजुर्गों ने नैहरनपुखर में गैस, बिजली हॉस्पिटल अव्यवस्था पर किया विरोध


बुजुर्गों ने बुनियादी सुविधाओं पर उठाए सवाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गरली।** देहरा क्षेत्र में बिगड़ती बुनियादी सुविधाओं को लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया है। गैस बुकिंग में देरी, बिजली शिकायत केंद्र की दूरी और अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग सुविधा न होने पर बुजुर्गों ने नैहरनपुखर में हुई बैठक में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेश उप्पल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि देहरा शहर में एलपीजी गैस की बुकिंग 45 दिन में हो रही है, जबकि यह 25 दिन के भीतर होनी चाहिए। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और आम लोगों को परेशानी हो रही है। गैस पाइपलाइन योजना शुरू करने की मांग भी उठाई गई।

बिजली शिकायत केंद्र को शहर से दूर किए जाने का भी विरोध हुआ और बाजार के पास नया केंद्र खोलने की मांग की गई। साथ ही अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग पंक्ति की व्यवस्था न होने पर भी नाराजगी जताई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को लेकर शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# जिलास्तरीय ओपन आर्ट स्पर्धा का परिणाम किया घोषित, 16 मई को सम्मान समारोह


विवेका फाउंडेशन्ज स्कूल मनसिम्बल में 25 अप्रैल को आयोजित की थी प्रतियोगिता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मनसिम्बल में 25 अप्रैल को आयोजित जिलास्तरीय ओपन आर्ट प्रतियोगिता के परिणाम 28 अप्रैल को घोषित कर दिए गए।

इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 16 मई को विद्यालय में आयोजित विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थी वर्ग में ग्रुप ए में रिदम (विवेका फाउंडेशन्ज) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिशा ठाकुर (लॉरेंस विले स्कूल थंडोल) द्वितीय और दैविक भारद्वाज (विवेका फाउंडेशन्ज) तथा कनिश (माउंट कार्मल) तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप बी में ओशिन बख्शी (विवेका फाउंडेशन्ज) प्रथम, आन्वी (माउंट कार्मल) द्वितीय और अथर्व डोगरा (विवेका फाउंडेशन्ज) तृतीय रहे। ग्रुप सी में वान्या (डीएवी आलमपुर) और तन्वी (विवेका फाउंडेशन्ज) ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डी में लविश कौंडल (विवेका फाउंडेशन्ज) प्रथम रहे। ग्रुप ई में अलीशा और रिजुल कटोच (डीएवी आलमपुर) ने प्रथम स्थान हासिल किया। अभिभावक वर्ग की प्रतियोगिताओं में पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और कैप्शन कॉन्टेस्ट शामिल रहे। पेंटिंग में मोनिका राजपूत प्रथम रहीं, जबकि अजयता रियालच और निशा चौहान द्वितीय स्थान पर रहीं। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में कविता भटेरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैप्शन कॉन्टेस्ट में सीमा शर्मा विजेता रहीं। कार्यक्रम में अभिभावकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

# शिवांश ने पास की राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ स्कूल, बैजनाथ के 9वीं कक्षा के होनहार विद्यार्थी शिवांश कटोच (पुत्र सुमेश चंद) ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, चैल (सोलन, शिमला हिल्स) की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस कठिन एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता हासिल कर शिवांश ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक नवनीत डोगरा, प्रधानाचार्य संजय शर्मा तथा समस्त अध्यापक वर्ग ने शिवांश कटोच एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने शिवांश के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

# सौकणी दा कोट पंचायत के चकवन टिल्लू में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विकास खंड धर्मशाला की सौकणी दा कोट पंचायत के वार्ड पांच चकवन टिल्लू में बन रहे जलशक्ति विभाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर विरोध शुरू हो गया है।

मंगलवार को इस ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीण और संबंधित विभाग आमने-सामने आ गए हैं। हालांकि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मौके पर विरोध पर डटे ग्रामीणों को पूरी जानकारी दी कि कब इस परियोजना के लिए प्रक्रिया शुरू हुई थी और कब से विभाग ने कार्य शुरू किया है। वहीं, संबंधित ग्रामीण इस बात पर डटे रहे कि इस प्लांट को अंयत्र जगह बनाया जाए।

ग्रामीणों की ओर से सौकणी दा कोट पंचायत की वार्ड पांच की पूर्व सदस्य तनु रानी के अलावा विरोध में पंचायत के पूर्व प्रधान अमर सिंह, पूर्व उपप्रधान पुनी, हिमाचल किसान सभा ब्लॉक धर्मशाला के अध्यक्ष प्रताप सिंह सहित ग्रामीणों में अंगद राम, माया देवी, बीना देवी, ईश्वर दास, सनी कुमार मंजीत कुमार, निर्मला देवी, शकुंतला देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

पूर्व वार्ड सदस्य तनु रानी ने बताया कि विरोध के बाद पूरी बातचीत संबंधित अधिकारियों से हुई। जिसमें एक सप्ताह का समय दिया गया है कि वह कहीं अन्य भूमि पर प्लांट बनाए। हालांकि ये एनओसी पुरानी पंचायत ने दी थी। लेकिन वह पंचायत मौजूदा स्थितियों से अवगत नहीं थी। यहां दो-दो जल विद्युत परियोजनाओं का दंश पहले ही ग्रामीण भुगत रहे हैं। ऐसे में यदि ये प्लांट बनता है तो और नुकसान लोगों को झेलना पड़ेगा। बरसात के समय अकसर पानी एकत्रित होकर लोगों के घरों में घुसता है। ऐसे में ये प्लांट बनेगा तो और भी दुश्वारियां ग्रामीणों को झेलनी पड़ेगी। इसीलिए ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में एडीसी कांगड़ा को भी ज्ञापन दिया गया है।

> टीम मौके पर गई थी और ग्रामीणों को समझाया गया है कि जब भी कोई स्कीम बनती है, तो उसके लिए संबंधित विभाग जिम्मेदार होता है। 11 करोड़ की इस योजना का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। केवल दो करोड़ से ट्रीटमेंट प्लांट बनना है। एफसीए क्लीयरेंस तभी मिलती है, जब संबंधित विभागों से एनओसी मिलती है। अब यह जमीन विभाग के अधिकार क्षेत्र में है। ग्रामीणों ने एक सप्ताह का समय मांगा है, जोकि दिया गया है।
>
> **-सुमित बिमल कटोच, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग मंडल धर्मशाला।**

## पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

# वरिष्ठ वर्ग में आराध्या और गनिका ने झटका प्रथम स्थान


ज्ञापन सौंपते प्रभावित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परागपुर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम 28 अप्रैल को घोषित किए गए। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय की परिणाम समिति द्वारा सभी पेंटिंग्स का गहन निरीक्षण कर विजेताओं का चयन किया गया। प्रातःकालीन सभा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने विजेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्राथमिक वर्ग में शिवांगी और शब्यम संयुक्त रूप से प्रथम रहे। मिडिल वर्ग में वृतिका शर्मा और अंशिका सूद ने पहला स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में आराध्या पठानिया और गनिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा कई विद्यार्थियों को द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कुल मिलाकर छह विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# धर्मशाला में कांग्रेस के 8 चेहरे फाइनल

## नगर निगम चुनाव: भाजपा में प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन जारी

◆ आज कांग्रेस की दूसरी लिस्ट आने की उम्मीद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम चुनाव को लेकर धर्मशाला में कांग्रेस ने बाजी मारते हुए 8 वार्डों से चेहरे फाइनल कर दिए हैं। वहीं, भाजपा प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन में जुटी हुई है। यही नहीं बुधवार को कांग्रेस, प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर सकती है, जिसकी संभावना जताई जा रही है, क्योंकि बुधवार से ही नामांकन प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

प्रत्याशी फाइनल करने व चयन की प्रक्रिया जहां तेजी पकड़ रही है। वहीं, मेयर व डिप्टी मेयर का आरक्षण रोस्टर घोषित न होने के कारण तस्वीर साफ नहीं हो पा रही है। शिमला के बाद सबसे अहम माने जाने वाले धर्मशाला नगर निगम में चुनावी सरगर्मियां अभी रफ्तार नहीं पकड़ पा रही हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के धर्मशाला के प्रवास के दौरान मंथन के बाद कांग्रेस ने 17 में से पार्टी के 8 चेहरे फाइनल कर बाजी मार ली है। वहीं, बीजेपी की ओर से प्रत्याशियों की सूची जल्द ही फाइनल कर दिए जाने के दावे किए जा रहे हैं। अपने प्रत्याशियों को फाइनल करना भी दोनों दलों के लिए आसान नहीं होगा। कांग्रेस के प्रत्याशियों की फाइनल सूची में शामिल 8 चेहरों में वार्ड 4 से नीनू शर्मा, वार्ड 5 से शैलजा, वार्ड 6 से बबीता ओबराय, वार्ड 10 से सुदेश कुमार, वार्ड 11 से अनुराग, वार्ड 12 से स्वर्णा देवी, वार्ड 15 से रजनी और वार्ड 16 से बबीता शर्मा शामिल हैं। नगर निगम के 17 वार्डों में पार्षद टिकट के लिए दोनों प्रमुख दलों में जोरदार मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा से 56 और कांग्रेस से 54 दावेदारों ने टिकट के लिए आवेदन किया है। वार्ड नंबर-14 कंड में भाजपा से सबसे अधिक आठ आवेदन पहुंचे हैं, जबकि अन्य वार्डों में भी तीन से चार दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। हिमाचल में धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मंडी नगर निगमों के चुनाव को 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल माना जा रहा है। पार्टी चिन्ह पर चुनाव होने के चलते यह मुकाबला भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। दावेदार लगातार बड़े नेताओं से मुलाकात कर समर्थन जुटाने में लगे हैं, साथ ही समाजसेवियों और स्थानीय प्रभावशाली लोगों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों दलों ने मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को चुनावी जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने के बाद यह पहला बड़ा निकाय चुनाव है, जिसे सरकार के कामकाज की अहम परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसो. के चुनाव आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य स्तरीय पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव आज सुबह 11 बजे राज पैलेस गजोह रोपा में आयोजित किए जा रहा है। इन चुनावों में प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा।

### दंगड़ी में शरारती तत्वों ने फसल को जलाया



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत दंगड़ी में गौरी मठ के पास कुछ असमाजिक तत्वों ने गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। जीत सिंह कौंडल ने बताया कि उन्होंने दंगड़ी गौरी मठ के पास जो अपने खेतों में गेहूं काटकर रखी थी कुछ असमाजिक तत्वों की ओर से उस गेहूं को इक्क ट्ठा करके उसे गत रात जलाकर राख कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस बारे में असमाजिक तत्वों के खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवा दी है।

### टोबा स्वास्थ्य केंद्र में किया गुणवत्ता निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत गठित टीम ने जिला बिलासपुर के नयना देवी ब्लॉक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर टोबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। दूसरे दिन हुए इस निरीक्षण में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। पहले दिन डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा और डॉ. विजय ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। डॉ. डोगरा ने बताया कि यह मानक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया एक विस्तृत ढांचा है, जिसके तहत अस्पतालों का मूल्यांकन सेवा, रोगी अधिकार, क्लिनिकल देखभाल और संक्रमण नियंत्रण जैसे बारह क्षेत्रों में किया जाता है। इसका उद्देश्य रोगी-केंद्रित सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है। प्रमाणन के लिए संस्थान को न्यूनतम स्तर प्रतिशत अंक प्राप्त करने होते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने टीम का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित भी किया।

### चमराल स्कूल में बच्चों को बांटी अध्ययन सामग्री



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की चमराल पंचायत के तहत नारायण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट जंगली की ओर से राजकीय प्राथमिक पाठशाला चमराल में 44 बच्चों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी सुनील कुमार तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। ट्रस्ट के संस्थापक मनवीर सिंह (मुनीश कुमार) ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना है। साथ ही गौ सेवा के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में अमरोटा गोशाला में भी चारा उपलब्ध करवाया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल के लिए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया और इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# जल शक्ति विभाग ने बिछाई पानी की पाइप, नगर निगम को सूचना नहीं

## नगर निगम जारी करेगा नोटिस; एक माह पहले उखाड़ी थी गली, मरम्मत न होने से घायल हो रहे बच्चे और बुजुर्ग

अनंत ज्ञान

**अनिल ुमार, हमीरपुर।** शहर में लोगों की सुविधा के लिए कई विकास कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन सरकारी विभाग इसकी जानकारी देना भी उचित नहीं समझते। इसका लापरवाही का खामियाजा उन लोगों को भुगतना पड़ रहा है, जो यहां आ जा रहे हैं। इसका सीधा सीधा यही मतलब है कि विभागों का एक दूसरे से तालमेल नहीं है।

नगर निगम के वार्ड नंबर दो राम गली में रास्ते को पाइप डालने के लिए लगभग एक माह पहले उखाड़ा गया था। ठेकेदार ने पाइप भी बिछा दी, लेकिन अब इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। पानी की बिछाने का मकसद था कि जो कनेक्शन दिए थे वो एक ही जगह से दिए गए थे और वहां पर नाली थी। इसी समस्या के समाधान के लिए जल शक्ति विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से पानी की पाइप बिछा



पाइप डालने के लिए उखाड़ा गया गली का रास्ता। अनंत ज्ञान

दी। अब प्रत्येक घर अपना अलग कनेक्शन ले सकेगा और किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। जल शक्ति विभाग की ओर से कनेक्शन देने का समाधान तो कर दिया लेकिन जिस गली को उखाड़ा गया है उसकी मरम्मत कोई नहीं कर रहा है। इस वजह से गली से जाने वाले विशेषकर बच्चे और बुजुर्ग गिर रहे और घायल हो रहे हैं। इस समस्या से लगभग तीन वार्डों के वार्ड नंबर 2, 3, 4 के लोग प्रभावित हो रहे और इस समस्या से जूझ रहे हैं। वार्ड के लोगों का कहना है कि पाइप तो बिछा दी, लेकिन गली में बने रास्ते से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गली की हालत से साफ पता चल रहा है कि यहां जाना आसान नहीं है। गली में पाइप बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब लोग गली को पक्का होने का इंतजार कर रहे हैं। इस बारे में जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता पंकज धीमान ने बताया कि एक ही जगह से कनेक्शन से नाली की सफाई करना मुश्किल हो रहा था और यह कनेक्शन नाली से गुजर रहे जिसे वहां से हटा दिया है। इस समस्या का समाधान करने के लिए पानी की पाइप बिछा दी है। अब प्रत्येक को आसानी से कनेक्शन दिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि गली में बने रास्ते को नगर निगम इस रास्ते को बनाएगा। वहीं, नगर निगम के सहायक आयुक्त राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि गली में पाइप जल शक्ति विभाग ने बिछाई या किसी प्राइवेट फर्म ने इसकी कोई जानकारी नहीं है। जल शक्ति विभाग ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि पाइप डालने के लिए गली को उखाड़ दिया है। उन्होंने बताया कि पाइप डालने से पहले किसी ने भी इसकी सूचना नहीं दी।

उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग को इस बारे में नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब नगर निगम को इसकी जानकारी ही नही है तो उखाड़ी गई गली को कैसे पक्का किया जाएगा। किसी को तो इस बारे में बताना चाहिए।




## सार्वजनिक स्थानों पर पंफ्लेट बांटे तो होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय और इसके आस-पास के क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे विभिन्न कोचिंग संस्थानों, अन्य शिक्षण संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर बांटे जा रहे पंफ्लेटों, पर्चों और हैंडआउट्स से शहर में रोजाना कचरा फैलने पर नगर निगम हमीरपुर ने कड़ा संज्ञान लिया है। निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने इन कोचिंग संस्थानों, अन्य शिक्षण संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर पंफ्लेटों, पर्चों और हैंडआउट्स का वितरण न करें तथा शहर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पंफ्लेटों, पर्चों और हैंडआउट्स से शहर में आए दिन सड़कों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फैल रहा है। आयुक्त ने कहा कि अगर कोई संस्थान इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम-1994 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 242 ग्राम पंचायतों, 119 बीडीसी वार्डों और 19 जिला परिषद वार्डों के लिए होंगे चुनाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव की घोषणा के साथ ही हमीरपुर जिले में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि हमीरपुर जिले के 6 विकास खंडों में कुल 242 ग्राम पंचायतें, 119 पंचायत समिति वार्ड और 19 जिला परिषद वार्ड हैं। इनमें तीन चरणों में चुनाव करवाए जाएंगे। इनका विस्तृत निर्वाचन कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा। जिला में विभिन्न पंचायतों, पंचायत समिति और जिला परिषद वार्डों का विवरण इस प्रकार है।

## ओबीसी कमीशन में गैर ओबीसी सदस्यों के मनोनयन को लेकर रोष

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग कमीशन में गैर ओबीसी सदस्यों के मनोनयन को लेकर ओबीसी संगठन ने रोष जताया है। यहां जारी प्रेस ब्यान में हिमाचल प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने ओबीसी कमीशन में दो सदस्य गैर ओबीसी नियुक्त किए हैं, जो उचित नहीं है, जिसे लेकर ओबीसी समाज में रोष है। उन्होंने कहा कि ओबीसी कमीशन के पैरा 2 सी में साथ-साथ लिखा है कि कमीशन के मनोनीत किए जाने वाले सदस्य ओबीसी वर्ग से होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ओबीसी वर्ग की संख्या करीब 21 लाख है उनमें काफी लोग योग्य हैं उन्हीं में से ओबीसी कमीशन के सदस्यों की नियुक्ति होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि सरकार अपने इस फैसले को बदल कर ओबीसी वर्ग से मनोनयन किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ऐसा नहीं करती है तो ओबीसी वर्ग को संघर्ष के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# चुनावी 'डुगडुगी' बजते ही भाजपाइयों की बैठकें शुरू

## सुजानपुर नप और भोटा नपं में सरगर्मियां तेज, भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** पंचायत चुनाव की डुगडुगी के बजते ही हमीरपुर जिले में राजनीतिक दलों की सरगर्मी अभी शुरू हो चुकी हैं। भाजपा ने सुजानपुर नप और भोटा नपं के तमाम वार्डों में उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है, लेकिन अभी कांग्रेस की गतिविधियां दूर तक नजर नहीं आ रही हैं।

जिले में केवल दो ही जगह पर शहरी निकाय के चुनाव होंगे। क्योंकि नादौन, बड़सर, भोरंज और हमीरपुर में नया गठन और पुनर्गठन हुआ है, इसलिए वहां के चुनाव फिलहाल कब होंगे? इसका पता नहीं है। जिला परिषद के चुनावों के लिए भी भाजपा ने अंतिम सूची बनाकर प्रदेश नेतृत्व को भेज दी है। इसमें जंगलरोपा वार्ड से सबसे ज्यादा छह लोगों ने आवेदन किए थे, जबकि चमनेड़ वार्ड से रोहित कुमार शर्मा के रूप में एकमात्र उम्मीदवार भाजपा के पास हैं। उन्हीं ने आवेदन किया था।

सुजानपुर में भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर मंगलवार को गतिविधियां बढ़ाए हुए थे, उनकी वहां बैठक भी हुई है। जिला परिषद के वार्डों में एक-एक उम्मीदवार ही पार्टी उतरेगी और इसके लिए सूची तैयार कर ली गई है। इसे अंतिम रूप देने के लिए प्रदेश नेतृत्व को भेजा गया है। एकाध दिन में इस पर मोहर लग जाएगी। नगर पंचायत और नगर परिषद के चुनाव के लिए जिला स्तर पर ही उम्मीदवारों का चयन कर सूची जारी की गई है।

### कांग्रेस की गतिविधि अभी नहीं दिख रही

**कांग्रेस** की गतिविधियां अभी ज्यादा नजर नहीं आ रही हैं, क्योंकि जिला अध्यक्ष सुमन भारती फिलहाल धर्मशाला में पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में व्यस्त हैं। उनके आने के बाद ही पार्टी की गतिविधियों को तेजी मिलने की उम्मीद है। लेकिन इतना जरूर है कि उम्मीदवारों के चयन को लेकर अभी कांग्रेस के भीतर कुछ ऊहापोह वाली स्थिति जरूर है। हमीरपुर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह जिला है और अब क्योंकि स्थानीय निकाय के दो दो जगह सुजानपुर और भोटा में ही चुनाव ही हो रहे हैं, इसलिए महत्वपूर्ण तो यही है कि इन दो चुनावों में पार्टी का कुनबा कितना संगठित होकर काम करेगा? इसकी इंतजार रहेगी।

## डीएवी स्कूल में आद्विक को हेड ब्वॉय और ताश्वी कंवर को चुना हेड गर्ल



डीएवी स्कूल भड़ोली में इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न नेतृत्व पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

आद्विक शर्मा को स्कूल का हेड ब्वॉय तथा ताश्वी कंवर को हेड गर्ल चुना गया। डिप्टी हेड ब्वॉय यशमय और डिप्टी हेड गर्ल अयाना को नियुक्त किया गया। अनुशासन की जिम्मेदारी निभाने के लिए डिसिप्लिन कैप्टन (बॉय) वेदांत तथा डिसिप्लिन कैप्टन (गर्ल) मन्नत को चुना गया। खेल क्षेत्र में नेतृत्व के लिए स्पोर्ट्स कैप्टन (ब्वॉय) रोहन और स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल) आरवी को जिम्मेदारी दी गई। सभी बच्चों ने हमेशा स्कूल के अनुशासन और मूल्यों को आगे बढ़ाने की शपथ ली। बच्चों ने अपनी आगामी योजनाओं और कर्तव्यों के बारे में भी अपने विचार साझा किए। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व जिम्मेदारी और अनुशासन का प्रतीक है। यदि बचपन से ही उनके भीतर नेतृत्व क्षमता, सहयोग, त्याग आदि जीवन मूल्यों का विकास कर दिया जाए तो निःसंदेह वे देश नाम रोशन करेंगे।

## बाप-बेटे के झगड़े के बीच बचाव करने पहुंची मां धक्का लगने से गिरी, मौत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज के अंतर्गत आने वाले लजयाणी गांव में एक परिवार में आपसी घरेलू विवाद के दौरान बाप और बेटे के बीच आपसी झगड़े के बीच-बीच बचाव कर रही मां को धक्का लग गया और उसके गिरने से उसकी मौत हो गई। उक्त व्यक्ति की पत्नी और जिससे उसका झगड़ा हो रहा था, उसकी मां इन दोनों को झगड़ा बंद करने को कह रही थी। घटना के समय दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी चल रही थी। इसी दौरान रत्नी देवी बीच-बचाव करने के लिए मौके पर पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों के लगने या पीछे हटाने की स्थिति में संतुलन बिगड़ने से वह गिर गईं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद परिजनों और आसपास के लोगों ने उन्हें संभालने और सहायता देने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गए हैं। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एचपीवी टीकाकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करें डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी: डीसी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने जिले के सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और हाई एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे 14-15 वर्ष आयु वर्ग की सभी लड़कियों की एचपीवी वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करें, ताकि एचपीवी टीकाकरण अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सके।

मंगलवार को एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने जिले में इस आयु वर्ग की कुल 2967 लड़कियों का पंजीकरण किया है। इनमें से अभी तक 1083 यानी लगभग 36 प्रतिशत लड़कियों को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान में जिला हमीरपुर की रैंकिंग अच्छी है, लेकिन अभी भी लगभग 64 प्रतिशत लड़कियों को ये टीके लगाए जाने शेष हैं। उन्होंने कहा कि सबसे साक्षर एवं विकसित जिलों में शामिल हमीरपुर में इस अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी और शिक्षक आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा लड़कियों एवं उनके अभिभावकों को अतिशीघ्र टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले मेडिकल अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर पीएचसी नाल्टी की प्रभारी डॉ. पूजा कौंडल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। डीसी ने बताया कि पहले ये टीके छुट्टी वाले दिन लगाए जा रहे थे, लेकिन अब 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियां किसी भी दिन अपने नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टीका लगवा सकती हैं। यह टीका लड़कियों को भविष्य में सर्विकल कैंसर से बचाएगा।

## ढोह गांव के एयर कमोडोर भूपेंद्र सिंह कंवर बने एयर वाइस मार्शल

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** हमीरपुर के ढोह गांव से संबंध रखने वाले भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी एयर कमोडोर भूपेंद्र सिंह कंवर को पदोन्नत कर एयर वाइस मार्शल बनाया गया है।

उन्होंने 13 अप्रैल 2026 को असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (पर्सनल एंड सिविलियन) का पदभार ग्रहण किया। लगभग 34 वर्षों की उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवा के बाद उनकी यह उपलब्धि न केवल हमीरपुर बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

एयर वाइस मार्शल कंवर सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा से एयर कमोडोर बनने वाले पहले अधिकारी रहे हैं और इसके बाद एयर वाइस मार्शल के पद तक पहुंचने वाले भी प्रथम अधिकारी हैं।

उनके सम्मान में क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली से प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

उनका जन्म ढोह गांव में हुआ और प्रारंभिक शिक्षा कंजियांण तथा ऊना में हुई। वर्ष 1987 में उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश लिया और दिसंबर 1991 में भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग नेविगेशन शाखा में कमीशन प्राप्त किया। उन्होंने एचएस-748 एव्रो, एएन-32 और आईएल-76 जैसे विमानों पर 4000 से अधिक उड़ान घंटे पूरे किए हैं। उन्होंने नेविगेशन इंस्ट्रक्टर, चीफ नेविगेशन इंस्ट्रक्टर और नेविगेशन ट्रेनिंग स्कूल के कमांडिंग ऑफिसर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं। साथ ही दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एयर डिफेंस बेस का नेतृत्व किया और कर्नाटक-गोवा में एनसीसी के उप महानिदेशक के रूप में लगभग 95 हजार कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। वे डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के स्नातक हैं और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान सहित कई संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं। उन्हें विशिष्ट सेवा पदक सहित कई सम्मान प्राप्त हुए हैं, जो उनकी उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण हैं।

## हिम अकादमी स्कूल विकास नगर में 'हेल्थ फर्स्ट' जागरुकता व्याख्यान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में 6वीं से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरुकता पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता, शारीरिक फिटनेस तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पूजा भारद्वाज (बीएएमएस), जनरल प्रैक्टिशनर (इंटीग्रेटेड मेडिसिन) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार हम अपने शरीर को बैक्टीरिया से मुक्त रख सकते हैं, नियमित रूप से पानी पीने का महत्व क्या है तथा आज की तेज जीवनशैली में मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना क्यों आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को फास्ट फूड से दूर रहने तथा पौष्टिक और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत अकादमिक कोऑर्डिनेटर मनीषा मरवाह एवं बैंड हेड द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत गरिमामय बन गया। यह स्वास्थ्य वार्ता विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई। इससे उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी और प्रेरणा प्राप्त हुई।



विद्यार्थियों को मिला स्वस्थ जीवन का संदेश। अनंत ज्ञान

# नगर पंचायत भोटा के लिए भाजपा ने की प्रत्याशियों ने नामों की घोषणा

## जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर और मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने जारी की सूची



प्रदेश सचिव अमित, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल सहित अन्य मौजूद रहे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोटा।** भारतीय जनता पार्टी ने नगर पंचायत भोटा के आगामी चुनावों को लेकर सभी सात वार्डों के लिए अपने पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

यह घोषणा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला प्रभारी एवं प्रदेश सचिव अमित ठाकुर, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल तथा बड़सर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा की उपस्थिति में की। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, जिला महामंत्री अजय रिंटू, ढटवाल मंडल अध्यक्ष यशवीर पाटयाल, भोरंज मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित अन्य नेता शामिल रहे। घोषित प्रत्याशियों में वार्ड नंबर 1 रविदास नगर से बीना कुमारी, वार्ड नंबर 2 इंदिरा नगर से अश्वनी सोनी, वार्ड नंबर 3 कृष्णा नगर से रिंका देवी, वार्ड नंबर 4 नरैण नगर से लता कुमारी, वार्ड नंबर 5 राजीव नगर से ज्योति वर्धन, वार्ड नंबर 6 लोहिया नगर से मुख्तियार सिंह तथा वार्ड नंबर 7 ज्वाला नगर से अनिल कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य नगर पंचायत में स्वच्छता, बुनियादी ढांचे का विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना है। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि सभी प्रत्याशी जमीनी कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने लंबे समय से जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही है और विकास को प्राथमिकता देते हुए भोटा को आदर्श नगर पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया है।

## सुजानपुर नगर परिषद चुनाव के लिए भी प्रत्याशियों की सूची जारी




अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के आगामी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने इस बार अधिकतर पूर्व पार्षदों पर भरोसा जताते हुए अनुभवी चेहरों को मैदान में उतारा है। कुल नौ वार्डों में से छह महिला प्रत्याशियों को भी चुनाव में अवसर दिया गया है। घोषित सूची में वार्ड नंबर 1 (अनुसूचित जाति पुरुष आरक्षित) से बलविंदर सिंह, वार्ड नंबर 2 (अनारक्षित) से श्रवण कुमार, वार्ड नंबर 3 (अनारक्षित) से तिलकराज कश्यप तथा वार्ड नंबर 4 (अनारक्षित) से कमलेश चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह वार्ड नंबर 5 से शिवानी ठाकुर, वार्ड नंबर 6 से अनीता मेहरा, वार्ड नंबर 7 से मधु, वार्ड नंबर 8 से ज्योति शर्मा और वार्ड नंबर 9 से मीनाक्षी महाजन को प्रत्याशी घोषित किया गया है। बैठक में सुजानपुर मंडल अध्यक्ष जसवंत ठाकुर और बमसन मंडल अध्यक्ष डॉ. विक्रम ठाकुर की अध्यक्षता में प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई गई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# 8 माह से पानी के बिलों पर सस्पेंस, बढ़ा जनाक्रोश, जल शक्ति विभाग से जवाब तलब

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर चंबा में असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। पिछले आठ महीनों से जल व सीवरेज बिलों की भुगतान प्रक्रिया अचानक ठप होने से आम जनता गहरे असमंजस में है।

इस मुद्दे को लेकर चंबा के सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों व जागरूक नागरिकों ने अधिशासी अभियंता, जल शक्ति विभाग मंडल चंबा को एक कड़ा स्मरण पत्र सौंपते हुए स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई है। स्मरण पत्र में कहा गया है कि सितंबर 2025 के बाद से विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के बिलों का भुगतान लेना बंद कर दिया, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम व चिंता की स्थिति पैदा हो गई है। इससे पहले वर्ष 2025 की शुरुआत में ही पानी व सीवरेज शुल्क में भारी बढ़ोतरी की गई थी, साथ ही जल मीटर अनिवार्य करने और अनुपालन न होने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी भी दी गई थी। इन फैसलों का उस समय भी व्यापक विरोध हुआ था। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए नागरिकों ने आरोप लगाया कि फरवरी 2026 में दिए गए पहले ज्ञापन के बावजूद विभाग ने अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया, न तो कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया गया व न ही समस्या के समाधान के लिए कोई बैठक बुलाई गई। इससे लोगों में यह आशंका भी गहराने लगी है कि कहीं भविष्य में लंबित बिल एकमुश्त वसूले न जाएं। चंबा के लोग अब रोजाना विभागीय दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। सामाजिक संगठनों का कहना है कि प्रशासन की यह चुप्पी न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि जनहित के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। स्मरण पत्र के माध्यम से विभाग से चार अहम सवालों के जवाब मांगे गए हैं, जिनमें बिल भुगतान पर रोक का कारण, इसकी अवधि, भविष्य की नीति व संभावित आर्थिक बोझ को लेकर स्पष्टता शामिल है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि विभाग जल्द लिखित स्पष्टीकरण जारी करे या फिर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जनता के सामने सच्चाई रखे। अब देखना यह है कि जनता के बढ़ते जनदबाव के बीच जल शक्ति विभाग कब तक चुप्पी साधे रहता है, या फिर जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाता है।

# चंबा में मेगा मॉक ड्रिल: आपदा से निपटने की तैयारियों का अभ्यास

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा जिला में प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित बनाने को लेकर जिला प्रशासन, राष्ट्रीय जल विद्युत निगम विद्युत परियोजना-2 और 3 के संयुक्त तत्वावधान से एक मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान भारी बारिश और बादल फटने के चलते रावी नदी में अचानक बाढ़ और राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए पर भारी भूस्खलन के कारण रजेरा में बिजली बोर्ड के पावर स्टेशन में भारी नुकसान और चमेरा-2 बिजली परियोजना में शार्ट सर्किट से आग लगने से संभावित खतरे को आधार मानकर आपदा परिदृश्य की स्थिति में परिचालन तत्परता, समन्वय तंत्र और वास्तविक समय प्रतिक्रिया क्षमता के परीक्षण का एक बड़े पैमाने पर अभ्यास किया गया। सुबह 10 बजे राष्ट्रीय जल विद्युत परियोजना चमेरा-2 के मुख्य प्रबंधक को बांध प्रभारी से क्षेत्र में भारी बारिश और अचानक बाढ़ की सूचना मिलते ही जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफ को सूचित करने के पश्चात जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को अलर्ट भेजा गया। स्टेजिंग एरिया कमांडेंट सीआईएसएफ पवन कुमार और असिस्टेंट कमांडेंट श्रीहर्ष ने राष्ट्रीय जल विद्युत परियोजना की ओर से विशेष भूमिका का निर्वहन किया। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ने तुरंत आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को सतर्कता संदेश भेजा। सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, अग्निशमन, होमगार्ड, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, ईपैक्स्थो सिक्योरिटी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बचाव दल स्टेजिंग एरिया करियां हेलीपैड को तत्काल रवाना हुए। रजेरा पावर स्टेशन चमेरा-2 और करियां में रावी नदी के किनारे राहत व बचाव कार्यों के लिए आवश्यक मशीनरी, उपकरणों सहित बचाव दलों, मेडिकल रिस्पांस टीम को भेजा गया। करियां के पास बढ़े जलस्तर में फंसे लोगों व रजेरा विद्युत परियोजना स्टेशन चमेरा-2 से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए बचाव दल ने समन्वय आधारित गतिविधियों से तेज जल प्रवाह में बचाव कार्यों के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बचाव पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान महाप्रबंधक चमेरा पावर स्टेशन-2 पंकज कुमार सिंह परियोजना प्रमुख विद्युत, अजय श्रीवास्तव चमेरा पावर स्टेशन-2 व परियोजना प्रमुख विद्युत टीकेश्वर प्रसाद चमेरा पावर स्टेशन-3, कार्यकारी निरीक्षक अमर उज्जयन, कंपनी कमांडेंट होमगार्ड मानसिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरोल मेडिकल कॉलेज भवन की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकास की नई उम्मीद माने जा रहे पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के नए भवन से चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार यह भवन अभी औपचारिक उद्घाटन का इंतजार ही कर रहा है, लेकिन उससे पहले ही इसकी निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मुख्य गेट पर लगी पट्टियां उखड़कर गिर रही हैं। यह स्थिति न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि यहां आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। उनका कहना है कि जब भवन की हालत उद्घाटन से पहले ही ऐसी है, तो भविष्य में इसकी मजबूती व सुरक्षा को लेकर भरोसा करना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में जल्दबाजी की गई व घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ, जिसकी वजह से यह स्थिति सामने आई है। यह भवन चंबा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उम्मीद लेकर आया था, लेकिन मौजूदा हालात ने इन उम्मीदों पर सवालिया निशान लगा दिया है, अब सभी की निगाहें प्रशासन और संबंधित विभाग पर टिकी हैं कि वे इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

# बहाली नहीं, तो ठप होगी परियोजना, बैरा स्यूल में 8वें दिन हुआ उग्र आंदोलन, चक्का जाम की चेतावनी



दुनी चंद की नौकरी बहाली को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** बैरा स्यूल परियोजना में मजदूरों का गुस्सा अब उबाल पर है। बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के नेतृत्व में दुनी चंद की नौकरी बहाली को लेकर जारी धरना-प्रदर्शन मंगलवार को आठवें दिन और अधिक उग्र हो गया। लगातार बढ़ते आक्रोश ने साफ संकेत दे दिए हैं कि यदि जल्द फैसला नहीं हुआ, तो परियोजना पूरी तरह ठप हो सकती है। धरना स्थल पर मजदूरों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर और अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध की मौजूदगी में आंदोलन को और धार दी।

यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर ने दो टूक कहा कि अब मजदूर पीछे हटने वाले नहीं हैं। यह सिर्फ एक कर्मचारी की बहाली नहीं, बल्कि हर मजदूर के सम्मान और भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने साफ किया कि अगर प्रबंधन ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को उच्च स्तर तक ले जाया जाएगा। मजदूर एकजुट हैं और अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा। सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दुनी चंद की बहाली नहीं की गई, तो प्रबंधन को ट्रेड यूनियन की सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ेगी, जिसके गंभीर परिणाम होंगे। इस बीच प्रबंधन ने आज शाम 4 बजे यूनियन को वार्ता के लिए बुलाया है, जिसे लेकर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हालांकि, यूनियन ने स्पष्ट कर दिया है कि यह बैठक निर्णायक होनी चाहिए, वरना आंदोलन को चक्का जाम और हड़ताल में बदलने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। मजदूरों का कहना है कि यह आंदोलन अब सिर्फ एक मांग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह श्रमिक अधिकारों की बड़ी लड़ाई बन चुका है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो आने वाले दिनों में बैरा स्यूल परियोजना में कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो सकता है।

# डलहौजी में स्मार्ट बिजली मीटर विवाद जबरन स्थापना के आरोपों से बढ़ा तनाव

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में स्मार्ट बिजली मीटरों की कथित जबरन स्थापना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।



2022 चुनाव में पूर्व प्रत्याशी और सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सरीन ने इस पूरे मामले पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे उपभोक्ता अधिकारों से जुड़ा बड़ा मुद्दा करार दिया है। सरीन का कहना है कि क्षेत्र के कई हिस्सों से शिकायतें मिल रही हैं कि उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर लगाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में इनकार करने पर बिजली आपूर्ति काटने की चेतावनी तक दी जा रही है। उन्होंने साफ कहा कि यदि यह सच है, तो यह कानून और उपभोक्ता अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा कि स्मार्ट और प्रीपेड मीटर अनिवार्य नहीं, बल्कि पूरी तरह वैकल्पिक हैं। इसके बावजूद यदि लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। सरीन ने बिजली अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं का जिक्र करते हुए कहा कि कानून उपभोक्ताओं को विकल्प देता है, न कि बाध्यता।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना बकाया के बिजली काटना नियमों के खिलाफ है और मीटर का प्रकार भी उपभोक्ता की सहमति से तय होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी तकनीकी व्यवस्था लागू करने से पहले व्यापक जन-जागरूकता और पारदर्शिता जरूरी थी, जो स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रही। मामले को और राजनीतिक रंग देते हुए सरीन ने क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सीधे जनता की जेब और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा है, ऐसे में जनप्रतिनिधि की खामोशी लोगों के असमंजस को और बढ़ा रही है।

सरीन ने स्मार्ट मीटर प्रणाली के व्यवहारिक पहलुओं पर भी कई अहम सवाल उठाए जैसे बैलेंस खत्म होने पर तुरंत बिजली कटेगी या नहीं, खराबी की स्थिति में मुआवजा मिलेगा या नहीं और वर्तमान लेट फीस व्यवस्था का विकल्प क्या होगा। उनका कहना है कि इन बुनियादी सवालों के जवाब न मिलने से लोगों में भ्रम और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पूरी जानकारी दिए जिस तेजी से यह प्रक्रिया लागू की जा रही है, वह संदेह पैदा करती है और भविष्य में किसी बड़े घोटाले का रूप ले सकती है। अंत में सरीन ने सरकार से मांग की कि जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए, लोगों को जागरूक किया जाए और पूरी व्यवस्था को स्वैच्छिक बनाया जाए।

# पुनर्गठित ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना के तहत जिला चंबा में पंचायतीराज संस्थाओं के अंतर्गत सृजन, पुनर्गठन व समावेशन में शामिल ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड भटियात, चंबा, मैहला व सलूणी की चयनित ग्राम पंचायतों में यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत समोट, ओसल, जसूर एवं देवी देहरा, विकास खंड चंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उदयपुर, भनोता, सरू एवं चनेड, विकास खंड मैहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाट, सराहन, राड़ी, किलोड़, सुनारा, घलुण, मैहलोह, कलमला, भटवाड़ा एवं तागी तथा विकास खंड सलूणी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सनूंह, भांदल, भासुआ एवं संघणी शामिल हैं। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2026 के लिए मतदाता सूचियों को अद्यतन करने को लेकर 1 अप्रैल, 2026 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों को तैयार किया गया है।

# एक माह बीता, नाबालिग का कोई सुराग नहीं, 7 दिन का अल्टीमेटम

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के खड़ियारू गांव में नाबालिग के कथित अपहरण के एक महीने बाद भी कोई सुराग न मिलने से हालात विस्फोटक हो गए हैं। गुस्से से उबलते ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि 7 दिन के भीतर नाबालिग का पता लगाओ और दोषियों को गिरफ्तार करो, वरना सड़कों पर जनसैलाब उतरेगा और चक्का जाम होगा।

मंगलवार को भाजपा नेता जय सिंह की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय पहुंच गए, जहां करीब 3 घंटे तक जोरदार धरना-प्रदर्शन व प्रदेश सरकार तथा पुलिस विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान जय सिंह ने प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एक महीने से बच्ची लापता है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद शिकायत दर्ज करवाई गई थी, लेकिन आज तक न तो कोई ठोस सुराग मिला व न ही किसी आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई। इससे पूरे क्षेत्र में भय, आक्रोश और असुरक्षा का माहौल गहरा गया है। पीड़ित परिवार ने दर्द बयां करते हुए कहा कि वे लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। परिवार का यह भी आरोप है कि आरोपी पक्ष द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही हैं, जिससे वे भय के साये में जीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत देने के बावजूद उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। इससे लोगों का भरोसा पुलिस प्रशासन से उठता जा रहा है और गुस्सा उबाल पर है। बढ़ते जनदबाव के बीच डीसी मुकेश रेपसवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चंबा पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं कि तत्काल कार्रवाई कर नाबालिग का सुराग लगाया जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। जय सिंह ने दो टूक कहा, यह केवल एक परिवार का मामला नहीं, पूरे समाज की अस्मिता का प्रश्न है। अगर 7 दिन में न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन उग्र होगा और सड़कों पर चक्का जाम कर दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन तथा प्रदेश सरकार की होगी। अब यह मामला पूरे चंबा जिला में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बन चुका है। आने वाले 7 दिन तय करेंगे न्याय मिलेगा या फिर उग्र जनआंदोलन पूरे क्षेत्र को थाम देगा।



उपायुक्त कार्यालय में धरना-ह्प्रदर्शन के दौरान। अनंत ज्ञान

# निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करें अधिकारी: एडीसी गुरसीमर सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी चुनाव-2026 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर संस्कृति सदन कांगनीधार में मतदान अधिकारियों के लिए पहली रिहर्सल आयोजित की गई। 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए 15 वार्डों के 38 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा।

रिहर्सल में कुल 291 मतदान अधिकारियों ने भाग लिया और उन्हें चुनाव प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान सदर उपमंडल से 66 पीठासीन अधिकारी, 67 सहायक पीठासीन अधिकारी, 74 मतदान अधिकारी-1 तथा 72 मतदान अधिकारी-2 उपस्थित रहे, जबकि बल्ह उपमंडल से 12 अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। एडीसी मंडी गुरसिमर सिंह ने सभी अधिकारियों से पूर्ण जिम्मेदारी, निष्पक्षता व सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया व निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर रूपिंद्र कौर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों को व्यवहार में लागू करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मतदान दिवस पर अपने-अपने दायित्वों को भली-भांति समझते हुए नियमों के अनुरूप कार्य करें, ताकि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

## नगर परिषद सुंदरनगर में मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल आयोजित

# मतदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रदान की

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** आगामी 17 मई को होने वाले शहरी निकाय चुनाव-2026 के दृष्टिगत नगर परिषद सुंदरनगर क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

यह रिहर्सल मंगलवार को बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर के सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित 137 मतदान कर्मियों तथा 6 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। रिहर्सल के दौरान सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मॉक पोल, ईवीएम संचालन, पोलिंग बूथ की स्थापना, चुनाव सामग्री, विभिन्न प्रपत्रों, सुरक्षा व्यवस्था तथा ईवीएम के सुरक्षित परिवहन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। इसके साथ ही मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए आवश्यक प्रपत्र भी वितरित किए गए।

निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने मतदान कर्मियों को स्पष्ट किया कि ईवीएम के परिवहन के लिए केवल सरकारी वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा तथा इसके साथ पुलिस सुरक्षा अनिवार्य होगी। निजी वाहनों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा मतदान केंद्र में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा।



नगर परिषद सुंदरनगर में मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल में मौजूद अधिकारी। अनंत ज्ञान

# जन विरोधी फैसलों से घिरी सुक्खू सरकार, पंचायत चुनावों में जनता फूंकेगी विदाई का बिगुल: जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी से भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है व अब जनता इसका हिसाब लेने के लिए तैयार बैठी है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल झूठे वादों व जन विरोधी फैसलों की प्रतीक बनकर रह गई है। राकेश जम्वाल ने तीखे शब्दों में कहा कि सरकार ने सत्ता में आते ही गरीबों के हित में चल रही हिम केयर योजना को ठप कर दिया, जिससे हजारों जरूरतमंद परिवार इलाज के लिए भटक रहे हैं। वहीं, बिजली सब्सिडी बंद कर आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ डाला गया है। महिलाओं से किए गए 1500 रुपए प्रतिमाह देने के वादे का भी कोई अता-पता नहीं है। 'कहां गए 1500-1500 रुपए?' यह सवाल आज हर घर से उठ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामी यहीं तक सीमित नहीं है।

प्रदेश में एक के बाद एक संस्थान बंद किए जा रहे हैं, युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और जिन परियोजनाओं से प्रदेश को गति मिलनी थी, वे फाइलों में धूल खा रही हैं। सड़कों, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जम्वाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। आम आदमी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है और सरकार केवल बयानबाजी तक सीमित है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी**
**विकास खण्ड नग्गर, जिला कुल्लू हि.प्र.**

संख्या डी.बी.बी./निविदा सूचना /-2026 दिनांक: ..........

**निविदा सूचना**

पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2026 के तहत विकास खण्ड नग्गर में 43 ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति, जिला परिषद हेतु बैठकों के आयोजन में उपस्थित कर्मचारियों के लिए जल पान (स्नैक्स) व पीने का पानी ठहराव के लिए बैंडिंग मध्याहन भोजन टैंट, टेबल, कुर्सियां व पंखे हेतु मोहरबंद लिफाफों में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों से अनुरोध है कि वे इस बारे मोहरबंद लिफाफे में डाक द्वारा या स्वयं दिनांक 04.05.2026 तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निविदाएं दिनांक 04.05.2026 को ही कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष समय प्रातः 11 बजे खोली जाएंगी।

**खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड नग्गर, जिला कुल्लू हि.प्र.।**

# ऊना में बढ़ती गर्मी व लू से बचाव के लिए प्रशासन की एडवाइजरी जारी

# डीसी ने लोगों को सतर्क रहने की दी सलाह

अनंत ज्ञान

**ऊना।** पिछले कुछ दिनों से जिला ऊना में बढ़ते तापमान को देखते हुए आगामी दिनों में गर्म हवाएं व लू चलने के आसार दिख रहे हैं, ऐसे में स्थानीय निवासियों को अपनी सेहत के प्रति सावधानियां बरतनी चाहिए।

जिला आपदा प्रबंधन व प्राधिकरण के अध्यक्ष व डीसी ऊना जतिन लाल ने इस संदर्भ में एडवाजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहें। गर्म हवाएं व लू खतरनाक साबित हो सकती है। डीसी ऊना ने कहा कि जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें। जितनी बार हो सके पानी पीयें, प्यास न भी लगे तो भी पानी पीयें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें, जब भी बाहर धूप में जाएं हल्के रंग के और ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें व हमेशा जूते या चप्पल पहनें। अधिक तापमान में कठिन काम न करें, जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें, अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें व गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर रखें।

हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन ना करें, जैसे मांस व मेवे जो शारीरिक ताप को बढ़ाते हैं। घर में बना पेय जल जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का पन्ना आदि का नियमित सेवन करें। बच्चों व पालतू जानवरों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला न छोडें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में सतर्क रहें। अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

◆ **जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें**

◆ **जितनी बार हो सके पानी पीएं, प्यास न भी लगे तो भी पानी पीएं**

## लू लगने पर क्या करें?

**जतिन** लाल ने बताया कि सावधानी बरतने के बावजूद अगर किसी को लू लग जाए तो तुरंत व्यक्ति को छांव में लिटा दें, अगर तंग कपड़े हों तो ढीला कर दें अथवा हटा दें। ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं। व्यक्ति को ओआरएस, नींबू पानी, नमक-चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके यदि व्यक्ति पानी की उल्टियां करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने व पीने को न दें। लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार ना हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं और चिकित्सक की सलाह लें।

# छात्रों को नशे से दूर रहने, संतुलित जीवनशैली को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनारी में मंगलवार को राष्ट्रीय किशोर शिक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित जागरूकता अभियान ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन के अहम निर्णयों को लेकर नई दिशा दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग और नई दिशा केंद्र की टीम ने किशोरों से सीधा संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान किया।

मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे मेडिकल ऑफिसर डॉ. विनय कुमार ने किशोरावस्था को जीवन का सबसे संवेदनशील चरण बताते हुए कहा कि इसी समय सही मार्गदर्शन व्यक्ति के भविष्य को संवारता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने और संतुलित जीवनशैली को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी। साथ ही किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व से अवगत कराते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। छात्राओं ने व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर अपने विचार साझा कर कार्यक्रम को संवादमय बना दिया।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कुसुम** पुत्री श्री रोशन लाल, निवासी गांव खलवान डाकघर थाची उप तहसील थाची जिला (हि.प्र.), हाल पत्नी श्री सुनील दत निवासी गांव घनसुई डाकघर झिरालडी तहसील बड़सर जिला (हमीरपुर) हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र के रिकार्ड में मेरा नाम 'कुष्मा' (KUSHMA) दर्ज हुआ है। जोकि गलत है। अतः जन्म रजिस्टर में मेरा सही नाम कुसुम (KUSUM) दर्ज किया जाए। मेरा सही नाम 'कुसुम' (KUSUM) है। सभी संबंधित नोट करें।

**IN THE COURT OF DR. GANESH THAKUR, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).**

1. Sh. Kamal Nayan S/o Parkash Chand Village Thirdi, Po Nerti Tehsil Shahpur Distt. Kangra H.P.
2. Smt. Nilavati D/o Kokeen, Presently W/o Kamal Nayan, R/o Village Thirdi, Po Nerti Tehsil Shahpur, Distt. Kangra H.P.

*Applicants........*

**V/S**

1. General Public. 2. Local Registrar, Gram Panchayat Nerti.

*Respondents..........*

**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.**

Applicants Sh Kamal Nayan S/o Parkash Chand Village Thirdi, Po Nerti Tehsil Shahpur Distt. Kangra H.P. and Smt. Nilavati D/o Kokeen, Presently W/o Kamal Nayan, R/o Village Thirdi, Po Nerti Tehsil Shahpur, Distt. Kangra H.P. has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 09-01-2025 at Shri Krishna Mandir Bus Stand Near Road Ludhiana, Punjab. as per Hindu rites & customs. Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 27-05-2026. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra**

**खंड विकास अधिकारी विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर**

**निविदा सूचना**

विकास खण्ड बमसन की समस्त पंचायतों में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2026 होने तय हैं जिसमें चुनाव कर्मचारियों के खानपान, चाय जलपान, टैंट, कुर्सियां टेवल, पंखे, बिस्तर व Sound System का प्रबन्ध किया जाना है जिसके लिए निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं।

| क्रं. | विवरण | इकाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | टेंट | प्रति वर्ग फीट | प्रति इकाई |
| 2 | कुर्सी | प्रति कुर्सी | प्रति इकाई |
| 3 | मेज | प्रति मेज | प्रति इकाई |
| 4 | बिस्तर (मौसम के हिसाब से) | प्रति बिस्तर | प्रति इकाई |
| 5 | पंखे | प्रति पंखा | प्रति इकाई |
| 6 | स्नेक्स समोसा | प्रति स्नेक्स | प्रति इकाई |
| 9 | चाय | प्रति चाय | प्रति इकाई |
| 10 | सुबह का नाश्ता (चना भटूरा व रायता) | प्रति थाली | प्रति इकाई |
| 11 | दोपहर का खाना (दाल, आलू चना, रायता, मीठा, चपाती व चावल) | प्रति थाली | प्रति इकाई |
| 12 | रात का खाना (दाल, मिक्स वेज, कढ़ी, मीठा, चपाती व चावल) | प्रति थाली | प्रति इकाई |
| 13 | पीने का पानी | प्रति बोतल | प्रति इकाई |
| 14 | Sound System | | |

अतः इच्छुक फर्मों से सीलबन्द निविदाएं दिनांक 02-05-2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 02-05-2026 को कार्यालय विकास खण्ड बमसन में सुबह11 बजे कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

**खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड बमसन।**

**किताबों** में वजन होता है! ये यूं ही किसी के जीवन की दशा और दिशा नहीं बदल देतीं।

-इला प्रसाद

## संपादकीय

# हिमाचल में गन कल्चर

रोहड़ू के जलगांव में धार्मिक समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। खुशी के माहौल में चली गोली एक 26 वर्षीय महिला की जान ले गई। यह घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि समाज में बढ़ते हथियार प्रेम और लापरवाही का गंभीर परिणाम है। जिस समय लोग उत्सव में डूबे थे, उसी क्षण एक निर्दोष जीवन हमेशा के लिए समाप्त हो गया, और पीछे रह गए अनेक सवाल-जिनका उत्तर समाज, प्रशासन और नीति-निर्माताओं को देना होगा। सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। कुछ लोग प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, तो कुछ मेले-त्योहारों में हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग कर रहे हैं। वास्तव में, किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन में बंदूक से गोली चलाने की कोई भी परंपरा उचित नहीं ठहराई जा सकती। यह न तो संस्कृति है और न ही सभ्यता, बल्कि एक खतरनाक मानसिकता का प्रदर्शन है, जो जानलेवा साबित हो रही है।

पर्वतीय क्षेत्रों में पहले तलवार, ढोल-नगाड़े और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ लोग अपनी खुशी व्यक्त करते थे। ये साधन शौर्य और संस्कृति के प्रतीक थे, लेकिन धीरे-धीरे इनकी जगह बंदूक ने ले ली है, जो शक्ति प्रदर्शन और दिखावे का माध्यम बन चुकी है। यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी चिंता का विषय है। शांत और सभ्य हिमाचल प्रदेश में गन कल्चर का बढ़ना एक गंभीर चेतावनी है। यहां के लोग अपनी सरलता और शांति के लिए जाने जाते हैं, ऐसे में हथियारों का बढ़ता चलन समाज के मूल स्वभाव के विपरीत है। सवाल यह उठता है कि आम नागरिक को बंदूक रखने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? क्या यह वास्तव में सुरक्षा के लिए है या फिर यह केवल सामाजिक प्रतिष्ठा और डर का प्रतीक बन चुका है?

बंदूक लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया भी कई सवालों के घेरे में है। अक्सर देखा जाता है कि लोग निजी दुश्मनी, राजनीतिक कारणों या जंगली जानवरों के डर का हवाला देकर आसानी से लाइसेंस प्राप्त कर लेते हैं। कुछ मामलों में रिश्वत और सिफारिशों का भी प्रभाव देखा जाता है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो समाज में हथियारों की उपलब्धता और उनका दुरुपयोग दोनों बढ़ते जाएंगे।

हथियार शक्ति का प्रतीक माने जाते हैं, लेकिन इतिहास बताता है कि शक्ति का दुरुपयोग अधिक होता है। हर्ष फायरिंग जैसी घटनाएं इसी दुरुपयोग का परिणाम हैं। उत्सव के नाम पर हवा में गोली चलाना भले ही रोमांचक लगे, लेकिन यह अत्यंत खतरनाक है। एक छोटी सी गलती किसी निर्दोष की जान ले सकती है, जैसा कि रोहड़ू की घटना में हुआ। इस घटना ने यह भी उजागर किया है कि समाज में कानून के प्रति गंभीरता की कमी है। कई बार स्पष्ट नियम होने के बावजूद उनका पालन नहीं किया जाता। हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध के बावजूद लोग इसे नजरअंदाज करते हैं। यह कानून व्यवस्था की कमजोरी और सामाजिक जागरूकता की कमी दोनों को दर्शाता है।

इस संदर्भ में सरकार और न्यायपालिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय और राज्य सरकार को इस मामले में सख्त रुख अपनाना चाहिए। मेले-त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों में हथियारों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। साथ ही, हर्ष फायरिंग को गैर-जमानती अपराध घोषित कर कठोर दंड का प्रावधान होना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई इस प्रकार की लापरवाही न कर सके।

इसके साथ ही, लाइसेंसिंग प्रणाली की गहन समीक्षा आवश्यक है। केवल वास्तविक और गंभीर परिस्थितियों में ही हथियारों की अनुमति दी जानी चाहिए। बिना ठोस कारण के हथियार रखने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना होगा। साथ ही, अवैध हथियारों पर भी सख्त कार्रवाई जरूरी है। समाज को भी आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। हथियार रखना शक्ति नहीं, बल्कि असुरक्षा और अहंकार का प्रतीक बनता जा रहा है। सामाजिक आयोजनों में हथियार प्रदर्शन को प्रतिष्ठा से जोड़ना एक गलत मानसिकता है, जिसे बदलना होगा। यदि हम वास्तव में अपने समाज को सुरक्षित बनाना चाहते हैं, तो हमें दिखावे की संस्कृति को छोड़ना होगा। शिक्षा और जागरूकता इस समस्या का दीर्घकालिक समाधान हैं। युवाओं को यह समझाना होगा कि असली साहस हथियार दिखाने में नहीं, बल्कि संयम और जिम्मेदारी में है। परिवारों और समुदायों को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**


## धारावाहिक 'रामायण की सीता'

**दीपिका चिखलिया** (जन्म: 29 अप्रैल 1965, मुंबई) भारतीय अभिनेत्री और पूर्व सांसद हैं, जिन्होंने रामायण में सीता की भूमिका निभाकर अपार प्रसिद्धि हासिल की। इस धारावाहिक का निर्देशन रामानंद सागर ने किया था। उनके साथ राम की भूमिका अरुण गोविल और लक्ष्मण की भूमिका सुनील लहरी ने निभाई थी। इस सीरियल ने उन्हें घर-घर में पूजनीय बना दिया।



दीपिका चिखलिया
**जन्म** : 29 अप्रैल, 1965

दीपिका चिखलिया ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म सुन मेरी लैला से की, जिसमें उन्होंने राज किरन के साथ काम किया। इसके अलावा उन्होंने 'घर का चिराग', 'खुदाई' जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया। वे मलयालम, तमिल, कन्नड़ और बंगाली फिल्मों में भी सक्रिय रहीं। रामायण में सीता के चयन की प्रक्रिया भी रोचक रही। उन्होंने पहले विक्रम बेताल जैसे कार्यक्रमों में काम किया था। कई स्क्रीन टेस्ट के बाद अंततः उन्हें सीता की भूमिका के लिए चुना गया। उनके अनुसार, निर्माताओं की इच्छा थी कि सीता का पात्र इतना प्रभावशाली हो कि दर्शक स्वयं उन्हें सीता के रूप में स्वीकार करें। रामायण के प्रसारण के बाद उनकी लोकप्रियता चरम पर पहुंच गई। लोग उन्हें देवी के रूप में देखने लगे और गहरी श्रद्धा व्यक्त करते थे। शूटिंग के दौरान उन्हें कई कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ा, जैसे भारी आभूषणों से एलर्जी और भीषण गर्मी में बिना चप्पल के लंबे समय तक शूटिंग करना। ■



कविता

## अन्नदाता

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. पीसी कौंडल, गांव ददोह, डा. धावन तहसील बल्ह, जिला मंडी

**किसान** मेहनत करके फसलें खूब उगाता है।
फिर भी उसे मेहनत का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है।।
रात-दिन खेतों में वो पसीना खूब बहाता है।
तभी तो अन्न का भंडार इकट्ठा हो पाता है।।
बिना अन्न के कोई जी नहीं पाता है।
बिना कुछ खाए कोई सो भी नहीं पाता है।
किसान मेहनत ना करे तो अन्न कैसे मिल पाएगा।
भूख लगने पर इंसान पेट कैसे भर पाएगा।।
कोई अफसरी तो कोई नेतागिरी दिखाता है।
अन्न ना मिले तो इंसान भूखा मर जाता है।।
सुबह अंधेरे में किसान खेत में बैठ जाता है।
दिनभर मिट्टी और पसीने से लथपथ हो जाता है।।
किसान ही है जो अन्न सबको उपलब्ध करवाता है।
इसीलिए तो किसान अन्नदाता कहलाता है।।
अफसरी और नेतागिरी झाड़ना तो आसान होता है।
मगर किसानगिरी आसान नहीं, बहुत कठिन काम होता है।।
किसान को हमेशा घटिया ही क्यों आंका जाता है।
जबकि अन्न उगाने में वही भूमिका निभाता है।।
आज किसान पढ़े-लिखों से कम नहीं है।
खेतों में अन्न उगाने का और किसी में दम नहीं है।।

# पॉलीथिन कचरे के निवारण के लिए ठोस नीति बने



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्तमान समय में देश में प्रदूषित पर्यावरण की समस्या से मानव जीवन तो क्या पशु-पक्षियों का जीना भी दूभर हो गया है और यह ज्वलंत समस्या देश के कोने-कोने में विकराल रूप धारण करती जा रही है। फलस्वरूप जिसके परिणाम हमारे सामने हैं कि इसके कारण आए-दिन लोगों को अनेकों बीमारियों से जूझना पड़ रहा है, वहीं अनेकों पक्षियों और जंगली जीव-जंतु की प्रजातियां भी समाप्ति के कगार पर हैं। दिन-प्रतिदिन बिगड़ती पर्यावरण की समस्या हमारे समक्ष सुरसा की तरह मुहं बाय खाड़ी होकर एक ही संदेश और चेतावनी दे रही है कि अभी समय है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूक हो जाओ अन्यथा और गंभीर एवं विकराल परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाओ। हर वर्ष प्रकृति अपनी दुर्दशा पर आंसू बहती नजर आती है और हम प्रकृति का रुदन न देखते, न सुनते हैं। देश के कोने-कोने में टनों कचरा फैंका जा रहा है, जिसमें सबसे ज्यादा मात्रा शायद पॉलीथिन की होती है।

पॉलीथिन पर्यावरण के लिए एक दुश्मन का कार्य करता है, इससे अधिकांश वातावरण प्रदूषित हो रहा है। पॉलीथिन से कई विघटन दृष्टिगोचर हुए हैं। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में पॉलीथिन पर पूर्ण प्रतिबंध है, बाबजूद इसके पॉलीथिन का प्रयोग येन-केन -प्रकारेण और चोरी-छिपे धड़ल्ले से व्यापक स्तर पर हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में बिगड़ते पर्यावरण की दृष्टि से पॉलीथिन थैलियों पर 2009 में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर पॉलीथिन थैलियों पर न केवल पूर्ण प्रतिबंध ही नहीं लगाया था, बल्कि प्रदेश को साफ-सुथरा रखने के लिए कारगर कदम भी उठाए गए थे,जिसका सर्वत्र जोरदार स्वागत भी हुआ था। देश में प्रदूषित पर्यावरण की समस्या एक भयंकर रूप धारण करती जा रही है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक ही नहीं, अपितु सभी के लिए जानलेवा भी है। प्लास्टिक पर्यावरण के लिए एक ऐसी बीमारी है, जिसका कोई इलाज नहीं।

पॉलीथिन भूमि में लंबे समय तक रहने के उपरांत भी यह नष्ट नहीं होती है, वहीं पर कोई भी खाद्य सामग्री को पनपने नहीं देती है। दूसरी ओर, कारखानों व वाहनों द्वारा छोड़े जा रहे जहरीले धुएं से वायु भूमि के अत्याधिक दोहन और रासायनिक खादों, कीटनाशकों का प्रचुर मात्रा में प्रयोग, वनों को नष्ट करके बहुत-सी पशु प्रजातियों के लुप्त होने व जमीन की गुणवत्ता में भी भारी कमी मुख्य कारण है। पहाड़ों का सीना छलनी कर पावर प्रोजेक्ट व सीमेंट उद्योग लगाए जा रहे हैं, जिसके लिए कई हजारों हेक्टर क्षेत्रों से जंगलों का सफाया हो रहा है। फलस्वरूप जिसके पर्यावरण व प्रकृति के साथ छेड़छाड़ महंगी पड़ रही है और इसके भयावह परिणाम हर वर्ष सामने देखने को मिल रहे हैं। हमारा देश हर वर्ष पर्यावरण दिवस पर देश के कोने-कोने में बैठकें, गोष्ठियां, सेमिनार एवं सम्मेलन इत्यादि आयोजित कर लोगों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन क्या वास्तव में इनसे जनता लाभान्वित तथा जागरूक हो पाई है? हिमाचल प्रदेश में धूमल सरकार ने पॉलीथिन थैलियों पर जो प्रतिबंध लगाया था, उससे कुछ सीमा तक पर्यावरण संतुलित हुआ और इसका विकल्प सरकार ने पॉलीथिन की जगह जूट के थैलों व कागज से निर्मित लिफाफों के इस्तेमाल पर बल दिया था। इससे पेड़ों की बलि भी नहीं दी जा रही थी और बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे थे। वहीं, राज्य में कुछ सीमा तक पर्यावरण में सुधार के संकेत भी मिल रहे थे। शिमला शहर की सड़कों के अगल-बगल में थूकने तथा कूड़ा-कर्कट फैंकने पर भी प्रतिबंध था। उस दौरान रीसाइकिल्ड कागज से बनी जिन थैलियों का इस्तेमाल होने लगा था, उनके लिए पेड़ों को भी गिराने-काटने की आवश्यकता नहीं रही थी। इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि पीटमेन्ट रसायन द्रव्य का इस्तेमाल कर रंग-बिरंगी पॉलीथिन के आगमन से रद्दी से बनने वाले लिफाफों में लगभग ठहराव-सा आ गया है। यही नहीं, इस्तेमाल हो चुकी पॉलीथिन थैलियों को कूड़े-कचरे से उठाकर इन्हें पुनः तैयार किया जाता है। प्लास्टिक थैलियों में मौजूद हानिकारक रसायन भूमि की उर्वरता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पर्यावरण और स्वास्थ्य की दृष्टि से प्लास्टिक बैग अत्यंत नुकसानदायक हैं। तीन वर्ष पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। इसके बाद छोटी प्लास्टिक बोतलों पर भी रोक लगाई गई, जो सराहनीय कदम था। इसके बावजूद कई दुकानदार आज भी खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के विशेषज्ञों के अनुसार पतली और मोटी दोनों प्रकार की प्लास्टिक हानिकारक हैं, लेकिन 10 से 20 माइक्रोन की पतली प्लास्टिक अधिक खतरनाक होती है।



पेट्रोलियम उत्पाद होने के कारण इसका निपटान कठिन है। लैंडफिल में डालने से यह भूमिगत जल को प्रदूषित करती है, जबकि जलाने पर डाइऑक्सिन जैसी विषैली गैसें निकलती हैं, जो गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। शोध के अनुसार, प्लास्टिक जलाने वाले क्षेत्रों में कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। पॉलीथिन थैलियां सीवर प्रणाली को बाधित करती हैं, जिससे जल निकासी में समस्या आती है। आवारा पशु इन्हें निगल लेते हैं, जिससे उनके जीवन पर खतरा उत्पन्न होता है। इस समस्या का समाधान जूट और कागज के थैलों के अधिक उपयोग में है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# च्युइंग गम का सेवन एक प्रचलन जो स्वास्थ्य की दृष्टि से घातक



सुभाष चंद कासव
शिक्षक, गांव जौवा, डाकघर गैहरा, जिला चंबा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आधुनिक जीवनशैली में अनेक ऐसी आदतें धीरे-धीरे सामान्य बनती जा रही हैं, जिनके दुष्परिणामों पर लोग गंभीरता से विचार नहीं करते। च्युइंग गम चबाना भी ऐसी ही एक आदत है, जो आज बच्चों, युवाओं और बड़ों के बीच मनोरंजन, फैशन तथा मुखशुद्धि के साधन के रूप में लोकप्रिय हो चुकी है। आकर्षक रंगों, स्वादों और सुगंधों में उपलब्ध च्युइंग गम विशेष रूप से बच्चों और किशोरों को अपनी ओर आकर्षित करती है। देखने में यह साधारण और हानिरहित प्रतीत होती है, किंतु वास्तव में इसके दुष्प्रभाव स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक व्यवहार-तीनों स्तरों पर देखे जा सकते हैं।

च्युइंग गम का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है, जब लोग वृक्षों की राल या गोंद चबाते थे, परंतु आधुनिक च्युइंग गम पूरी तरह रासायनिक पदार्थों से निर्मित होती है। इसमें शुगर, सिंथेटिक फ्लेवर, प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग तथा रबर बेस शामिल होते हैं। ये सभी तत्व लंबे समय तक उपयोग करने पर शरीर के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं। अधिकांश लोग इसे केवल एक साधारण मीठी चीज समझकर सेवन करते हैं, जबकि इसके पीछे छिपे खतरे कहीं अधिक गंभीर हैं।

च्युइंग गम का सबसे पहला और स्पष्ट प्रभाव दांतों और मुख स्वास्थ्य पर पड़ता है। अधिकतर च्युइंग गम में उच्च मात्रा में शर्करा होती है, जो दांतों में कीड़े लगने, इनेमल के कमजोर होने और सड़न का कारण बनती है। मुंह में बनी रहने वाली मिठास और चिपचिपाहट बैक्टीरिया को बढ़ावा देती है। लगातार चबाने से जबड़ों की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे दर्द, थकान और कभी-कभी जबड़ों की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। फ्री च्युइंग गम भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं होती, क्योंकि उसमें प्रयुक्त कृत्रिम मिठास के भी दुष्प्रभाव हो सकते हैं। पाचन तंत्र पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है। बार-बार च्युइंग गम चबाने से शरीर को यह संकेत मिलता है कि भोजन आने वाला है, जिससे पाचक रस बनने लगते हैं, लेकिन जब भोजन नहीं पहुंचता, तो ये रस पेट की आंतरिक परतों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे गैस, अम्लता और अपच जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। बच्चों द्वारा गलती से च्युइंग गम निगल लेना भी स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसके अतिरिक्त, च्युइंग गम की आदत मानसिक निर्भरता भी पैदा कर सकती है। कई लोग तनाव, ऊब या बेचैनी के समय बार-बार इसे चबाते हैं और धीरे-धीरे यह आदत लत का रूप ले लेती है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति बिना च्युइंग गम के असहज महसूस करता है। विशेषकर विद्यार्थियों के लिए यह ध्यान भटकाने वाली आदत बन सकती है, जिससे उनकी एकाग्रता प्रभावित होती है।



च्युइंग गम का प्रभाव केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक और पर्यावरणीय पक्ष भी गंभीर है। लोग इसे सार्वजनिक स्थानों पर फेंक देते हैं, जिससे गंदगी फैलती है और सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। सड़कों, दीवारों और फर्श पर चिपकी च्युइंग गम शहरों की सुंदरता को खराब करती है। इसका रबड़ बेस कृत्रिम होता है, जो आसानी से नष्ट नहीं होता और पर्यावरण को प्रदूषित करता है। कई बार पक्षी और छोटे जीव इसे निगल लेते हैं, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है।

समाधान के रूप में हमें इस आदत पर नियंत्रण रखना होगा। मुखशुद्धि के लिए सौंफ, इलायची या अन्य प्राकृतिक उपाय अधिक सुरक्षित और लाभकारी हैं। परिवार और विद्यालयों को भी बच्चों में जागरूकता बढ़ानी चाहिए, ताकि वे इसके दुष्प्रभाव समझ सकें। अंततः कहा जा सकता है कि च्युइंग गम का अत्यधिक सेवन वास्तव में हानिकारक है।

यह न केवल हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पर्यावरण और सामाजिक व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इसलिए हमें आकर्षण के बजाय विवेक के आधार पर अपनी आदतें चुननी चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए सही विषय का चुनाव अहम



डॉ. कौमार्या मनोज
शिक्षा विशेषज्ञ

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

10वीं के परिणाम के बाद अधिकतर छात्र सही स्ट्रीम के चुनाव पर परेशान होते हैं और पैरेंट्स की सबसे बड़ी टेंशन भी यही होती है। बहुत काम की बात है कि गार्डियन अपने बच्चों को काउंसलिंग करवाते हैं ताकि उसके मनोनुकूल दिशा निर्देश हो सके। कुछ विशेष बातें जो अमल करने योग्य है।

1. फैसला सिर्फ 2 साल का नहीं, पूरी जिंदगी का है। 10वीं के बाद गलत स्ट्रीम चुनना मतलब आगे की पढ़ाई बोझ बन जाएगी और अच्छे करियर के रास्ते बंद हो जाएंगे। अक्सर बच्चे दोस्तों की देखा-देखी या मम्मी-पापा के दबाव में वैसे सब्जेक्ट ले लेते हैं जो उनकी रुचि से मैच नहीं करता। 2. कैसे चुनें सही स्ट्रीम? यह सवाल भी अपनी अभिरुचि के अनुसार खुद से पूछें कि आप किस सब्जेक्ट के साथ ज्यादा कंफर्टेबल हैं। **विज्ञान** : अगर गणित और प्रयोग अच्छे लगते हैं, तो लें। इससे डॉक्टर, इंजीनियर, रिसर्च का रास्ता खुलेगा। - **वाणिज्य** : बिजनेस, अर्थव्यवस्था, नंबर्स में दिमाग चलता है तो बेस्ट है। CA, MBA, बैंकिंग के ऑप्शन। **कला** : रचनात्मकता, समाज, बहस, लिखने-पढ़ने में मन लगता है तो कला का चुनाव करें। UPSC, लॉ, पत्रकारिता, डिजाइन सब खुला है।

**3. नए नियम** : स्ट्रीम का बंधन खत्म अब CBSE में 5 विषय लेने हैं। भाषा जरूरी है। सबसे बड़ी बात नए गाइड लाइन के अनुसार 'क्रॉस-स्ट्रीम' कॉम्बिनेशन ले सकते हैं। **उदाहरण** : फिजिक्स+ इकोनॉमिक्स, या कॉमर्स + बायोलॉजी। अब साइंस वाले को भी आर्ट्स के सब्जेक्ट लेने की छूट है।

**4.**जीवन में बेहतर करने के लिए 10वीं के मार्क्स फाइनल नहीं हैं। सिर्फ 10वीं के नंबर देखकर स्ट्रीम मत चुनो। आगे क्या करना है, कौन से नए फील्ड आ रहे हैं क्या उपयोगी है AI, डेटा साइंस, फाइनेंस। ये तुम्हें अपनी समझ के अनुसार देखना होगा। इंडस्ट्री बेस्ड 'स्किल सब्जेक्ट' को जोड़ो। अवनीश शरण तथा ईश्वर गुर्जर जैसे लोग 10वीं तथा 12वीं में फेल होने के बाद भी UPSC कवालीफाई करके IPS बन सकते हैं तो आप क्यों नहीं। हमेशा ध्यान दें कि 10वीं तथा 12वीं के मार्क्स फाइनल नहीं होते। अनुराग प्री-बोर्ड में मैथ्स में फेल थे, फिर भी IAS बने।



पैरेंट्स को चाहिए कि 'बच्चे पर डॉक्टर, इंजीनियर या CA बनने का दबाव न डालें। बच्चों की रुचि का ध्यान रखें।

गलत धारणा तोड़ें : 'कला लेने वाले कमजोर होते हैं'-ये सबसे बड़ा झूठ है। UPSC में टॉप करने वाले ज्यादातर ह्यूमैनिटीज से होते हैं। एक लाइन में फॉर्मूला :रुचि+क्षमता+भविष्य का स्कोप=सही स्ट्रीम

**स्ट्रीम चुनने के 5 गोल्डन रूल**

**रूल 1 :** मार्क्स नहीं, अपना मन देखो कि तुम किस में कंफर्टेबल हो। 10वीं में 95% आए हैं तो साइंस लेना जरूरी नहीं। 60% आए हैं तो आर्ट्स लेना मजबूरी नहीं। **सुनहरा सवाल:** 'कौन सा सब्जेक्ट पढ़ते वक्त टाइम का पता नहीं चलता?' वही तुम्हारी स्ट्रीम है।

**रूल 2 :** दोस्तों को कॉपी मत करो, फ्यूचर को देखो। दोस्त साइंस ले रहा है इसलिए तुम भी ले लोगे तो 2 साल बाद पछताओगे। **करो ये :** AI, डेटा साइंस, डिजिटल मार्केटिंग, साइकोलॉजी जैसे 2030 के जॉब देखो। फिर तय करो कौन सी स्ट्रीम वहां तक ले जाएगी।

रूल 3 : क्रॉस-स्ट्रीम का फायदा उठाओ ।अब लकीर के फकीर मत बनो। CBSE ने छूट दी है। स्मार्ट कॉम्बो: फिजिक्स+इकोनॉमिक्स = टेक+फाइनेंस का दिमाग। कॉमर्स + बायोलॉजी = हेल्थकेयर मैनेजमेंट। ये कॉम्बो तुम्हें भीड़ से अलग करेगा। **रूल 4 :** 1 इंडस्ट्री बेस्ड स्किल सब्जेक्ट जरूर जोड़ो। सिर्फ किताबी कीड़ा मत बनो। 11वीं-12वीं में ही एक स्किल का चुनाव करो। **बेस्ट ऑप्शन:** कोडिंग, फाइनेंशियल लिटरेसी, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइन। डिग्री+स्किल= डबल पावर। **रूल 5:** अपने लिए 8-10 दिनों का सब्जेक्ट ट्रायल रखो अपना पर्सनल इंटरेस्ट देखो । **चेक करो:** कौन सा सब्जेक्ट दिमाग में घुस रहा है और कौन सा बोर कर रहा है। जो आसान लगे, वही सही है। गार्डियन को चाहिए कि बच्चों पर मानसिक तनाव न बढ़ाए कि बच्चा डॉक्टर नहीं बना तो इंजीनियर, CA नहीं बना तो वकील।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दिशाहीन होता समाज : कारण, चुनौतियां और समाधान



सुनीता गुप्ता कपूर
प्रवक्ता इतिहास, रा.व.मा.पा. (बाल) मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतवर्ष प्राचीन काल से ही अपनी समृद्ध संस्कृति, उच्च नैतिक मूल्यों और गौरवशाली परंपराओं के लिए विश्वभर में विख्यात रहा है। यही तत्व हमारे समाज की आत्मा हैं, जो उसे विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उभरता है कि 'समाज' क्या है?

समाज मात्र व्यक्तियों का समूह नहीं, अपितु एक सुव्यवस्थित संरचना है, जिसमें विभिन्न लोग एक साझा भौगोलिक क्षेत्र, संस्कृति, परंपराओं और व्यवहारों के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। यह सामाजिक संबंधों, पारस्परिक क्रियाओं तथा विविध संस्थाओं का जटिल तंत्र है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति सहयोग, सुरक्षा और सामूहिक उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु परस्पर आश्रित रहता है।

समाज वह मंच है जहां भाईचारा, सम्मान, सुरक्षा और सह-अस्तित्व का भाव विकसित होता है। इसी समाज में हमारी संस्कृति और परंपराएं सुरक्षित रहती हैं तथा पीढ़ी दर पीढ़ी उनका हस्तांतरण होता है। भाषा, त्योहार, पारंपरिक चिकित्सा, हस्तशिल्प और खानपान जैसी धरोहरें इसी माध्यम से जीवित रहती हैं। इस हस्तांतरण में 'परिवार' की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि परिवार ही वह प्रथम पाठशाला है, जहां बालक अपने संस्कार, व्यवहार और मूल्यों को आत्मसात करता है। इसके पश्चात विद्यालय और महाविद्यालय इन गुणों को और अधिक परिष्कृत करते हैं।

वर्तमान युग तकनीक का युग है, जिसने ज्ञानार्जन के नए द्वार खोले हैं। इसके माध्यम से हम अपनी प्राचीन परंपराओं और ज्ञान को पुनः समझ सकते हैं। समाज के भी अनेक स्वरूप हैं-परंपरागत समाज, आधुनिक समाज, ग्रामीण समाज और नगरीय समाज। परंपरागत समाज में रीति-रिवाजों का कठोर पालन होता है, जबकि आधुनिक समाज तर्क और विज्ञान को प्राथमिकता देता है। ग्रामीण समाज सरलता और कृषि पर आधारित होता है, वहीं नगरीय समाज विविध व्यवसायों और तीव्र गति वाले जीवन का प्रतिनिधित्व करता है। समाज हमें जीवन जीने की कला सिखाता है-बोलना, चलना, व्यवहार करना और सह-अस्तित्व का महत्व समझाता है। यह हमें सुरक्षा प्रदान करता है, किंतु इसके सुचारु संचालन हेतु नियमों का पालन आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, वर्तमान समय में इन नियमों का ह्रास हो रहा है, जिससे समाज दिशाहीन होता जा रहा है।



इस दिशाहीनता के मूल में नैतिक मूल्यों का पतन है। पारिवारिक ढांचे में परिवर्तन, शिक्षा के स्वरूप में बदलाव तथा सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रभाव इसके प्रमुख कारण हैं। संयुक्त परिवारों के स्थान पर एकल परिवारों का प्रचलन बढ़ गया है, जिससे बच्चों को दादा-दादी जैसे अनुभवी सदस्यों के संस्कार और मार्गदर्शन से वंचित रहना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, उनमें सहनशीलता, त्याग और आदर जैसे गुणों का अभाव देखा जा रहा है। शिक्षा का उद्देश्य भी सीमित होकर केवल आजीविका अर्जन तक सिमट गया है। जहां पहले गुरु-शिष्य संबंध अत्यंत पवित्र और आदर्श हुआ करता था, वहीं आज उसमें भी गिरावट देखने को मिलती है। शिक्षा, जो जीवन को दिशा देने वाली शक्ति थी, आज अपने मूल उद्देश्य से भटकती प्रतीत होती है। सोशल मीडिया ने युवाओं को गहराई से प्रभावित किया है। आभासी दुनिया में खोकर वे वास्तविकता से दूर हो रहे हैं। त्वरित सफलता की चाह में उनका संतुलन और जिम्मेदारी प्रभावित होती है। समाधान के लिए पारिवारिक मूल्य, सही शिक्षा और सोशल मीडिया का संयमित उपयोग आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गड्ढों में तब्दील मसोह-हरवाणी सड़क हादसों का बढ़ा खतरा, लोगों में रोष

## मरम्मत को तरस रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़क

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र में सड़क मार्गों की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। क्षेत्र की कई सड़कों पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जो वाहन चालकों और आम जनता के लिए गंभीर परेशानी का कारण बने हुए हैं।



खस्ताहाल मसोह-हरवाणी सड़क। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

सिर्फ स्थानीय संपर्क मार्ग ही नहीं, बल्कि राज्य राजमार्गों और राष्ट्रीय स्तर के मार्गों की हालत भी खस्ता है। हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए गए मार्ग भी उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं, जो इस योजना की गरिमा पर सवाल खड़े करता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) के तहत गांव मसोह से गांव हरवाणी को जोड़ने वाला सड़क मार्ग, जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाया गया था, आज पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, पैरापिट लगभग न के बराबर हैं और नालियों की व्यवस्था भी नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग घनी आबादी वाले क्षेत्र से होकर गुजरता है और यहां छोटे-बड़े सभी प्रकार के वाहन चलते हैं। खराब हालत के कारण वाहन हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों ने दुख जताते हुए कहा कि यह केवल एक मार्ग की समस्या नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बने अन्य कई गांवों के रास्तों की हालत भी बेहद खराब है।

स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए और मसोह-हरवाणी सड़क मार्ग की मरम्मत कर इसे सुचारू बनाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और योजना की गरिमा बनी रहे।

# जनगणना-2027 : फील्ड ट्रेनर्स के दूसरे चरण का प्रशिक्षण शुरू

## उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किया शुभारंभ, 32 प्रवक्ताओं को दी जा रही तीन दिवसीय ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत फील्ड ट्रेनर्स के दूसरे चरण का प्रशिक्षण डीआरडीए हॉल के सम्मेलन कक्ष में शुरू हो गया है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में 32 स्कूल प्रवक्ताओं को, जिन्हें फील्ड ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है, तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इससे पहले पहले चरण में भी 32 प्रवक्ताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर भविष्य की योजनाएं और नीतियां निर्धारित होती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे आगे तहसील स्तर पर भी प्रभावी प्रशिक्षण सुनिश्चित करें, ताकि जनगणना का कार्य सटीक एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।



प्रशिक्षण का शुभारंभ करते उपायुक्त अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

यह प्रशिक्षण संयुक्त निदेशक सह नेशनल ट्रेनर, जनगणना कार्य निदेशालय हिमाचल प्रदेश, शिमला आशीष चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सुशीला और लतेश्वरी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर आगे मंडी जिले के सभी 41 चार्ज (ग्रामीण एवं शहरी) में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

आशीष चौहान ने कहा कि जनगणना के आंकड़े आम लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं। इससे सरकार को यह समझने में मदद मिलती है कि किस क्षेत्र में कितनी आबादी है और वहां किन सुविधाओं की आवश्यकता है। इसके आधार पर सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं की बेहतर योजना बनाई जाती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत एकत्रित की गई सभी जानकारी पूर्णत: गोपनीय रखी जाती है। किसी भी व्यक्ति का नाम या पहचान सार्वजनिक नहीं की जाती। यह डेटा न तो कर निर्धारण के लिए और न ही किसी जांच के लिए उपयोग किया जाता है, बल्कि केवल राष्ट्र निर्माण के लिए प्रयुक्त होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जनगणना अधिकारी के आने पर सही और पूरी जानकारी प्रदान करें।

उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन किया जाएगा। इसके साथ ही स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्व-गणना की प्रक्रिया 1 जून से 15 जून तक संचालित होगी, जबकि हाउस लिस्टिंग का कार्य 16 जून से 15 जुलाई तक किया जाएगा। इस अवसर पर हिमांशु यादव डीसीओ नोडल ऑफिसर मंडी सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाड़ी व बिजनी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** 132/33/11 केवी सब स्टेशन बिजनी में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 30 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उप-मंडल मंडी नंबर-III के सहायक अभियंता ई. होशियार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस शटडाउन के कारण बाड़ी, गुमाणु, लोअर बिजनी, मट्ट, बिजनी, मैगल, टांडू, मेहड़, पाखारी, 9 मील, द्रंग, मसेरन, नलड़ी, भालाना, तांदी, अप्पर छिपनु, त्यंडी, नसलोह, बुरारिधार, हुमग्राम, रोपडू, अरड़ा और स्कोर सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### समाजसेवियों ने साफ किया प्राचीन जल स्रोत

**अनंत ज्ञान, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव से जुड़े नौलखा गांव के पास समाजसेवियों ने स्वच्छता की मिसाल पेश की। शहीद भगत सिंह स्मृति संघ महादेव के सदस्यों ने बिना किसी सरकारी मदद का इंतजार किए प्राचीन बावड़ी की सफाई का जिम्मा उठाया। हरे-भरे पेड़ों के बीच स्थित इस जल स्रोत को घंटों मेहनत कर पूरी तरह साफ किया गया। संघ के प्रधान देवेंद्र ठाकुर, तेजेन्द्र गौतम, कर्म चंद और कुलदीप शर्मा सहित कई लोगों ने इसमें योगदान दिया। यह बावड़ी लंबे समय से गंदगी के कारण उपयोग में नहीं थी, जिसे अब फिर से पीने योग्य बना दिया गया है। इस सराहनीय कार्य की क्षेत्रभर में खूब प्रशंसा हो रही है।

### राजीव व राकेश को मिली जिलाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय संस्था मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने प्रदेश में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। वर्मा के अनुसार धमेटा से राजीव शर्मा को जिला कांगड़ा, घूमारवीं से राकेश कुमार को जिला बिलासपुर, सरकाघाट से प्रेम कुमारी ठाकुर को जिला मंडी, हमीरपुर से सोनिया रानी को जिला हमीरपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मानवाधिकार संस्था के राष्ट्रीय प्रभारी राजेंद्र भाटिया व प्रदेशाध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष मानवाधिकार संस्था के माध्यम से समाज के हर वर्ग की सेवा करके समाज की नई दिशा देंगे।

### निटिंग प्रशिक्षण के बाद 8 को मिली मशीनें




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत बीपीएमयू मंडी द्वारा बग्गी में संचालित निटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लगभग साढ़े चार माह चले इस प्रशिक्षण में 8 प्रशिक्षुओं ने आधुनिक निटिंग तकनीकों और व्यावहारिक कौशल की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को टूलकिट के रूप में निटिंग मशीनें प्रदान की गईं, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर सकें। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. हेमराज वर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं को अपने कौशल को आगे बढ़ाकर आय के नए अवसर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षुओं ने इस पहल के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई का आभार जताया।

### रावणहट्टा की धुनों से दत्ता राम ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजस्थान के तुरू गांव से आए कलाकार दत्ता राम ने अपनी पत्नी और नन्ही बच्ची के साथ चौहार घाटी के बरोट, लंबाडग स्कूल मार्केट, लक्कड़ बाजार तथा छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान बाजार में रावणहट्टा की मधुर धुनों और सुरीली आवाज से लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने दुकानों, होटलों, होम स्टे और घर-घर जाकर राजस्थानी, हिंदी, कांगड़ी, सिरमौरी और मंडियाली भाषा में भजन, आरती और भेंटें प्रस्तुत कीं। उनकी प्रस्तुतियों से स्थानीय लोग काफी प्रभावित हुए और श्रद्धानुसार आर्थिक सहयोग भी दिया। दत्ता राम पिछले तीन वर्षों से बैजनाथ क्षेत्र में रहकर इसी पारंपरिक कला के माध्यम से परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। मंगलवार को पहली बार बरोट और मुल्थान में प्रस्तुति देकर वे देर शाम बैजनाथ लौट गए।

### सरकाघाट में मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के आगामी चुनावों के निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन को लेकर आज एसडीएम कार्यालय सरकाघाट के सभागार में प्रथम रिहर्सल आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने की। रिहर्सल के दौरान पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी से जुड़ी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों तक चुनावी सामग्री का परिवहन निजी वाहनों से नहीं किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सात मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें पांच राजकीय पाठशालाओं में होंगे। वार्ड नंबर 7 डबरोग को महिला बूथ घोषित किया गया है, जहां केवल महिला कर्मचारी तैनात रहेंगी।

# पोलिंग स्कूल भवन एक वर्ष बाद भी बदहाल 25 बच्चे मिडल स्कूल में पढ़ने को हुए मजबूर

अनंत ज्ञान,

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार और छोटाभंगाल घाटी में गत वर्ष 28 फरवरी की रात हुई भारी बारिश और भूस्खलन से हुए नुकसान के बाद जहां अधिकांश विभागों ने अपने स्तर पर सुधार कार्य कर लिए हैं, वहीं छोटाभंगाल घाटी की पोलिंग पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला पोलिंग का दो कमरों का भवन अब भी बदहाल स्थिति में है। बारिश के कारण आई बाढ़ से भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था और खेल मैदान मलबे में दबने के साथ आगे का डंगा भी ढह गया, जिसके चलते पिछले लगभग एक वर्ष से विद्यालय की स्थिति दयनीय बनी हुई है। इसके कारण यहां पढ़ने वाले 25 बच्चों को साथ लगते मिडल स्कूल के कमरों में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है और खेलकूद के लिए भी मिडल स्कूल के मैदान पर निर्भर रहना पड़ रहा है।



पूर्व बीडीसी सदस्य श्याम सिंह ने बताया कि इतना समय बीत जाने के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा और विद्यालय की हालत सुधारने के बजाय कुम्भकरणी नींद में सोया हुआ है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और शिक्षकों को भी पढ़ाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तथा पोलिंग पंचायत के समस्त ग्रामीणों ने बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय की जर्जर स्थिति को शीघ्र सुधारा जाए, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# दुर्घटनाग्रस्त कार से भारी मात्रा में शराब बरामद, चालक फरार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस चौकी घट्टा को सूचना प्राप्त होने पर कि सुखाबाग संकरी पुली (एनएच-154) के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां पाया गया कि कार नंबर एचपी10ए-0376 पुलिया की रेलिंग से टकराई हुई थी और चालक वाहन को छोड़कर फरार हो चुका था। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में शराब की पेटियां बरामद हुईं, जिनमें रॉयल स्टैग 72 बोतल, मैकडॉवेल्स 24 बोतल, देसी शराब ऊना नंबर 1 की 132 बोतल, टुबोर्ग बीयर 23 बोतल (एक पेटी खुली पाई गई) तथा किंगफिशर बीयर 24 बोतल शामिल हैं। पुलिस ने बरामद शराब को नियमानुसार कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

# ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर 436 चालान कर वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विभिन्न अभियानों के तहत कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 436 चालान किए हैं, वहीं कोटपा के तहत 15 चालान कर 1500 रुपये जुर्माना वसूला गया है और माइनिंग एक्ट के तहत भी 5 चालान किए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से नियमों की अनदेखी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है तथा आम लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की गई है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

# बागी पुल और अधूरे वादों को लेकर प्रदेश सरकार पर बरसे पूर्ण चंद ठाकुर



भाजपा विधायक पूर्ण चंद ठाकुर प्रेसवार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कविता, पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को महिला विरोधी बताते हुए महिला आरक्षण और विकास कार्यों को लेकर कई सवाल खड़े किए।

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में लाए गए महिला आरक्षण विधेयक का विपक्ष ने विरोध किया, जिसके कारण यह पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यदि यह बिल पास हो जाता तो 2029 के चुनावों में महिलाओं को सीधा लाभ मिलता। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार विधानसभा स्तर पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान किए गए 1500 रुपये मासिक देने के वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब झूठे वादों का जवाब देगी। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पहले बारिश से क्षतिग्रस्त बागी पुल अब तक नहीं बन पाया है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर, चंदन पंडित, मनोहर ठाकुर, प्रकाश ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जोगिंद्रनगर नप चुनाव के लिए मतदान कर्मियों ने की पहली चुनावी रिहर्सल

# ईवीएम संचालन, मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया और मतदाता पहचान के बारे में दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** आगामी 17 मई को होने वाले नगर परिषद चुनाव-2026 के दृष्टिगत जोगिंद्रनगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मतदान कर्मियों की पहली चुनावी रिहर्सल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस चुनावी रिहर्सल में कुल 64 मतदान कर्मियों तथा 2 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने की। वहीं मास्टर ट्रेनर के रूप में खजान सिंह ने मतदान कर्मियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। रिहर्सल के दौरान मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम संचालन, मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया, मतदाता पहचान, मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।



मतदान कर्मियों को जानकारी देते हुए। अनंत ज्ञान

इस रिहर्सल में कुल 54 पुरुष मतदान कर्मियों में 11 पुरुष पीठासीन अधिकारी तथा 2 महिला पीठासीन अधिकारी सहित कुल 10 महिला कर्मी भी शामिल रहीं। महिला कर्मियों की सहभागिता को भी विशेष रूप से सुनिश्चित किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कर्मियों से चुनाव प्रक्रिया को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न करने का आह्वान किया, ताकि आगामी 17 मई को नगर परिषद चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफल ढंग से संपन्न करवाए जा सकें।

# 15 वार्डों में 38 मतदान केंद्र निर्धारित

## मंडी नगर निगम चुनाव की तैयारियां तेज, मतदान केंद्रों की अधिसूचना जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के आम चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा वार्डवार मतदान केंद्र निर्धारित कर अधिसूचित कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के 15 वार्डों में कुल 38 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो और मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

खलियार वार्ड में केंद्रीय विद्यालय मंडी (प्राइमरी विंग), केंद्रीय विद्यालय मंडी (लैब), राजकीय प्राथमिक पाठशाला बिजन दलवाहन तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला छिपणु को मतदान केंद्र बनाया गया है। पुरानी मंडी वार्ड में राजकीय मिडल स्कूल पुरानी मंडी (लेफ्ट व राइट पार्ट) को मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है। पड्डल वार्ड में बीडीओ कार्यालय भ्यूली मंडी और आईटीआई मंडी, नेला वार्ड में राजकीय मिडल स्कूल बिंद्रावणी तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला चड्याना और राजकीय प्राथमिक पाठशाला जरली, मंगवाईं वार्ड में सहायक पंजीयक सहकारी समितियां कार्यालय मंडी तथा उप-पंजीयक सहकारी समितियां कार्यालय मंडी को मतदान केंद्र बनाया गया है।

◆ **खलियार वार्ड में केंद्रीय विद्यालय मंडी को बनाया मतदान केंद्र**

सन्यारड़ वार्ड में उद्योग विभाग कार्यालय मंडी और पर्यटन कार्यालय चड्यारा (विस्को रिजॉर्ट के पास), तलयाहड़ वार्ड में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलयाहड़ (लेफ्ट व राइट पार्ट) तथा चीफ इंजीनियर कार्यालय एचपीपीडब्ल्यूडी मंडी (कमरा 101 व 114) को मतदान केंद्र बनाया गया है।

पैलेस कॉलोनी-1 वार्ड में अधीक्षण अभियंता एचपीपीडब्ल्यूडी सर्किल कार्यालय (लेफ्ट व राइट पार्ट), पैलेस कॉलोनी-2 वार्ड में कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल) एचपीपीडब्ल्यूडी मंडी, सैनिक बोर्ड कार्यालय मंडी तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाड़ी (प्रथम तल) को मतदान केंद्र बनाया गया है।

सुहड़ा वार्ड में राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी (एडमिन व साइंस ब्लॉक) तथा उसी विद्यालय के पुराने भवन के ग्राउंड फ्लोर, समखेत्तर वार्ड में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी (लेफ्ट व राइट पार्ट तथा कमरा नंबर 7), भगवाहन वार्ड में राजकीय प्राथमिक पाठशाला (बाल) मंडी (हेरिटेज बिल्डिंग) तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी (ग्राउंड फ्लोर 10+2 ब्लॉक) को मतदान केंद्र बनाया गया है।

थनेहड़ा वार्ड में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) मंडी (लेफ्ट व राइट पार्ट), बेहना वार्ड में राजकीय प्राथमिक पाठशाला बेहना (लेफ्ट व राइट पार्ट) तथा दौंधी वार्ड में राजकीय प्राथमिक पाठशाला बगला (लेफ्ट व राइट पार्ट) को मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है।

**सियासत** ‘असली-फसली’ में फंसी भाजपा, कांग्रेस विधायक की कारगुजारियों व माकपा की ताकत का होगा

# टिहरा जिला परिषद वार्ड में रोचक मुकाबले के आसार

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** मंडी जिले का टिहरा जिला परिषद वार्ड इस बार प्रदेश का सबसे चर्चित वार्ड बनता जा रहा है। यहां राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और मुकाबला त्रिकोणीय होने के आसार नजर आ रहे हैं। इस वार्ड से तीन बार की पार्षद वंदना गुलेरिया, जो पूर्व मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह की बेटी हैं, को इस बार कड़ी चुनौती मिल रही है।

भाजपा पृष्ठभूमि से जुड़े आर्य परिवार की बहू रजिता वर्मा ने खुलकर चुनावी मैदान में उतरने का संकेत दिया है। उनका परिवार खुद को ‘असली भाजपा’ से जुड़ा बताते हुए महेंद्र सिंह और उनके परिवार को ‘फसली भाजपा’ करार दे रहा है। रजिता वर्मा ने भाजपा से अधिकृत उम्मीदवार बनाए जाने के लिए आवेदन भी किया है। माना जा रहा है कि यदि उन्हें टिकट नहीं मिलता, तब भी वे चुनाव लड़ सकती हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प हो जाएगा। गौरतलब है कि महेंद्र सिंह का इस क्षेत्र में पिछले तीन दशकों से अधिक समय तक मजबूत प्रभाव रहा है। ओपन और महिला सीट के दौरान भी उनके परिवार का वर्चस्व कायम रहा है, लेकिन इस बार हालात कुछ अलग नजर आ रहे हैं।



वंदना गुलेरिया



रजिता वर्मा



अनिता देवी



भूपेंद्र सिंह

वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी ने रातों रात ऐसी उम्मीदवार घोषित की है जिसका राजनीति से कोई सरोकार नहीं है। विधायक ने टिहरा वार्ड से अढ़ाई साल पहले भारी बारिश के कारण नलयाना गांव में एक परिवार की मदद करती बार मौत का शिकार हुए प्रभाष राणा की पत्नी अनिता देवी को उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस के इस फैसले से पार्टी के भीतर ही असंतोष देखने को मिल रहा है। कई महिला कार्यकर्ता, जो लंबे समय से सक्रिय थीं, इस निर्णय से नाराज बताई जा रही हैं और घोषणा कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी।

क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि सहानुभूति वोट हासिल करने के लिए यह रणनीति अपनाई गई है। दूसरा इस निर्णय को करवाने वाले यहां के कुछ ठेकेदार हैं जिन्होंने इन तीन वर्षों में दोनों हाथों से कमाई की है और इनका भी जनता में भारी विरोध है।तीसरा ये भी चर्चा है कि विधायक ने जानबूझकर कमज़ोर उम्मीदवार घोषित की है ताकि वे वंदना गुलेरिया और उनके भाई रजत ठाकुर में अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चल रहे विवाद को बढ़ावा मिल सके और वंदना को जीत दिलाकर वे रजत की दावेदारी को कमज़ोर करवा सकें और भाई-बहन में विधानसभा के टिकट की लड़ाई और बढ़े ।

इसके अलावा इस पूरे घटनाक्रम में एक वकील की भूमिका भी चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उन्होंने पिछली बार कांग्रेस के फैसले के खिलाफ भूपेंद्र सिंह के विरुद्ध चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें मात्र 790 वोट मिले थे और इतने ही अंतर से वंदना गुलेरिया को जीत हासिल हुई थी। इस बार भी वह कुछ समय पहले तक विधायक के कड़े विरोधी माने जाते थे, लेकिन अब अचानक उनके समर्थन में नजर आ रहे हैं।

वर्तमान में इस चुनाव की दिशा काफी हद तक भूपेंद्र सिंह और उनके समर्थकों पर निर्भर करती दिखाई दे रही है। पिछले करीब दस वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय रहने के कारण उनका प्रभाव सभी 19 पंचायतों में माना जाता है। हालांकि, इस बार सीट महिला आरक्षित होने के कारण वे स्वयं चुनाव मैदान में नहीं हैं, लेकिन ‘किंगमेकर’ की भूमिका में उभरकर सामने आए हैं।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि रजिता वर्मा को भाजपा का अधिकृत टिकट मिलता है या नहीं, और यदि नहीं मिलता तो भी क्या वे चुनाव लड़ती हैं—इन सभी पहलुओं पर इस वार्ड का चुनाव निर्भर करेगा। कुल मिलाकर, इस बार टिहरा वार्ड का चुनाव बेहद रोचक होने वाला है और इसे विधायक के अब तक के कार्यकाल पर एक तरह के जनमत संग्रह के रूप में भी देखा जा रहा है।

# मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन ले जाने पर रहेगी रोक

**अनंत ज्ञान, करसोग।** नगर पंचायत करसोग में आगामी चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में प्रथम चरण की रिहर्सल आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आपसी समन्वय बनाए रखना होगा तथा हैंडबुक में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने ईवीएम के सुरक्षित परिवहन पर जोर देते हुए कहा कि केवल सरकारी वाहनों का उपयोग पुलिस सुरक्षा के साथ किया जाए और निजी वाहनों का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों को अपने-अपने बूथ की मतदाता सूची की जानकारी रखने और वोट प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन ले जाने पर रोक रहेगी तथा 100 मीटर के दायरे में प्रचार-प्रसार पूरी तरह निषिद्ध रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लुहारड़ा स्कूल को कंप्यूटर किए भेंट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारती एयरटेल फाउंडेशन ने राजकीय उच्च विद्यालय, लुहारड़ा (जिला बिलासपुर) के आईटी इनोवेशन क्लब को सशक्त बनाने के लिए कंप्यूटर प्रदान किए हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग के लिए तैयार करना तथा उन्हें कोडिंग, प्रोग्रामिंग और नवाचार गतिविधियों से जोड़ना है। इस सहयोग से छात्र प्रोजेक्ट-आधारित सीखने, डिजिटल रिसर्च और इनोवेशन गतिविधियों में भाग ले सकेंगे, जिससे उनकी रचनात्मकता व समस्या समाधान क्षमता का विकास होगा। विद्यालय प्रशासन ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए इसे डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया।

### अरुण गौतम से शिष्टाचार भेंट कर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला बिलासपुर के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त उपनिदेशक (प्रारंभिक) अरुण गौतम से शिष्टाचार व परिचयात्मक भेंट की। इस अवसर पर संघ के राज्याध्यक्ष रमेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघ ने उपनिदेशक महोदय को शॉल, पहाड़ी टोपी व माता नयना देवी की चुनरी पहनाकर सम्मानित किया। जिला प्रधान राकेश पटियाल ने प्राथमिक शिक्षा व शिक्षकों के हितों के लिए सहयोग का भरोसा दिलाते हुए वर्तमान समय में प्राथमिक शिक्षकों से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे जेबीटी से एचटी, एचटी से सीएचटी पदोन्नति, शिक्षकों के कनफर्मेशन व सीनियरिटी, प्राथमिक पाठशालाओं में पानी व बिजली के बिलों की समस्याओं, शिक्षकों की कमी, प्रतिनियुक्ति से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। उपनिदेशक अरुण गौतम ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा शिक्षकों से संबंधित सभी मामलों को जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न खंडों से आए पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में इंग्लैंड से एरोस्पेस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर वर्तमान में एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत इंजीनियर आरोही शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ाई और रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आरोही शर्मा ने बताया कि यदि छात्र विदेश में पढ़ाई या नौकरी करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रारंभ से ही अंग्रेजी भाषा पर मजबूत पकड़ बनानी चाहिए, क्योंकि आईईएलटीएस, सैट जैसे टेस्ट इसी आधार पर होते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों की चमक-दमक आकर्षित जरूर करती है, लेकिन वहां सफलता पाने के लिए ठोस तैयारी और सही मार्गदर्शन जरूरी है। बिना तैयारी के जाने वाले कई छात्र कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानकर लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ठाकुर ने आरोही का आभार जताते हुए कहा कि उनकी सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मेहनत और सही दिशा से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### नेत्र उपचार के लिए अशोक को मिली आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, अंब।** गरीब सहायतार्थ कमेटी नेहरी खालसा ने जरूरतमंदों की सहायता के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रताप नगर अंब निवासी अशोक कुमार को नेत्र चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। कमेटी के इस सराहनीय प्रयास से एक जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर इलाज मिलने का रास्ता साफ हुआ है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार पिछले कुछ समय से आंखों की बीमारी से जूझ रहे थे व आर्थिक तंगी के चलते उपचार करवाने में असमर्थ थे, जैसे ही इस बारे में गरीब सहायतार्थ कमेटी को पता चला, कमेटी के सदस्यों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सहयोग का निर्णय लिया। कमेटी की ओर से दी गई आर्थिक सहायता से अब उनका उपचार संभव हो सकेगा। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति धनाभाव के कारण इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि कमेटी समय-समय पर ऐसे लोगों की पहचान कर उनकी सहायता करती रहती है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष संदीप धीमान सहित वीरेंद्र सिंह, संदीप शर्मा, रमन कुमार, राहुल, विजय शर्मा और मोहन लाल दत्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्वारघाट में समाजसेवी चमन की सक्रियता चर्चा में

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वाहन पंचायत के बुहाई गांव से संबंध रखने वाले समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त चमन सिंह ठाकुर इन दिनों अपने सामाजिक कार्यों को लेकर क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। चमन सिंह ठाकुर लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते आ रहे हैं व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। हाल ही में उन्होंने गांव धरा में आयोजित खेल गतिविधियों के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए 11,000 रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। स्थानीय लोगों का कहना है कि चमन न केवल युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित कर रहे हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। उनके इस योगदान से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने उनके इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे समाजसेवियों की बदौलत ही समाज में सहयोग व विकास की भावना मजबूत होती है। चमन आगे भी इसी तरह सामाजिक कार्यों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### वनों की आग से निपटने के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वनों की आग से जुड़ी शिकायतों व मामलों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित बनाने के लिए राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 1800-180-1916 मुख्य अरण्यपाल वन बिलासपुर में स्थापित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वनों की आग को लेकर इस टोल फ्री नंबर पर तुरंत जानकारी साझा कर सकते हैं, ताकि वनों की आग को रोकने के लिए समयबद्ध कदम उठाए जा सकें।

### कलोल में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** कलोल में मानव विकास संस्थान द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती व पारंपरिक बीज संरक्षण पर दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गई। समापन समारोह में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने किसानों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए किसानों का आत्मनिर्भर और समृद्ध होना जरूरी है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि रासायनिक खेती से भूमि, जल व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जबकि प्राकृतिक खेती एक संतुलित और वैज्ञानिक विकल्प है। कटवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व परंपरागत कृषि विकास योजना जैसी योजनाएं किसानों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि झंडूता क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर पद्मश्री हरिमन शर्मा और नेकराम शर्मा ने भी किसानों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में प्रदेश के 7 जिलों से आए किसानों ने भाग लिया।

### ग्रामीणों को निरोग रहने के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत नाहरी देवी सिंह स्थित करमाली आंगनबाड़ी में सोमवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान योगा ट्रेनर उदय उपमन्यु व शुभलता ने ग्रामीणों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को बताया कि नियमित योग अभ्यास से शरीर स्वस्थ व मन शांत रहता है। उन्होंने कहा कि योग से कई प्रकार की बीमारियों से बचाव संभव है तथा जीवनशैली में सुधार लाकर निरोग जीवन जिया जा सकता है। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और संतुलित दिनचर्या अपनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने ऐसे आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करने की मांग भी की। इस मौके पर डॉ. सुनील, ट्रेनर उदय उपमन्यु ट्रेनर शुभलता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# ऊना में एंटी-चिट्टा अभियान तेज, ब्लैक स्पॉट सुधार व सख्त कार्रवाई के आदेश

अनंत ज्ञान




डीसी नशा निवारण अभियान के तहत बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** डीसी जतिन लाल ने जिला में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी विभागों को गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में समन्वित प्रयासों के साथ-साथ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि समाज को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

वह मंगलवार को जिला परिषद के सभागार में एन-कॉर्ड (राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल) के तहत गठित जिला स्तरीय समिति तथा इसके उपरांत आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक सचिन हीरेमठ भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि एंटी-चिट्टा अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पंचायत स्तर पर गठित नशा निवारण समितियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। जतिन लाल ने निर्देश दिए कि सभी नशा निवारण समितियां नियमित अंतराल पर बैठकें आयोजित करें तथा स्थानीय समुदाय, युवाओं, महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों को अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ें। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और संबंधित सूचनाएं तत्काल प्रशासन व पुलिस को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जो सदस्य अपेक्षित सहयोग नहीं दे रहे हैं, उनकी जानकारी प्रशासन को दी जाए ताकि जवाबदेही तय की जा सके। डीसी ने नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्रों के औचक निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति को अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप केंद्रों की गहन जांच सुनिश्चित करने को कहा। प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों पर विशेष बल दिया। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने दुर्घटना संभावित स्थलों की समीक्षा कर ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, आवश्यकतानुसार पैराफिट लगाने तथा तेज और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त जिला प्रशासन भी रेडक्रॉस के माध्यम से 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगा। उपायुक्त ने जिले के प्रमुख बाजारों में घोषित नो-पार्किंग एवं नो-वेंडिंग जोन को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश देते हुए एसडीएम और पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि ऊना शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेशनल हाईवे प्राधिकरण द्वारा लगाए जा रहे रेलिंग कार्य के दौरान पैदल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क पार करने के लिए आवश्यक स्थानों पर गैप छोड़े जाने का निर्धारण एसडीएम ऊना द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सैनिक कैंटीन क्षेत्र में घोषित नो-पार्किंग एवं नो-वेंडिंग ज़ोन में किसी भी प्रकार की रेहड़ी लगाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई वहां सब्जी की दुकान स्थापित करना चाहता है तो उसे नगर निकाय से विधिवत अनुमति लेकर पक्की दुकान बनानी होगी। डीसी ने बड़ूही चौक में निर्धारित गति सीमा दर्शाने के लिए बड़ा सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालु और अन्य वाहन चालक तय गति सीमा का पालन करें।

## नीट परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर डीसी ने गर्ल्स स्कूल बिलासपुर का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने गर्ल्स स्कूल बिलासपुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्थाओं के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में स्कूल को सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत को-एजुकेशन संस्थान बनाए जाने के बाद आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान डीसी ने विद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्टूडेंट्स के लिए बनाए गए शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण किया और छोटी कक्षाओं के स्टूडेंट्स के लिए अलग से शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया व उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास व सकारात्मक सोच के महत्व से भी अवगत करवाया। डीसी ने स्कूल प्रशासन को निर्देश दिए कि शौचालय निर्माण, बाउंड्री वॉल, भवन मरम्मत तथा व्हाइटवॉशिंग के कार्यों के लिए जल्द एस्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। उन्होंने कहा कि सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत को-एजुकेशन व्यवस्था लागू होने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई और अन्य सुविधाओं को लेकर संतोषजनक स्थिति सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# पोयम रेसिटेशन व सलाद मेकिंग में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए 'हिंदी पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता' तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'सलाद मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

हिंदी पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आत्मविश्वास, उच्चारण शुद्धता एवं अभिव्यक्ति कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा पहली) से बबनीत कौर एवं शिवांशी शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इविका द्वितीय एवं समायरा तथा कृषव राणा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से अभिधा रावल प्रथम, धारवी शर्मा एवं अयांश ठाकुर द्वितीय तथा वान्या तृतीय स्थान पर रहीं। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) से सुहानी प्रथम, आद्या व अमाहिरा द्वितीय तथा जैस्मिन तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा चौथी से नैत्रृति शर्मा एवं प्रिशा शर्मा प्रथम, सक्षम शर्मा एवं कृषिका खन्ना द्वितीय तथा आयुष वशिष्ट, रूही रहल एवं अक्षिता तृतीय स्थान पर रहे। सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मौसमी फलों एवं सब्जियों का प्रयोग कर आकर्षक, पौष्टिक एवं सृजनात्मक सलाद तैयार किए। ऑरेंज ग्रुप से परिधि, प्राक्षी, माही कौशल एवं कीर्ति प्रथम स्थान पर रहे। नव्या, दिशिका, अवलीन, कीरत, सुमन, कनिष्का, मनप्रीत व कन्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अकीरादीप, रचित, रियांश, काशवी, श्रेया, हारविका, अमायरा व पायल चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से अंतरा, अनन्या, दिलप्रीत व अंशप्रीत प्रथम स्थान पर रहे। अश्मित, वानिका, प्रिशा, अनेघा, बानिया, नवनीत, समृद्धि पांडा एवं ईशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सानवीं, पीहू, अंजिका व अर्पिता तृतीय स्थान पर रहे। मेलन ग्रुप से ईशान्वी, अर्शिया चब्बा, सिमर कौर, जनिशा सिंह, श्रद्धा, अंशिका, इनायत व हरनीत प्रथम स्थान पर रहे। आरव, केशव एरी, कुलजीत, अमोदिता भारद्वाज, धृति, दिवजोत, मान्या एवं तमन्ना द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और प्रस्तुतीकरण कौशल को विकसित करती हैं। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की छिपी हुए प्रतिभा को उजागर करती हैं, बल्कि उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम वर्क और अनुशासन का भी महत्वपूर्ण पाठ सिखाती हैं।

# घुमारवीं के घ्याना गांव में तेंदुए का आतंक, बकरे को बनाया शिकार

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरसिंघी के गांव घ्याना में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। बीते शाम तेंदुए ने एक बकरे को अपना शिकार बना लिया, जिससे क्षेत्र में भय और चिंता का वातावरण व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार ख्याना गांव निवासी सीमा देवी, पत्नी रविंद्र कुमार अपने घर के समीप बकरियां चरा रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया व बकरे को उठाकर जंगल की ओर भाग गया। घटना इतनी तेजी से हुई कि सीमा देवी को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिला। शोर मचने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक तेंदुआ बकरे को लेकर दूर निकल चुका था। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से तेंदुए की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों को अपने पशुधन के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि शाम ढलते ही अब लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में तुरंत पिंजरा लगाया जाए व तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। इसके साथ ही ग्रामीणों ने वन विभाग से नियमित गश्त बढ़ाने व प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं सामने आ सकती हैं। उधर, वन विभाग के अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जल्द ही टीम मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

**◆ वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग तेज**

## जिप वार्डों की मतगणना के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने आदेश जारी करते हुए जिला परिषद वार्डों की मतगणना के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अधिकृत किया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 30 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित पंचायत समितियों में शामिल जिला परिषद वार्डों की मतगणना करवाने तथा मतगणना उपरांत प्रारूप 38 भाग-1 जारी करने के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। जारी आदेशों के अनुसार पंचायत समिति सदर के लिए उपमंडलाधिकारी सदर, घुमारवीं के लिए उपमंडलाधिकारी घुमारवीं, झंडूता के लिए उपमंडलाधिकारी झंडूता तथा श्री नयना देवी जी क्षेत्र के लिए उपमंडलाधिकारी श्री नयना देवी जी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## नम्होल बाजार में स्किप रोड और टारिंग की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** फोरलेन निर्माण से बढ़ी समस्याओं को लेकर नम्होल बाजार के ग्रामीणों व दुकानदारों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दोनों ओर स्किप रोड (सर्विस रोड) बनाने व सड़क की टारिंग करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 15-20 गांवों की रोजमर्रा की आवाजाही व करीब 35 गांवों की निर्भरता वाले इस बाजार में तहसील, बैंक, स्कूल, अस्पताल सहित कई संस्थान हैं, जिससे यहां भारी भीड़ रहती है। निर्माण कार्य के कारण सड़क पर गड्ढे, धूल-मिट्टी व जाम की समस्या बढ़ गई है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है व लोगों को सांस संबंधी दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पार करना भी जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्य करवाकर राहत देने की मांग की है।

## जिला बिलासपुर में पंचायतीराज संस्थाओं की चुनाव प्रक्रिया आरंभ

# 3 लाख 14 हजार 120 मतदाता चुनेंगे प्रतिनिधि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य चुनाव आयोग ने प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला बिलासपुर में भी चुनावी प्रक्रिया आरंभ हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को होंगे तथा 7 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में पंचायतीराज संस्थाओं के अंतर्गत जिला परिषद के 14 वार्ड, चार पंचायत समितियों के 97 वार्ड तथा 182 ग्राम पंचायतों के 1140 वार्ड शामिल हैं। विकासखंडवार विवरण के अनुसार सदर ब्लॉक में 49 पंचायतें और 311 वार्ड, घुमारवीं में 63 पंचायतें और 403 वार्ड, झंडूता में 45 पंचायतें और 283 वार्ड तथा श्री नैना देवी जी ब्लॉक में 25 पंचायतें और 143 वार्ड हैं। इस तरह जिला बिलासपुर में कुल 182 ग्राम पंचायतों में 1140 वार्ड हैं। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए कुल 3 लाख 14 हजार 120 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 1 लाख 57 हजार 772 पुरुष व 1 लाख 56 हजार 348 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने खंडवार पंजीकृत मतदाता आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि सदर विकासखंड में कुल 80 हजार 309, घुमारवीं में 1 लाख 18 हजार 267, झंडूता में 78 हजार 351 तथा श्री नैना देवी जी में 37 हजार 193 मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अनुपूरक मतदाता सूची में 1541 नए मतदाताओं को जोड़ा गया है।

**◆ 7 मई से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, जिला में आचार संहिता लागू**

### चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान

**उन्होंने** बताया कि जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव तीन चरणों में संपन्न होंगे, जिसमें प्रथम चरण में 62 ग्राम पंचायतें, द्वितीय चरण में 62 तथा तृतीय चरण में 58 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। उन्होंने विकासखंड के आधार पर जानकारी देते हुए बताया कि घुमारवीं विकासखंड में प्रत्येक चरण में 21-21 पंचायतें, सदर में 17, 17 और 15 पंचायतें, झंडूता में 15-15 पंचायतें तथा श्री नयना देवी जी में क्रमशः 9, 9 और 7 पंचायतों में मतदान होगा। डीसी ने जिला बिलासपुर के सभी मतदाताओं से पंचायती राज संस्थाओं की चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

# ओबीसी आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति को लेकर विवाद

अनंत ज्ञान



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रदेश सरकार द्वारा की गई इन नियुक्तियों पर भाजपा ओबीसी मोर्चा श संबंधित संगठनों ने कड़ा एतराज जताया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य जयदेव सिंह खट्टा व ऊना से संबंधित ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोहर लाल चौधरी ने प्रेस नोट जारी कर आरोप लगाया कि सरकार ने इन पदों पर योग्य व्यक्तियों की अनदेखी कर अपने करीबी लोगों को नियुक्त किया है।

उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियां मित्रों को 'रेवड़ियां बांटने' जैसी प्रतीत होती हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय कर रही है व उनके अधिकारों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि इन नियुक्तियों को तुरंत रद्द कर आयोग में योग्य व ओबीसी वर्ग से आने वाले प्रतिनिधियों को स्थान दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया, तो ओबीसी मोर्चा एकजुट होकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। नेताओं ने कहा कि हिमाचल में ओबीसी वर्ग की संख्या काफी अधिक है। इसके बावजूद सरकार को योग्य सदस्य नहीं मिलना चिंता का विषय है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी में इस वर्ग की लगातार अनदेखी होती रही है और आगे भी जारी रह सकती है। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के कई पदाधिकारी, जिनमें रितेश पलियाल, पवन सैनी, तरसेम लाल, वरिंद्र, परवीन कुमार व कमलेश शामिल रहे।

# फायर कर्मियों ने प्रवासी मजदूरों को झुग्गियों में जाकर किया जागरूक

अनंत ज्ञान



**ऊना।** अग्निशमन केंद्र ऊना की टीम ने आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान के तहत घालुवाल गांव में झुग्गियों में रह रहे प्रवासी मजदूरों को जागरूक किया। इस दौरान मजदूरों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। उन्हें सलाह दी गई कि झुग्गियों के आसपास लकड़ियों या ज्वलनशील सामग्री के ढेर न लगाएं। साथ ही, घर से बाहर जाते समय दिन या रात में परिवार के किसी सदस्य को झुग्गी की देखभाल के लिए अवश्य छोड़ें, ताकि आग लगने की स्थिति में समय रहते कार्रवाई की जा सके।

अभियान के दौरान झुग्गियों में आग लगने से होने वाले जान-माल के नुकसान के बारे में भी विस्तार से बताया गया व लोगों को आग के प्रति लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई। हाल ही में लालसिंगी क्षेत्र में आग लगने से प्रवासी मजदूरों की झुग्गियां जल गई थीं, जिससे काफी नुकसान हुआ था। अग्निशमन केंद्र ऊना के प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा आमजन को आग के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। टीम ने घालुवाल में प्रवासी मजदूरों को यह भी समझाया कि झुग्गियों में जलते चूल्हे को खुला न छोड़ें, माचिस को बच्चों की पहुंच से दूर रखें और पर्याप्त पानी का इंतजाम रखें। इसके अलावा, आग लगने की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखते हुए आग पर नियंत्रण पाने के उपाय बताए गए और फायर ब्रिगेड के टोल-फ्री नंबर 101 पर तुरंत संपर्क करने के लिए भी जागरूक किया गया।

**आयोजन** बिलासपुर में संघ की प्रमुख जन गोष्ठी: 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' पर मंथन

# संघ का लक्ष्य भारत को परम वैभव तक पहुंचाना : डॉ. कृष्ण

अनंत ज्ञान




मंच पर मुख्य वक्ता तथा अन्य प्रमुख अतिथि (दाएं) कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर (कन्या) बिलासपुर के सभागार में संघ यात्रा-व्यक्ति 'निर्माण से राष्ट्र निर्माण की यात्रा' विषय पर एक भव्य प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संघ की गौरवशाली विकास यात्रा व भविष्य के भारत के संकल्पों पर केंद्रित रहा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, संघ के सह-सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने राष्ट्र-आराधना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि सन् 1925 में विजयदशमी के दिन डॉ. हेडगेवार द्वारा रोपित यह बीज आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जिसका एकमात्र ध्येय भारत को परम वैभव पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा, 'संघ की शाखाएं केवल शारीरिक व्यायाम का केंद्र नहीं, बल्कि देशभक्ति से ओत-प्रोत ऐसे चरित्रवान व्यक्तियों के निर्माण की कार्यशालाएं हैं, जो समाजहित को सर्वोपरि रखते हैं। संघ भेदभाव मुक्त, समरस और शक्तिशाली भारत के निर्माण का एक व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) दलजीत सिंह (कार्यकारी निदेशक, एम्स बिलासपुर) ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गान के साथ ऊर्जावान वातावरण में हुआ। डॉ. कृष्ण गोपाल ने जानकारी साझा की कि वर्तमान में संघ देश के एक लाख से अधिक स्थानों पर शाखाओं और मंडलियों के माध्यम से सक्रिय है। साथ ही, समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए देश भर में एक लाख से अधिक सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

गोष्ठी के दौरान एक विशेष प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं की सहभागिता, नई शिक्षा नीति, संस्कार और समकालीन आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक विषयों पर जिज्ञासाएं शांत की गईं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, पूर्व न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, कुलपति, अधिवक्ता, शिक्षाविद् और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सह-क्षेत्र कार्यवाह (उत्तर क्षेत्र) डॉ. किस्मत कुमार, प्रांत प्रचारक (हिमाचल) संजय, विभाग संघचालक शांति स्वरूप और जिला संघचालक सोहन सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमापूर्ण ढंग से हुआ।

# रामनाथ कोविंद के बाद दूसरी राष्ट्रपति का अटल टनल दौरा, इतिहास दोहराएगा लाहौल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। हिमाचल प्रदेश की बर्फीली वादियों व 'शीत मरुस्थल' के नाम से विख्यात लाहौल-स्पीति आज एक ऐतिहासिक पल का गवाह बनने जा रहा है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने प्रस्तावित दौरे के तहत अटल टनल रोहतांग के जरिए लाहौल घाटी पहुंचेंगी। रामनाथ कोविंद (जून 2022) के बाद वह देश की दूसरी ऐसी राष्ट्रपति होंगी, जो अटल टनल के दीदार के साथ-साथ इस दुर्गम क्षेत्र की सुंदरता को निहारेंगी। सुरक्षा कारणों से अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू हेलिपैड तक सभी अस्थायी ढाबों व टेंटों को हटा दिया गया है और पर्यटन गतिविधियों पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। महामहिम स्वयं अनुसूचित जनजाति से संबंध रखती हैं, इसलिए लाहौल के जनजातीय समुदाय के लोग उनके साथ एक गहरा आत्मिक जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। घाटी में उनके स्वागत को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

## सुरक्षा का अभेद्य घेरा 600 जवान तैनात

राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मनाली के पलचान से लेकर लाहौल के सिस्सू तक पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस के लगभग 600 जवानों को सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। डीआईजी राहुल के अनुसार, 29 अप्रैल को सुबह 6 बजे से पलचान से सोलंग नाला की ओर यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। लाहौल से आने वाले वाहनों को सुबह 7:30 बजे सिस्सू में ही रोक दिया जाएगा।

## जनजातीय समुदाय में उत्साह 'अपनेपन' का अहसास

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह दौरा लाहौल घाटी के लोगों के लिए भावनात्मक रूप से भी खास है। टनल बनने के बाद प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व बड़ी फिल्मी हस्तियां लगातार यहां की सुंदरता व इंजीनियरिंग के इस करिश्मे को देखने पहुंच रहे हैं। इस दौरे ने एक बार फिर अटल टनल रोहतांग के महत्व को रेखांकित किया है। टनल बनने से पहले लाहौल घाटी साल में 6 से 7 महीने तक दुनिया से कटी रहती थी, लेकिन अब यह साल भर देश-दुनिया से जुड़ी रहती है।

# गौहरी देवता की शोभायात्रा के साथ पीपल जातर का आगाज

## देवता के अस्थायी शिविर में दिनभर जुटी रही श्रद्धालुओं की भीड़, विभिन्न राज्यों के व्यापारियों ने प्रदर्शनी मैदान में सजाई दुकान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू में पीपल जातर मेला (बंसतोत्सव) का मंगलवार को देवता गौहरी की भव्य शोभायात्रा के साथ ही विधिवत रूप से आगाज हुआ। गौहरी देवता अपने हारियानों के साथ अपने लाव-लश्कर से ढालपुर मैदान में पहुंचे, यहां पर उनके स्थान पर देवता के हारियानों ने उनकी पूजा-अर्चना की व देव रीति से मेले का आगाज किया।

इस मौके पर नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी सहित नप कुल्लू के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे व सभी ने देवता से आशीर्वाद लिया और मेले के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित होने की कामना की। मंगलवार को मेले के पहले दिन देवता के दर्शन के लिए अस्थायी शिविर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। देवता के कारदार राजकुमार महंत ने बताया कि अब आगामी दो दिनों तक देवता गौहरी के कारकून ढालपुर स्थित देवता के अस्थायी शिविर में देव तपस्या में लीन रहेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से पीपल जातर मेला जिसे राय री जाच भी कहते हैं का आगाज गौहरी देवता ही करते हैं। उन्होंने बताया कि इतने वर्षों से कारकून देवता की परंपरा को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया बीरबार को तीन दिवसीय मेले के समापन अवसर पर ढालपुर में देव खेल के बाद देवता अपने देवालय रवाना होंगे। इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी ने सभी प्रदेशवासियों व जिलावासियों को पीपल मेले की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेले व उत्सव हमारी पुरातन संस्कृति की धरोहर हैं व मेलों से आपसी मेल जोल की भावना भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि कुल्लू देवभूमि है और आज भी यहां के लोग प्राचीन संस्कृति व पहनावे, पहाड़ी व्यंजनों व लोकगीतों का संवर्धन कर रहे हैं। उन्होंने कहा यहां पर कोई भी कार्य देवता की अनुमति के बिना पूर्ण नहीं होता। उन्होंने मेले में आए सभी व्यापारियों से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की। उधर, मेले में बाहरी राज्यों से आए दुकानदारों ने दुकानें सजा दी हैं व कलाकेंद्र कुल्लू में कार्यक्रमों का दौर चल पड़ा है।



पीपल जातर मेले के शुभारंभ मौके पर ढोल-नगाड़े व करनाल की थाप पर गौहरी देवता के गूर परंपरा का निर्वहन करते हुए। अनंत ज्ञान

## इस बार जल्द खाली करना पड़ेगा मैदान

जिले में पीपल मेला साल का पहला बड़ा पर्व होता है इसलिए यह जहां सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वहीं, व्यापारिक दृष्टि से भी खास रहता है। साथ ही बसंत उत्सव के बाद यह पहला उत्सव होता है, तो इसे बसंतोत्सव भी कहा जाता है। दशहरा उत्सव के बाद इसी मेले में जिला कुल्लू, लाहौल-स्पीति, पांगी सहित मंडी जिला के लोग जमकर खरीददारी करते हैं। इस बार चुनावों के मद्देनजर आचार संहिता के कारण मेले में रौनक कम होने की आशंका जताई जा रही है। हर बार जहां मेला खत्म होने के बाद भी करीब एक माह तक बाहरी राज्यों से आए दुकानदार यहां अपनी अस्थायी दुकानें सजा रखते थे। वहीं, इस बार चुनावों के मद्देनजर मेले के समापन के बाद 15 मई को मैदान खाली करना होगा। हालांकि, कुल्लू में 30 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित होने वाले निरंकारी मिशन समागम के चलते इस बार यहां भारी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं, जिसके चलते मेले में इस बार व्यापारियों को इसका काफी फायदा होने की भी उम्मीद है।

# पीपल जातर मेले में खेल प्रतियोगिताओं की धूम



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू में चल रहे ऐतिहासिक पीपल जातर मेले के तहत मंगलवार को वॉलीबाल और मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं का शुभारंभ एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के ईओ बीआर नेगी व मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष किशन ठाकुर भी मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम निशांत ने कहा कि मेले के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वॉलीबाल प्रतियोगिता में 10 पुरुष और 5 महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं, जबकि अंडर-19 मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं का शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। साथ ही खेल गतिविधियां बच्चों और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अभिभावकों व समाज से भी युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। एसडीएम ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर देती हैं। पीपल जातर मेले में आयोजित इन खेल प्रतियोगिताओं को लेकर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।

# मौसम की बेरुखी से संकट में सेब की फसल

अनंत ज्ञान



एम बोकटापा, मनाली। जिला कुल्लू की उझी घाटी (मनाली) में मंगलवार दोपहर अचानक बदले मौसम के मिजाज ने बागवानों की रातों की नींद उड़ा दी है।

आसमान में छाए काले बादलों और बढ़ती ठंड ने ऊपरी और निचले दोनों क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना दिया है। ऐसे समय में जब सेब के बगीचे फूलों (ब्लूमिंग) से लदे हुए हैं, प्रकृति का यह बदला स्वरूप फसल के लिए काल बन सकता है। क्षेत्र के बागवान अभी हाल ही में हुई ओलावृष्टि के जख्मों से उबरे भी नहीं थे कि अब गिरते तापमान ने चिंता बढ़ा दी है। बागवानों के अनुसार कुछ दिन पहले हुई भारी ओलावृष्टि ने फूलों को पहले ही काफी नुकसान पहुंचाया था। तापमान में अचानक आई गिरावट से खिले हुए फूल मुरझाने और झड़ने की कगार पर हैं। अत्यधिक ठंड के कारण मधुमक्खियों की गतिविधि कम हो जाती है, जिससे परागण की प्रक्रिया बाधित होती है। मनाली में बागवानों मकरध्वज, रमेश व सोहन लाल ने बताया कि शलीन, कन्याल व डूंगरी सहित आसपास के क्षेत्रों में मौसम का यही हाल रहा तो बची-कुची फसल भी हाथ से निकल जाएगी। पिछले दिनों बिछी ओलों की सफेद चादर ने बगीचों का हुलिया बिगाड़ दिया था, अब तापमान गिरने से सेब के साथ-साथ अन्य गुठलीदार फलों पर भी बुरा असर पड़ेगा। इस बार नकदी फसलों की पैदावार कम रहने की आशंका है। मौसम की इस बेरुखी से बचने के लिए बागवान अब अपने बगीचों में फफूंदनाशक और कीटनाशकों का छिड़काव तेज कर रहे हैं। विशेषज्ञों व बागवानों का मानना है कि ओलों से हुए घावों और ठंड से बचाने के लिए अतिरिक्त दवाइयों की जरूरत पड़ रही है। स्प्रे और दवाओं के बढ़ते खर्च ने किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है। यदि मौसम जल्द सामान्य नहीं हुआ, तो इस साल सेब के उत्पादन में भारी गिरावट देखने को मिल सकती है, जिससे सीधे तौर पर स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी।

# अंतिम रूप से प्रकाशित हुई सात पंचायतों की मतदाता सूचियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार जिला लाहौल-स्पीति की पुनर्गठन/विभाजन से संबंधित 7 ग्राम पंचायतों खांगसर, शूलिंग, तांदी, वारपा, मालंग, लारा तथा डेमूल की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए डीसी व जिला पंचायत निर्वाचन अधिकारी किरण भड़ाना ने बताया कि दिनांक 1 अप्रैल को अर्हता तिथि मानते हुए इन पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप 4 अप्रैल को प्रकाशित किया गया था, जिस पर आम जनता से दावे व आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त दावों व आपत्तियों के निस्तारण के उपरांत पंचायत राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 21(1) के अंतर्गत 27 अप्रैल को इन मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि मतदाता सूचियों से संबंधित प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय के साथ-साथ संबंधित ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों व जिला परिषद कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले में बर्फबारी और बारिश से लौटी ठंड

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/कुल्लू। मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिलों में मंगलवार को हुई हल्की बारिश और ऊंची चोटियों पर हुए ताजा हिमपात ने जहां अप्रैल की तपती गर्मी से बड़ी राहत दिलाई है। वहीं, पिछले कुछ दिनों से अप्रैल के महीने में ही जून जैसी गर्मी का अहसास हो रहा था।

मंगलवार को मौसम के बदले मिजाज ने दोनों जिलों को शीतलहर की चपेट में ले लिया है। रोहतांग दर्रा सहित लाहौल-स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर बर्फ की हल्की चादर बिछ गई है। कुल्लू और मनाली के निचले इलाकों में हुई बूंदाबांदी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। उधर, कुल्लू, मनाली मणिकरण घूमने आए पर्यटकों के लिए यह मौसम किसी वरदान से कम नहीं है। बर्फबारी और फुहारों के बीच सैलानी इस सुहावने मौसम का जमकर आनंद ले रहे हैं। बागवानों के लिए यह ठंड चिंता का विषय बन गई है। अचानक गिरे तापमान से सेब की सेटिंग (फूल से फल बनने की प्रक्रिया) प्रभावित हो सकती है। वहीं, लाहौल के किसान मटर और आलू की फसल पर ओलावृष्टि के खतरे को लेकर डरे हुए हैं। उधर, खराब मौसम व बारिश के कारण अब राष्ट्रपति के कुल्लू-लाहौल दौरे के भी रद्द होने की आशंका जताई जा रही है लेकिन फ़िलहाल दोनों जिलों दौरे को लेकर तैयारियां पूरी हैं अब बुधवार को राष्ट्रपति का दौरा मौसम के ऊपर निर्भर करेगा।



राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सजा अटल तनल का साउथ पोर्टल। अनंत ज्ञान

# सुशील ठाकुर चौथी बार बने बार एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष



अनंत ज्ञान, मनाली। वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील ठाकुर चौथी बार मनाली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हैं। सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी में हरिंद्र ठाकुर को उपाध्यक्ष, मोंटी सोनी को महासचिव, मेधा ठाकुर सह सचिव, सुधीर ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सुशील ठाकुर ने कहा कि वह सभी सदस्यों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने पर अधिवक्ताओं का आभार जताया और कहा कि अधिवक्ताओं के उत्थान और संस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# शीतमरुस्थल के तंजिन टशी का ऐतिहासिक 'आइस गोल'

## तंजिन टशी ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल जड़कर रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

कमलेश वर्मा, केलांग। हिमालय की गोद में बसे लाहौल-स्पीति की सर्द हवाओं ने आज एक नई कहानी लिखी है। बर्फीली वादियों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने की कहानी आज हकीकत बन गई, जब युवा खिलाड़ी तंजीन टशी ने अंडर-18 एशिया कप आइस हॉकी मुकाबले में भारत के लिए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर इतिहास रच दिया।

भारत बनाम इंडोनेशिया के बीच खेले गए इस मुकाबले में टशी का यह गोल न सिर्फ मैच का अहम पल साबित हुआ, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश और विशेषकर लाहौल-स्पीति के लिए गर्व का क्षण बन गया। स्पीति के लोसर गांव से ताल्लुक रखने वाले तंजिन टशी का यह प्रदर्शन उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा करता है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में अभ्यास करने वाले इस खिलाड़ी ने यह साबित कर दिया कि जुनून व मेहनत के दम पर किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों में इस उपलब्धि को लेकर जबरदस्त उत्साह है। सोशल मीडिया पर भी टशी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है व लोग उन्हें हिमाचल का 'आइस हीरो' बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि यह गोल टशी के करियर का टर्निंग प्वॉइंट साबित हो सकता है और आने वाले समय में वे भारतीय आइस हॉकी टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हो सकते हैं।

### जब टशी की स्टिक से निकला जादू



भारत बनाम इंडोनेशिया के बीच खेले गए इस कड़े मुकाबले में दोनों टीमें बराबरी की टक्कर दे रही थीं। मैच के एक निर्णायक मोड़ पर तंजिन टशी ने जबरदस्त चपलता दिखाते हुए इंडोनेशियाई डिफेंस को छकाया व पक्क को नेट के अंदर पहुंचा दिया। यह गोल केवल एक अंक नहीं था, बल्कि स्पीति की उन जमी हुई झीलों और कृत्रिम आइस रिंक्स पर किए गए संघर्षों का परिणाम था।

### तंजीन को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

तंजीन की इस उपलब्धि पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सूक्खू सहित खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह व लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय, पूर्व विधायक रवि ठाकुर सहित जिलावासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा है कि यह पल देशवासियों सहित हिमाचल व लाहौल वासियों के लिए गर्व का विषय है।

### हिमाचल का 'आइस हीरो' घर में जश्न का माहौल

आधुनिक उपकरणों व कोचों की कमी के बावजूद, टशी के जुनून ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और अंततः भारतीय जर्सी तक पहुंचाया। टशी की इस उपलब्धि की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव लोसर पहुंची, वहां उत्सव का माहौल बन गया।

◆ **इंडोनेशिया में चमका लाहौल-स्पीति का बेटा, बर्फीली वादियों से अंतरराष्ट्रीय मंच तक का सफर**

# प्रीणी गांव में राम नवमी का मेला हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया



प्रीणी गांव में राम नवमी का मेला पारंपरिक मेले के दौरान परंपराओं का निर्वहन करते हुए लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

मनाली। मनाली के निकटवर्ती प्रीणी गांव में राम नवमी का मेला पारंपरिक हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

दो दिन प्रीणी गांव में घाटी के दर्जनों देवी-देवताओं की उपस्थिति से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की और देवताओं से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। मेले में जमदग्नि ऋषि प्रीणी, गोशाली नाग, सृष्टि नारायण, संख नारायण, खड़ासनी माता, वीर नाथ, पीलिया नाग, शिरघन नाग, फाई नाग, साबरनी माता, गायत्री माता व थान देवता ने मेले की शोभा बढ़ाई। मेले में भाईया नाग और तक्षक नाग (शिरघन) के बीच धार्मिक दौड़ आयोजित की गई।

इस दौड़ में तक्षक नाग विजयी रहे। मान्यता के अनुसार आराध्यदेव के जीतने पर घाटी में फसल अच्छी होगी। पूर्व प्रधान कुंदन लाल ने बताया कि गांव दो दिन तक देव वाद्य यंत्रों से गूंज उठा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान देव समागम में घाटी के सैंकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मंगलवार को मेला धूमधाम से संपन्न हुआ।

# साक्षरता शिविर प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला व सत्र न्यायाधीश प्रकाश चंद राणा ने ऐतिहासिक मेले 'पीपल जातर' के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगाए गए तीन दिवसीय साक्षरता शिविर प्रदर्शनी का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें न्याय प्रणाली की सरल प्रक्रियाओं से अवगत कराना है। शिविर के माध्यम से उपस्थित जनता को मुफ्त कानूनी सहायता, लोक अदालत व विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश कुल्लू अमित मंड्याल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुल्लू मनीषा गोयल, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाहौल-स्पीति स्थित कुल्लू निरंजन सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चुनौती सगरोली तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू विशाल तिवारी, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन कुल्लू तेजा ठाकुर, डीएलएसए स्टाफ, लीगल ऐड डिफेंस कौंसिल सिस्टम स्टाफ सहित पैरालीगल वालंटियर उपस्थित रहे।

# मनाली क्षेत्र में हथियार ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध


अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। भारत की राष्ट्रपति के 27 अप्रैल से 2 मई तक के हिमाचल प्रदेश प्रवास व विशेष रूप से 29 अप्रैल को उनके अटल टनल रोहतांग दौरे के सफल आयोजन के लि जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट कुल्लू, अनुराग चंद्र शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनाली पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में विशेष निषेधाज्ञा लागू कर दी है। आदेशों के अनुसार, 28 व 29 अप्रैल की अवधि के दौरान अटल टनल रोहतांग, इसके साउथ पोर्टल से सासे हेलिपैड तक के मार्ग, मनाली शहर और इस मार्ग पर पड़ने वाले सभी गांवों में किसी भी व्यक्ति द्वारा आग्नेयास्त्र, हथियार या गोला-बारूद ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश पुलिस, अर्धसैनिक बलों और सेना के उन जवानों पर लागू नहीं होगा, जो आधिकारिक ड्यूटी पर तैनात हैं। राष्ट्रपति के दौरे से संबंधित ड्यूटी के लिए विशेष रूप से अधिकृत व्यक्ति भी इस दायरे से बाहर रहेंगे। ये आदेश आपातकालीन परिस्थितियों के कारण एकपक्षीय जारी किए गए हैं और इनका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




# मनाली नग्गर लेफ्ट बैंक मार्ग की महत्ता को समझे केंद्र व राज्य सरकार: जोशी

अनंत ज्ञान

मनाली। प्रदेश इंटक प्रवक्ता डीआर जोशी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार मनाली नग्गर लेफ्ट बैंक मार्ग की महत्ता को समझे। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि मनाली नग्गर लेफ्ट बैंक रोड इन दिनों बहुत ही खस्ताहालत में है। जोशी ने कहा कि मनाली के लिए बहुत बड़ा वैकल्पिक मार्ग व सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ यह रोड लेफ्ट बैंक मनाली से लेकर नग्गर तक हजारों लोगों को सुविधा प्रदान करता है। सड़क के खस्ताहालत में होने से हर कोई परेशान है।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चार साल से इस मार्ग को डबल लेन बनाना की बात तो कर रही है, लेकिन हकीकत में इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि गत कुछ सालों से ब्यास नदी में आ रही बाढ़ से नेशनल हाइवे के क्षतिग्रस्त होने के बाद यह वामतट मार्ग ही लाइफ लाइन का काम कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू व पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित विधायक भुवनेश्वर गौड से आग्रह किया कि खस्ता हाल हो चुके मनाली नग्गर कुल्लू वाम तटमार्ग की हालत जल्द सुधारी जाए।

उन्होंने कहा कि घाटी के हजारों लोग इस सड़क को डबल लेन डबल लेन बनने की उम्मीद लिए बैठे हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी आग्रह किया कि मनाली नग्गर कुल्लू वाम तटमार्ग की महत्ता को समझते हुए मार्ग को डबल लेन बनाने की दिशा में गंभीरता दिखाए। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने कहा कि सड़क की हालत सुधारने का कार्य शुरू कर दिया है। सड़क पर पड़े गड्ढों को प्राथमिकता में भरा जा रहा है। जल्द ही सड़क की हालत सुधारी जाएगी।

◆ **मार्ग की खस्ताहालत से परेशान हैं वाम तट मार्ग के ग्रामीण और राहगीर**

# कुल्लू का ढालपुर मैदान बना आस्था का केंद्र

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू में 3 मई को आयोजित होने वाले निरंकारी संत समागम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन सान्निध्य व आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से संतों व श्रद्धालुओं का आगमन लगातार बढ़ता जा रहा है, जैसे-जैसे समागम की तिथि नजदीक आ रही है, पूरे क्षेत्र में भक्ति, सेवा व आध्यात्मिकता का विशेष माहौल देखने को मिल रहा है।

ढालपुर मैदान इन दिनों आस्था के एक विशाल केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां दिन-प्रतिदिन संगतों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। दूरदराज से पहुंच रहे श्रद्धालु पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ समागम में भाग लेने के लिए कुल्लू पहुंच रहे हैं। मैदान में टेंट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोजन स्थल पर सेवादल के सदस्य पूरी मुस्तैदी व समर्पण भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यातायात प्रबंधन से लेकर श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन, स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य व्यवस्थाओं तक, हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन व आयोजन समिति के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिल रहा है, जिससे व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। श्रद्धालुओं के लिए लंगर की निरंतर व्यवस्था की गई है, जहां हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। लंगर सेवा में लगे स्वयंसेवक पूरे अनुशासन व साफ-सफाई के साथ सेवा कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कैंटीन सुविधा भी सुव्यवस्थित ढंग से शुरू कर दी गई है, जहां जरूरत के अनुसार खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। समागम को लेकर स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। व्यापारिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी हुई है व शहर में रौनक साफ झलक रही है।

होटल, गेस्ट हाउस व अन्य ठहरने की जगहों पर भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी आवाजाही दर्ज की जा रही है। कुल मिलाकर, 3 मई को होने वाला यह निरंकारी संत समागम न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह सेवा, भाईचारे व मानवता का संदेश देने वाला एक बड़ा आध्यात्मिक उत्सव बनता जा रहा है। आने वाले दिनों में संगतों की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे कुल्लू पूरी तरह से भक्ति रस में सराबोर नजर आ रहा है।



समागम से पहले कुल्लू पहुंचे अनुयायी। अनंत ज्ञान

◆ **3 मई के निरंकारी संत समागम से पहले कुल्लू में उमड़ी संगत**

# सोलन में 189.82 ग्राम चरस 154 टपेंटाडोल और नकदी बरामद

अनंत ज्ञान



**सोलन ।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से सोलन शहर में मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पावर हाउस, सपरून के समीप स्थित एक फ्लैट में दबिश दी गई। दबिश के दौरान उक्त फ्लैट में रह रहे एक व्यक्ति के कब्जे से 189.82 ग्राम चरस, 154 टपेंटाडोल (प्रतिबंधित नशीली दवा) तथा रुपए 26,280/- नकद बरामद किए गए। आरोपी की पहचान संदीप कोहली पुत्र कीर्ति कुमार कोहली, निवासी पावर हाउस रोड, सपरून, सोलन, तहसील एवं जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश, उम्र 52 वर्ष, के रूप में हुई है । पुलिस टीम द्वारा आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले के आगामी अन्वेषण के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से 03 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है जिससे गहनता से पूछताछ जारी है। पुलिस अब आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड, नशीले पदार्थों की आपूर्ति तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भी गहनता से जांच कर रही है। मामले का अन्वेषण जारी है।

### संघर्ष समिति की बैठक में सरकारी वादाखिलाफी पर भारी नाराजगी

# चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारेगी संघर्ष समिति

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन ।** ग्रामीण संघर्ष समिति ने अध्यक्ष किरण किशोर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न प्रतिनिधियों (डेलिगेट्स) ने इलाके के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे और सरकारी वादों की उल्लंघन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। समिति ने आगामी नगर निगम और पंचायती राज संस्था चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का फैसला लिया है। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष किरण किशोर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने नगर निगम सोलन में विलय किए गए ग्रामीण इलाकों को वापस पंचायत में शामिल करने का वायदा किया था पर अब उससे मुकर गई है। इससे ग्रामीणों के हित प्रभावित हो रहे हैं। विभिन्न डेलिगेट्स ने इस मुद्दे पर एक-एक करके अपनी राय रखी। अधिकांश ने सरकार की इस नीति को धोखा बताया और कहा कि इससे इलाके का विकास रुक गया है। चर्चा के दौरान समिति ने चुनावी रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। आम सहमति बनी कि आगामी नगर निगम और पंचायती राज चुनावों में समिति अपने उम्मीदवार उतारेगी या विचारधारा एवं एजेंडा से सहमत उम्मीदवारों को पूर्ण समर्थन देगी। सदस्यों का मानना था कि केवल कर्मठ और ईमानदार प्रतिनिधि ही स्थानीय मुद्दों का समाधान कर सकते हैं। समिति के सचिव मोहित वर्मा ने इलाके के समग्र विकास, निवासियों की जिम्मेदारियां निभाने तथा स्थानीय समस्याओं को प्रशासन व सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के अंत में निवासियों से अपील की गई कि वे चुनाव में सही, मेहनती और विकास-उन्मुख प्रतिनिधियों को चुनें। इससे इलाके को न्याय और प्रगति मिलेगी।

# नगर निगम सोलन के निर्वाचन के लिए प्रथम चरण का पूर्वाभ्यास आयोजित

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** नगर निगम सोलन के लिए 17 मई, 2026 को होने वाले निर्वाचन के दृष्टिगत आज यहां पीठासीन अधिकारियों तथा पोलिंग अधिकारियों के लिए प्रथम चरण का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने यह पूर्वाभ्यास आयोजित करवाया। इस अवसर पर उपस्थित 407 पीठासीन अधिकारियों तथा पोलिंग अधिकारियों को मतदान केन्द्रों, निर्वाचन समय सारणी तथा उनके कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। राहुल जैन ने निर्वाचन के लिए तैनात सभी कर्मचारियों का आह्वान किया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्पन्न करवाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में नियम पालन अनिवार्य है और इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह त्रुटिरहित एवं सफल निर्वाचन प्रक्रिया के लिए ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करना सुनिश्चित बनाएं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि पोलिंग बूथ में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है कि वह वोट डालने वाले प्रत्येक व्यक्ति की वोट की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चुनावी कर्मचारी अपने पोलिंग बूथ पर तय समय पर पहुंच कर वोटिंग से पूर्व के सभी आवश्यक कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता से मतदान करवाएं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने इस अवसर पर पीठासीन, सहायक पीठासीन व पोलिंग अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। तहसीलदार निर्वाचन ऊषा चौहान ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कंट्रोल यूनिट तथा बैलेट यूनिट के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। पूर्वाभ्यास प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उपस्थित पीठासीन, सहायक पीठासीन व पोलिंग अधिकारियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। इस अवसर पर निर्वाचन के लिए तैनात पीठासीन तथा पोलिंग अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुबई में योग का डंका बजा, कुपवी की उमा शर्मा ने जीता 'गल्फ गुड न्यूज अवॉर्ड



**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिमला जिले के कुपवी की अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु उमा शर्मा ने दुबई में 'गल्फ गुड न्यूज अवॉर्ड 2026' में योग के वैश्विक प्रसार के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता। बॉलीवुड सितारों से सजे भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान मिला। दुबई, सिंगापुर और कनाडा जैसे देशों में वर्षों से योग शिविर चला रही उमा के हजारों विदेशी शिष्य हैं। पुरस्कार पाकर उन्होंने कहा कि यह कुपवी, सिरमौर और हिमाचल का सम्मान है। युवा इसे अपनी जिंदगी में अपनाएं।

### सोलन-षलूमना प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण की अनियमितताएं उजागर

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सोलन से षलूमना वाया बसाल सड़क मार्ग को चौड़ा करने का कार्य विगत एक वर्ष से किया जा रहा है। लेकिन इस कार्य में कई तरह की अनियमितताएं उजागर हो रही है। इस दिन सड़क को पक्का करने का कार्य किया जा रहा है लेकिन सड़क एक ही दिन में कई स्थानों से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने कई बार संबधित एसडीओ को इस सडक कार्य में अनियमितता की बात नहीं लेकिन उसके कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। ग्रामीणों ने सरकार से इस कार्य में हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि इसकी उचित जांच होनी चाहिए । एक वर्ष से सड़क खोलने के बाद भी टायरिंग पुरानी सड़क के बराबर और बेतरतीब तरीके से की जा रहीं है। स्थानीय व्यक्ति व जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य विद्या दत्त ने बताया कि यह सडक चौड़ी कर खोली जा रही है लेकिन यह टायरिंग के एक दिन बाद ही उखड़ने लगी है। उन्होंने कार्य गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सरकार से उचित जांच की मांग की है। वहीं अन्य स्थानीय व्यक्ति रामरतन शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है जिस से दोपहिया चालक चोटिल हो रहे है पुलियों नालियों की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने केन्द्र सरकार से इस प्रकरण पर हस्तक्षेप की मांग की है।

### सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्तियां

**अनंत ज्ञान, कसौली ।** विकास खंड पट्टा मेहलोग के कार्यालय में बीडीओ कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत समस्त कार्यालय स्टाफ, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक व समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे। विकास खंड के तहत 42 अधिकारियों को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) एवं खंड विकास अधिकारी पट्टा मेहलोग कुलदीप सिंह ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के तहत पंचायतों के चुनाव के दृष्टिगत हिमाचल पंचायती राज (चुनाव) अधिनियम 1994 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विकास खंड पट्टा के तहत पड़ने वाली पंचायतों के चुनाव करवाने हेतु विभिन्न राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रवक्ताओं को पंचायत चुनाव में ड्यूटी के लिए बतौर सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। विकास खंड पट्टा के निर्वाचन अधिकारी (बीडीओ) ने बताया कि नियुक्त किये गए समस्त 42 अधिकारियों को 29 अप्रैल बुधवार को सुबह 11बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पट्टा मेहलोग के नए भवन में रिहर्सल के लिए निर्देशित किया गया है। सभी को रिहर्सल में उपस्थित होने के आदेश दिए गए है।

### शूलिनी विश्वविद्यालय में संवादात्मक सत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** शूलिनी विश्वविद्यालय के मीडिया एवं संचार संकाय और चित्रकूट कला संकाय ने तिब्बती लेखक और कार्यकर्ता तेनजिन त्सुंड्यू के साथ रचनात्मक लेखन और स्वतंत्रता पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। सत्र में लेखन के दर्शन, प्रक्रिया और उद्देश्य पर चर्चा की गई, साथ ही छात्रों को अपनी आवाज खोजने के लिए प्रोत्साहित किया गया। तेनजिन ने अपने संबोधन की शुरुआत लेखन के अपने अर्थ को समझाते हुए की, इसे एक आंतरिक प्रक्रिया बताया जो विचार से अभिव्यक्ति तक विकसित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लेखन अवलोकन से शुरू होता है, जो बोध में विकसित होता है और फिर परिप्रेक्ष्य में, अंततः अभिव्यक्ति की ओर ले जाता है। उन्होंने 'अपनी आवाज़ खोजने' के महत्व पर भी बल दिया, यह बताते हुए कि लेखन के पीछे के कारणों को समझना रचनात्मक यात्रा का केंद्र बिंदु है। सत्र में लेखन को एक संचार उपकरण और एक संबंधपरक माध्यम के रूप में भी देखा गया, जहां कहानी कहना अनुभव करने का एक कार्य बन जाता है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी पहचान, परिप्रेक्ष्य और उस 'स्वयं' पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे वे लेखन का चयन करते हैं, यह बताते हुए कि सार्थक कहानी कहने के लिए आत्म-समझ और आत्म-प्रक्षेपण कितना आवश्यक है। सत्र को अत्यंत संवादात्मक बनाते हुए, तेनज़िन ने रचनात्मकता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई गतिविधियों का संचालन किया। प्रतिभागियों से यादृच्छिक संज्ञाएँ सुझाने और उन्हें वर्णनात्मक संज्ञा वाक्यांशों में बदलने के लिए कहा गया, जिससे यह प्रदर्शित हुआ कि भाषा अनंत संभावनाएँ उत्पन्न कर सकती है।

### 90 रुपए में मिलेगी शाकाहारी खाने की फुल डाइट

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** जिला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी रोकथाम आदेश, 1977 के खंड 3 (आई) (ई) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सोलन ज़िला में खाद्य वस्तुओं की दर अगले एक माह के लिए निर्धारित की हैं। अधिसूचना के अनुसार बकरा एवं भेड़ा का मीट 550 रुपये प्रति किलोग्राम, सुअर का मीट 300 रुपये प्रति किलोग्राम, चिकन ड्रेस्ड 180 प्रति किलोग्राम, ब्रॉयलर ड्रेस्ड 240 रुपये प्रति किलोग्राम तथा बिना तली मछली 250 रुपये प्रति किलोग्राम रुपये प्रति किलो निर्धारित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार तंदूरी चपाती प्रति 10 रुपये, तवा चपाती प्रति 08 रुपये, भरा हुआ परांठा प्रति 30 रुपये, चावल, चपाती, दाल और सब्जी फूल डाईट प्रति 90 रुपये, पूरी प्लेट चावल 50 रुपये, दाल फ्राइ प्रति प्लेट 60 रुपये, सब्जी एवं चना एवं दही के साथ दो पूरी प्रति प्लेट 50 रुपये तथा रायता का मूल्य प्रति प्लेट 50 रुपये निर्धारित किया गया है। इस अधिसूचना के अनुसार स्थानीय दूध 50 रुपये प्रति लीटर, सभी ब्रांड का पैकेट वाला दूध मुद्रित मूल्य के अनुसार उपलब्ध होगा। पनीर 300 रुपये प्रति किलोग्राम तथा दही का मूल्य 70 रुपये प्रति किलोग्राम मूल्य तय किया गया है। सभी ब्रांड के शीतल पेय मुद्रित दर के अनुसार विक्रय होंगे। ब्रेड, दूध जैसे पैकेट बंद पदार्थों पर मूल्य एवं पैकिंग की तिथि निर्धारित अधिसूचना के अनुसार होनी चाहिए। प्रत्येक दुकानदार को बिक्री के लिए रखे गई खाद्य वस्तुओं की मूल्य सूची सहज दृश्य स्थल पर प्रदर्शित करना व इसके समस्त खरीद से संबंधित बिल दुकानदार द्वारा रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता की मांग पर उन्हें कैश मेमो या बिल देना होगा।

# जलवायु परिवर्तन जनित आपदाओं एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में 'जलवायु परिवर्तन जनित आपदाएं एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण चुनौतियां ' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी संगठनों एवं संबंधित अधिकारियों को शिक्षित करना तथा जलवायु सहनशीलता और आपदा जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में उनकी जानकारी एवं क्षमता को बढ़ाना था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सात सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञों एवं विद्वानों द्वारा चौदह व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम में कुल 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने विद्वानों और नीति निर्माताओं के साथ सार्थक चर्चा की तथा पर्यावरण एवं जलवायु संबंधी समस्याओं के प्रबंधन और समाधान में आने वाली चुनौतियों को साझा किया। उद्घाटन सत्र में पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो सतीश कुमार भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न प्रमुख खतरों और उनके शमन उपायों पर प्रकाश डाला। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी सोलन विजय सिंह ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी तथा प्रतिभागियों को संबंधित अधिनियमों एवं कानूनों के बारे में बताया। डॉ. प्रतिमा वैद्य ने पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जलवायु सहनशील सूखा शमन उपायों पर अपने विचार साझा किए। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से डॉ. महेश शर्मा ने सतत पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जलवायु सहनशील अवसंरचना तथा भूस्खलन एवं ढलान विफलता के शमन के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों पर चर्चा की। डॉ. घनश्याम अग्रवाल ने पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा संरक्षण हेतु जल निकासी प्रणालियों के एकीकृत डिजाइन पर व्याख्यान दिया। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान की फेलो डॉ. आद्या दीक्षित ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सतत विकास के मार्गों पर प्रकाश डाला।

# 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनवाना अति आवश्यक : एल.आर. वर्मा

अनंत ज्ञान


बैठक की अध्यक्षता करते एडीएम एलआर वर्मा अनंत ज्ञान

**नाहन।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एल.आर. वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनवाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 5 व 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का आधार बायोमैट्रिक अपडेट करवाना भी आवश्यक है अन्यथा उनका आधार कार्ड निष्क्रिय हो सकता है। उन्होंने बताया कि 5 से 7 वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष की आयु वर्ग का आधार एनरोलमेंट तथा आवश्यक बायोमैट्रिक अपडेट निशुल्क किया जाता है। एल.आर.वर्मा ने आधार अपडेट की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रवेश प्रक्रियाओं व आवेदन के दौरान आधार की आवश्यकता रहती है। एनटीए, नीट, आईटी, यूपीएससी, सीयूईटी आदि में भी आवेदन करते समय आधार प्रमाणीकरण आवश्यक है यदि उम्मीदवार अपने आधार का आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) तथा मोबाइल नंबर अपडेट नहीं करते हैं तो प्रमाणीकरण विफल हो सकता है। जिला के सभी उपमंडल अधिकारियों (ना0) ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने उन्हें 18 वर्ष से उपर के व्यस्क निवासियों के नामांकन का सत्यापन 45 दिनों के भीतर प्राथमिकता आधार पर करने के लिए कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में लगाए जाने वाले आधार शिविरों का समय-2 पर औचक निरीक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने 0 से 05 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण को बढावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वह वैक्सीनेशन सेंटर पर इस आयु वर्ग के बच्चों का आधार पंजीकरण करवाएं जिसके लिए उन्हें अतिरिक्त आधार सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने जिला के वैक्सीनेशन सेंटर की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाने के लिए कहा। एल.आर.वर्मा ने कहा कि 10 वर्षों से एक स्थान पर रह रहे स्थाई निवासी को भी अपने आधार दस्तावेज अपडेट करवाने आवश्यक है ताकि उन्हें भविष्य में आधार संबंधी परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने के उपरांत आधार को डी-एक्टिवेट अवश्य करवाएं ताकि उस आधार का किसी भी प्रकार से गलत इस्तेमाल न हो सके।

## शारीरिक शिक्षक भर्ती की 3-4 जून को काउंसलिंग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश में लंबे समय से लंबित शारीरिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को आखिरकार गति मिल गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदों को भरने के लिए काउंसलिंग कार्यक्रम तय कर दिया है। इसके तहत 3 और 4 जून 2026 को जिलावार काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिला सिरमौर में कुल 42 पद भरे जाएंगे, जिससे स्थानीय अभ्यर्थियों को बड़ा अवसर मिलने जा रहा है। विभाग द्वारा जारी श्रेणीवार सूची में सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति सहित विभिन्न वर्गों के पद शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः मेरिट के आधार पर संपन्न की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपनी वरीयता के अनुसार जिलों का चयन करना होगा, जबकि काउंसलिंग के लिए उन्हें उसी जिले में उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जहां से उन्होंने आवेदन किया है। शैक्षणिक योग्यता के तौर पर वरिष्ठ माध्यमिक (+2) के साथ डीपीएड, बीपीएड या शारीरिक शिक्षा विषय के साथ स्नातक डिग्री अनिवार्य रखी गई है। विभाग ने यह भी साफ किया है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी।

# सिरमौर में 2344 सीटों पर मुकाबला और देखिए किस जिले में कितनी सीटें

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर स्थिति अब पूरी तरह स्पष्ट होती नजर आ रही है। प्रदेश भर की पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूची तैयार हो चुकी है और सभी उपायुक्तों ने अपनी रिपोर्ट राज्य चुनाव आयोग को भेज दी है। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है।सोमवार को मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दिया गया, जिससे चुनावी गतिविधियों को निर्णायक गति मिल गई है। अब राज्य चुनाव आयोग आंकड़ों को संकलित कर चुनाव कार्यक्रम जारी करने की तैयारी में जुटा है। माना जा रहा है कि मंगलवार को चुनावी तारीखों की घोषणा के साथ ही प्रदेश की पंचायतों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो सकती है।प्रदेश में 31 मई तक तीन स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत पंचायतों का गठन किया जाना है। इस बार कुल 31,214 सीटों पर चुनाव होंगे, जिससे गांव-गांव में सियासी हलचल तेज हो गई है। संभावित प्रत्याशी पहले ही सक्रिय हो चुके हैं और घर-घर जाकर समर्थन जुटाने में लगे हैं। राज्य की 450 से अधिक पंचायतों की मतदाता सूची को अंतिम रूप मिलने के बाद मुकाबला और रोचक हो गया है। पंचायत से लेकर जिला परिषद तक हर पद के लिए दावेदारों की लंबी कतार है, जिससे इस बार चुनावी जंग कड़ी होने के आसार हैं।अगर जिला वार आंकड़ों पर नजर डालें तो कांगड़ा में सबसे ज्यादा 6977 सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा मंडी में 4762, शिमला में 3523, चंबा में 2584, सिरमौर में 2344, सोलन में 2216, ऊना में 2139, कुल्लू में 2043, हमीरपुर में 1998, बिलासपुर में 1615, किन्नौर में 635 और लाहौल-स्पीति में 378 सीटों पर मतदान होगा। कुल्लू जिले की चार पंचायतों में फिलहाल चुनाव नहीं होंगे, जबकि केलांग और पांगी क्षेत्र की 54 पंचायतों में भी कार्यकाल शेष होने के बावजूद एक साथ चुनाव करवाने की तैयारी है। इसके आदेश जारी होना बाकी हैं। शहरी क्षेत्रों में जहां पहले ही आचार संहिता लागू हो चुकी है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी घोषणा का इंतजार है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही पूरे प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के साथ चुनावी माहौल और गर्माने की संभावना है।

### सड़क निर्माण और ग्रामीण क्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : संजय अवस्थी

# ग्राम पंचायत लग, मलौण व भियुंखरी में विभिन्न विकास कार्यों के किए लोकार्पण व शिलान्यास

अनंत ज्ञान


विकास कार्यो का लोकार्पण करते विधायक। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, अर्की/ सोलन ।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि सड़क निर्माण और ग्रामीण क्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है तथा इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। संजय अवस्थी आज यहां अर्की विधानसभा क्षेत्र की दुर्गम ग्राम पंचायत लग के सुण गांव में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने आज ग्राम पंचायत लग में 04 किलोमीटर लगदाघाट से सून तक सम्पर्क मार्ग का भूमि पूजन किया। इसमें सड़क निर्माण के लिए 08 करोड़ 03 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने ग्राम पंचायत मलौण के बनाली ब्राहमणा में शहीद राम रत्तन बनाली ब्राहमणा 01 किलोमीटर लम्बे निर्मित होने वाले सम्पर्क मार्ग का भूमि पूजन किया। इसका निर्माण कार्य आरम्भ करने के लिए 10 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने ग्राम पंचायत भियुंखरी के राजकीय उच्च विद्यालय भियुंखरी के परीक्षा हॉल व अतिरिक्त कमरों की आधारशिला रखी। इसका निर्माण कार्य आरम्भ करने के लिए 10 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। विधायक ने ग्राम पंचायत भियुंखरी में 20 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक पाठशाला चिनयारी के भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने लगभग 06 किलोमीटर निर्मित होने वाले जयनगर से जघून सम्पर्क मार्ग का भूमि पूजन भी किया। इसके आरम्भिक निर्माण कार्य के लिए 19 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। संजय अवस्थी ने कहा कि प्राकृतिक खेती हिमाचल प्रदेश का भविष्य है और राज्य सरकार इसे प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए नई-नई योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने के बावजूद राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इन क्षेत्रों के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक पद्धति से उगाई गई फसलों के लिए हिमाचल देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रहा है, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके। इस वर्ष प्राकृतिक पद्धति से तैयार गेहूं के समर्थन मूल्य को 60 रुपए से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति किलोग्राम, मक्की के समर्थन मूल्य को 40 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए तथा हल्दी के समर्थन मूल्य को 90 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहली बार अदरक को भी समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया है, इसके लिए 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर तय की गई है। इसके अतिरिक्त गाय के दूध का खरीद मूल्य 61 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का खरीद मूल्य 71 रुपए प्रति लीटर निर्धारित किया गया है। उन्होंने भियुंखरी में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी विद्यार्थी के जीवन के आधार को मज़बूत बनाती है और गुणात्मक शिक्षा प्राप्त करना सभी का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने का प्रयास रहेगा।

# सोलन की ग्राम पंचायतों के मतदान केंद्र प्रकाशित

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** जिला सोलन में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन-2026 को लेकर विकास खण्ड सोलन की विभिन्न ग्राम पंचायतों के मतदान केन्द्रों का संशोधित प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त आपत्तियों एवं संशोधनों के आधार पर आंशिक बदलाव करते हुए अंतिम सूची जारी की गई है, ताकि मतदाताओं को सुविधा मिल सके और चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो। इस संशोधित सूची के अनुसार विकास खण्ड सोलन की अलग-अलग ग्राम पंचायतों के वार्डों के लिए निकटतम एवं उपयुक्त स्थानों पर मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। अधिकांश मतदान केन्द्र सरकारी विद्यालयों—जैसे राजकीय प्राथमिक पाठशालाएं, माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय—में बनाए गए हैं, जबकि कुछ स्थानों पर पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, महिला मंडल भवन तथा सामुदायिक भवनों का भी उपयोग किया गया है। उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत जौणाजी में विभिन्न वार्डों के लिए राजकीय उच्च पाठशाला कनाह बजनाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौणाजी तथा प्राथमिक पाठशाला कनाह बजनाल को मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार मशीवर, सेर बनेड़ा, सन्होल, धरोट और अन्हेच पंचायतों में भी अलग-अलग वार्डों के अनुसार विद्यालयों एवं पंचायत भवनों को मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है। भोजनगर, नेरी कलां, डांगरी, तोप की बेड़ और शडियाणा पंचायतों में भी वार्डवार मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं जहां मतदाता अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर मतदान कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त पट्टा बरावरी, जाडली, हरिपुर, कक्कड़हट्टी, भारती तथा जाबल झमरोट पंचायतों में भी शिक्षा संस्थानों और पंचायत भवनों को प्राथमिकता दी गई है। अन्य पंचायतों जैसे चामत भड़ेच, चेवा, कोरों, काबा कलां, शमरोड़, ओच्छघाट, नौणी मझगांव, रणों, देवठी, सुल्तानपुर, बड़ोग, बोहली, सेरी, कोठों, सलोगड़ा, शामती, आंजी, सपरुन, पड़ग, बसाल, मनसार तथा धार बखुना में भी वार्डवार मतदान केन्द्रों का विस्तृत निर्धारण किया गया है। इन सभी स्थानों का चयन स्थानीय भौगोलिक स्थिति, पहुंच सुविधा और मतदाताओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि यह व्यवस्था मतदाताओं की सुविधा और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने संबंधित मतदान केन्द्र की जानकारी प्राप्त करें और निर्धारित तिथि पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाया जा सके।

# अर्की में गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग हुई तेज

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत अर्की क्षेत्र में गौ माता की रक्षा और सम्मान को लेकर जनसमर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को नगर पंचायत अर्की की स्थानीय जनता ने गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग उठाते हुए केंद्र सरकार तथा हिमाचल प्रदेश सरकार को तहसीलदार अर्की के माध्यम से ज्ञापन भेजा। इस दौरान गौ प्रेमी सोनू सोनी अंशुल, सन्नी कुमार , हेमन्त ठाकुर, भगत राम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने इस अभियान का समर्थन करते हुए गौ संरक्षण को राष्ट्रहित से जुड़ा विषय बताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है और इसके संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि गोवंश की पीड़ादायक स्थिति को देखते हुए समाधान, समस्त गो वधशालाओं के लाइसेंस निरस्त व वधशालाओं पर शीघ्र कठोर करवाई , गो तस्करी और गोवध को संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखकर आजीवन कारावास तथा अपराध के संलिप्त दोषियों की संपत्ति कुर्क करने का कठोर विधिक प्रावधान हो । उन्होंने कहा कि गोवंश संरक्षण केवल आस्था का विषय नहीं बल्कि कृषि, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था एवं विकास से जुड़ा एक राष्ट्रीय विषय है। देशी गोवंश को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आराध्या के रूप में आधिकारिक संवैधानिक मान्यता प्रदान कर उसे विशेष राष्ट्रीय संरक्षण दिया जाए। स्थानीय समाजसेवक सोनू सोनी व अन्य ने कहा कि गौ माता की सुरक्षा, संरक्षण और सम्मान के लिए जनआंदोलन को और मजबूत किया जाएगा।

### शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह का सख्त संदेश

# सीमा पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं दोहरे मानदंड की कोई जगह नहीं

**एजेंसी, बिश्केक**

**शंघाई** सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर बेहद स्पष्ट और सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि राज्य-प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद किसी भी देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है और इसे किसी भी परिस्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राजनाथ सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि आतंकवाद के मामले में किसी भी तरह के दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एससीओ को ऐसे देशों के खिलाफ ठोस कदम उठाने चाहिए



जो आतंकवादियों को समर्थन, संरक्षण या सुरक्षित पनाह देते हैं। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आतंकवाद के अड्डे अब दंड से बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर मजबूती से कायम है। उन्होंने पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले को याद करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं पूरी मानवता को झकझोर देती हैं और वैश्विक समुदाय को एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म या राष्ट्रीयता नहीं होती। किसी भी शिकायत या मतभेद को हिंसा और निर्दोष लोगों की हत्या का आधार नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि कट्टरता, उग्रवाद और अलगाववाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

#### वैश्विक व्यवस्था पर चिंता और गांधी के विचारों का भी किया उल्लेख

**राजनाथ** सिंह ने बदलते वैश्विक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय बढ़ते टकराव और एकतरफावाद के दौर से गुजर रही है, जिससे वैश्विक सहमति कमजोर हो रही है। महात्मा गांधी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 'आंख के बदले आंख' की नीति पूरी दुनिया को अंधकार की ओर ले जाती है। उन्होंने जोर दिया कि हर निर्णय का असर गरीब और जरूरतमंद लोगों पर भी पड़ता है, इसलिए शांति और करुणा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### सोना 1629 रुपए गिरकर 1.50 लाख पर आया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दामों में मंगलवार को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,629 रुपए घटकर 1.50 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले गुरुवार को यह 1.51 लाख पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 5,381 रुपए घटकर 2.38 लाख रुपए रह गई। चांदी की कीमत कल यानी 27 अप्रैल को 2.49 लाख रुपए थी। साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना सस्ता हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## पीएम मोदी ने गंगटोक में बच्चों के साथ खेला फुटबॉल



**एजेंसी, गंगटोक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम की अपनी यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन की शुरुआत फुटबॉल खेलकर की। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में मंगलवार सुबह राजधानी में युवाओं के साथ फुटबॉल खेलते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि सिक्किम में गंगटोक की एक प्यारी सुबह, अपने युवा दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलने का मजा ही कुछ और है।' तस्वीरों में प्रधानमन्त्री मोदी को युवाओं के साथ फुटबॉल खेलते हुए देखा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### श्रीनगर में ग्रेनेड, गोला-बारूद बरामद, पांच लोग किए गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर।** श्रीनगर में पांच लोगों को ग्रेनेड, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां खानमोह इलाके के नर्द संगरी में चेकिंग के दौरान पुलिस पोस्ट खानमोह पुलिस दल ने कीं। पुलिस ने बताया कि उनके पास से दो हथगोले, दो मैगजीन, कुछ गोला-बारूद, पोस्टर और छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पंथाचौक पुलिस स्टेशन में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### रूस के बेलगोरोड में यूक्रेन का ड्रोन अटैक, तीन लोगों की मौत और कई घायल

**एजेंसी, कीव।** रूस के बेलगोरोड में यूक्रेन की ओर से किए गए ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, हमले से इमारतों और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। रूस ने इसे गंभीर उकसावा बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया की चेतावनी दी है, जबकि क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और राहत कार्य जारी हैं। वहीं, यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा पर सोमवार रातभर रूसी ड्रोन हमले में दो बच्चों सहित 14 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। ओडेसा के प्रशासनिक प्रमुख सेरहिल लाइसाक ने बताया कि ड्रोन ने आवासीय इलाकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। रूस ने 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के लिए महत्वपूर्ण काला सागर बंदरगाह, ओडेसा को बार-बार निशाना बनाया है। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह किपर के अनुसार, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि रूस ने पिछले एक सप्ताह में यूक्रेन पर लगभग 1,900 ड्रोन, लगभग 1,400 बम और विभिन्न प्रकार की लगभग 60 मिसाइलें दागी हैं। (अनंत ज्ञान)

## पाक का अफगानिस्तान पर मिसाइल अटैक; सात की मौत, 75 घायल

**एजेंसी, काबुल**



अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में सोमवार को हुए हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं। बीबीसी के मुताबिक, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि राजधानी असदाबाद में घरों के साथ-साथ सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी को भी निशाना बनाया गया।

तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया है कि ये हमले पाकिस्तान की तरफ से किए गए। उनका कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और रॉकेट दागे गए। वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय का कहना है कि यूनिवर्सिटी और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। इससे पहले रविवार को अफगानिस्तान के कंधार इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा पर फिर हिंसक झड़प की घटना हुई थी। खामा प्रेस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि स्पिन बोल्डक इलाके में रात के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई। इसमें पाकिस्तान के छह सैनिक मारे गए। तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए। पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी लेकर चले गए। (अनंत ज्ञान)

### ओडिशा में 3 किमी पैदल चलकर बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा शख्स

**एजेंसी, क्योंझर**




ओडिशा के क्योंझर में हैरान करने वाला मामला सामने आया। आदिवासी जीतू मुंडा अपनी मरी हुई बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। कंकाल देख बैंक में अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, जीतू अपनी बहन कलारा मुंडा के खाते से 20 हजार रुपए निकालना चाहता था, इसके लिए वह कई बार बैंक भी गया, लेकिन कर्मचारियों ने खाता धारक को लाने को कहा। जीतू बैंक में पहले ही कलारा की मौत की जानकारी दे चुका था। फिर भी उसे कोई मदद नहीं मिली, इससे परेशान होकर उसने कब्र से कंकाल निकालकर बैंक में पेश किया। बहन का कंकाल कंधे पर लेकर जीतू करीब 3 किमी पैदल चला। फिर मल्लिपसी में बने ओडिशा ग्रामीण बैंक ब्रांच के बरामदे में कंकाल को रख दिया। इसे देख वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। पुलिस के अनुसार, जीतू अनपढ़ है और कानूनी प्रक्रिया से अनजान था। प्रशासन ने उसे नियम समझाए और जल्द पैसे दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया। (अनंत ज्ञान)

◆ **बैंक कर्मचारियों ने कहा था जिसका खाता उसे लेकर आओ**

## सेंसेक्स 417 अंक गिरकर 76,887 पर बंद, निफ्टी भी 97 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** मंगलवार को 417 अंक (0.54%) की गिरावट के साथ 76,887 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 97 अंकों (0.40%) की गिरावट रही, ये 23,996 पर आ गया। बैंक में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई। आज बैंकिंग, ऑटो और आईटी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 109 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई हैं। बाजार में तेल की मजबूत डिमांड और 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को लेकर चिंता बढ़ी है, जिस वजह से ये तेजी आई है। हॉर्मुज को तेल की सप्लाई के लिए सबसे अहम रास्ता माना जाता है। इससे पहले 27 अप्रैल को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 639 अंक की तेजी के साथ 77,304 पर बंद हुआ था। निफ्टी में 195 अंक की बढ़त रही, ये 24,093 पर बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक्स आज 208.84 अंक की गिरावट के साथ 77,094.79 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे कुछ देर में ही यह सूचकांक उछल कर हरे निशान में 77,335.37 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिससे कुछ देर तक इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होती रही। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 120.65 अंक की मजबूती के साथ 77,424.28 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। (अनंत ज्ञान)

## एसजीपीसी को कानून का विरोध करने के बजाए सहयोग देना चाहिए

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) कानून 2026 बेअदबी करने वालों में 'कांबा छेड़ने' वाला कानून है, जिसने विरोध करने वालों को भी झकझोर दिया है। ये कहना है सिख सद्भावना दल के संरक्षक भाई बलदेव सिंह वडाला का।

वे चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ इस कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लागू करवाने वाले डॉ. भाई परमजीत सिंह एडवोकेट ने इस अवसर पर बताया कि 13 अप्रैल को पास किए गए इस कानून में जो धाराएं जोड़ी गई हैं या संशोधन किया गया है, उसके तहत बेअदबी करने वालों को 10 से 20 साल तक की कैद और 25 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा तथा सख्त सजाएं दी जाएंगी। इससे पहले भाई परमजीत सिंह एडवोकेट को इस कानून का ड्राफ्ट तैयार कर लागू करवाने के लिए धन्यवाद स्वरूप एक सम्मान चिन्ह भेंट किया गया। इस कानून को लागू करवाने में योगदान के लिए भाई बलदेव सिंह सिरसा, भाई सुखजीत सिंह खोसे और भाई मनिंदर सिंह को भी सम्मानित किया गया। सभी ने एक स्वर में पंजाब सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बताया गया



तथा इस कानून को पूरे भारत और विश्व स्तर पर लागू करने की वकालत की गई। यह भी कहा गया कि पास किए गए कानून पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को विरोध करने के बजाय सहयोग देना चाहिए, अन्यथा वह गुरु विरोधी होने का प्रमाण देगी।

इस मौके पर भाई गुरबचन सिंह (पंजाब प्रधान), भाई गुरमीत सिंह थूही, भाई जुगविंदर सिंह स्वाजपुर (बुलारे, शेर-ए-पंजाब दल), भाई कुलदीप सिंह (चंडीगढ़), भाई अवतार सिंह (लुधियाना), भाई सरबजीत सिंह (पटियाला), भाई मनिंदर सिंह (दिल्ली), भाई मनप्रीत सिंह (दिल्ली), भाई सिमरन सिंह, भाई सतवंत सिंह, भाई निर्मल सिंह, भाई कवलजीत सिंह, भाई जरनैल सिंह (खरड़), भाई गगनप्रीत सिंह, भाई हरपिंदर सिंह, भाई सरबजीत सिंह, भाई दीदार सिंह और भाई सुखबीर सिंह थूही उपस्थित रहे। भाई बलदेव सिंह वडाला ने कहा कि पहले वर्ष 2008 में शिरोमणि कमेटी द्वारा लाए गए कानून में सजाएं कम होने के कारण अब सरकार द्वारा संशोधन कर 2026 में इसे और सख्त बनाया गया है। उन्होंने उन लोगों की निंदा की जो इस कानून के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं और अफवाहें फैला रहे हैं। भाई परमजीत सिंह एडवोकेट ने स्पष्ट किया कि कानून में जो भी सख्त धाराएं जोड़ी गई हैं, वे केवल बेअदबी करने वालों के लिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि कोई व्यक्ति बेअदबी करता हुआ साबित होता है और यह भी सिद्ध हो जाता है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है, तो उसके कस्टोडियन (देखरेख करने वाले) को भी बराबर की सजा दी जाएगी। यह कस्टोडियन उसका परिवार का सदस्य भी हो सकता है या कोई अन्य व्यक्ति, जिसने उसे भेजा हो या इसके पीछे कोई एजेंसी हो, यह सब जांच का विषय होगा। यदि यह सिद्ध हो जाता है, तो जिस सजा का प्रावधान अपराधी के लिए होगा, वही सजा कस्टोडियन को भी दी जाएगी।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शिवपुरी कालोनी में सोमवार शाम को ससुरालीजनों से परेशान होकर महिला ने फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। शहर थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत अन्य परिजनों के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिवपुरी कालोनी निवासी दीपक की 30 वर्षीय पत्नी वर्षा ने सोमवार को फांसी का फंदा लगा लिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और शव को फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल पहुचाया। मृतका के भाई बहादुरगढ़ निवासी सचिन ने पुलिस की दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन वर्षा की शादी वर्ष 2017 में शिवपुरी कालोनी निवासी दीपक के साथ हुई थी। दीपक टायर पंक्चर का काम करता है और शराब पीने का आदी है। जो कमाता है उसकी शराब पी जाता है। दीपक को कई बार समझाया भी था। बावजूद इसके वर्षा को परेशान करना जारी रखा। गत दिवस शाम को बच्चों को लेकर वर्षा के साथ उसके जेठ तथा जेठानी ने झगड़ा किया था।

## ट्रिपल इंजन सरकार से पंचकूला विकास को मिलेगी नई रफ्तार: कार्तिकेय शर्मा

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** वार्ड नंबर-3 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रत्याशी सुरेश कुमार वर्मा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज सेक्टर-8 स्थित हाउस नंबर-184 में उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया।

इस अवसर पर कार्तिकेय शर्मा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा के मेयर पद के उम्मीदवार श्याम लाल बंसल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यालय उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है व भाजपा की जनहितकारी नीतियों को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निगम चुनाव में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी और पंचकूला में ट्रिपल इंजन सरकार बनने से विकास कार्यों में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंदर



मोदी के नेतृत्व में देशभर में भाजपा की विचारधारा व विकास मॉडल को व्यापक स्वीकार्यता मिली है। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए वरिष्ठ नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा परिवार लगातार मजबूत हो रहा है और इसका लाभ आगामी चुनावों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। भाजपा के मेयर प्रत्याशी श्याम लाल बंसल ने कहा कि पार्टी संगठन पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरा है व जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। उन्होंने दावा किया कि मेयर और पार्षद पदों पर भाजपा उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे तथा शहर के समग्र विकास के लिए नई योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। वार्ड नंबर-3 से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कुमार वर्मा ने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरते हुए वे क्षेत्र की जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और बेहतर सुविधाओं के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

### गर्मी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सिरसा जिले में एक व्यक्ति की तेज बुखार व गर्मी के कारण मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति शराब ठेके पर हेल्पर के तौर पर कार्यरत था। रात को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी और तेज बुखार हुआ। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गांव नुहियांवाली निवासी मृतक अजय के भाई सुनील कुमार ने बताया कि उसका भाई एक शराब ठेके पर कार्यरत था। सोमवार रात्रि को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी और तेज बुखार हुआ। वह रात को ठेके पर ही सो गया। रात्रि को उन्हें सूचना मिली कि अजय की तबीयत बिगड़ गई है, जिस पर वे मौके पर पहुंचे व उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि लू की चपेट में आने के कारण अजय की मौत हुई है। शव का सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, हरियाणा के स्वास्थ्य ने विभाग ने मौजूदा एवं अनुमानित भीषण गर्मी को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। सामान्य से अधिक तापमान की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## सुवखते रसनहेड़ी में बैच टाइप हॉट मिक्स प्लांट का किया दौरा

### जून तक राज्य की 45,000 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण कार्य होगा पूरा



सुवखते रसनहेड़ी बैच टाइप हॉट मिक्स प्लांट का दौरा करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने सुवखते लांडरां-चुन्नी मार्ग पर रसनहेड़ी स्थित बैच टाइप हॉट मिक्स प्लांट का दौरा किया। इस दौरान मंत्री ने प्लांट की कार्यक्षमता बढ़ाने और गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए अपनाए जा रहे तंत्र के बारे में जानकारी ली।

दौरे के संबंध में जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य में 45,000 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के आदेश दिए गए हैं, जिसके तहत पूरे प्रदेश में सड़कों के सुधार का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि इस मिक्सिंग प्लांट की दैनिक क्षमता लगभग 800 टन है। यह भी बताया गया कि एक किलोमीटर प्लेन रोड (18 फीट चौड़ी) पर लगभग 450 टन प्रीमिक्स सामग्री की आवश्यकता होती है। वर्तमान में राज्य में लगभग 100 हॉट मिक्स प्लांट अपनी पूरी क्षमता से कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने राज्यभर के हॉट मिक्स प्लांट संचालकों से अपील की कि वे प्लांट को सुबह 5 बजे ही शुरू कर दिया करें, ताकि उत्पादन क्षमता और बढ़ाई जा सके।

खाड़ी देशों में युद्ध जैसे हालातों के चलते सड़क निर्माण के लिए आवश्यक लुक (बिटुमेन) की उपलब्धता रिफाइनरियों के साथ समन्वय बनाकर सुनिश्चित की जा रही है। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि इस समय राज्य में सड़कों के निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है, ताकि मानसून के आगमन से पहले 30 जून 2026 तक यह कार्य पूर्ण किया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता का कार्य सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। इस अवसर पर विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह सहित चीफ इंजीनियर, एक्सियन और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मान ने जस्सा व उनकी टीम को पार्टी में शामिल किया व स्वागत किया



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** कुश्ती जगत में 'जस्सा पट्टी' के नाम से मशहूर रुस्तम-ए-हिंद जसकंवर सिंह पट्टी मंगलवार को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में अपनी पूरी टीम के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए।

मुख्यमंत्री के घर पर हुए एक प्रोग्राम के दौरान उन्हें आधिकारिक तौर पर पार्टी में शामिल किया गया। पार्टी में उनका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जस्सा पट्टी ने कुश्ती के मैदान में न सिर्फ पंजाब, बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खेल जगत से ऐसी मशहूर हस्तियों के राजनीति में आने से युवाओं को साकारात्मक प्रेरणा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जिस तरह जस्सा पट्टी ने खेल के मैदान पर अपनी मेहनत व लगन साबित की है, उसी तरह वह भविष्य में भी पार्टी में शामिल होकर उसी लगन और समर्पण के साथ देश और समाज की सेवा करते रहेंगे। जस्सा पट्टी ने इस मौके पर मुख्यमंत्री की नीतियों पर भी भरोसा जताया और पार्टी की मजबूती के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## जीरकपुर में बोश डीजल सर्विस सेंटर का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** डीजल वाहनों की सर्विसिंग के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करते हुए, डीएस ऑटोमोटिव सिस्टम्स द्वारा जीरकपुर (चंडीगढ़ के नजदीक) में अत्याधुनिक बोश डीजल सर्विस सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया।

यह सेंटर उन्नत बोश तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक्स, रिपेयर और मेंटेनेंस सेवाएं प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में मोबिलिटी आफ्टरमार्केट इंडिया की रीजनल प्रेसिडेंट रीथी सेठी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मार्केटिंग हेड मोबिलिटी आफ्टरमार्केट इंडिया पीआर प्रदीप, रीजनल मैनेजर-नॉर्थ शिरीन देशपांडे, जोनल मैनेजर-चंडीगढ़ नारायण सिंह तथा एरिया मैनेजर पंजाब मोहम्मद अकीब भी विशेष रूप से मौजूद रहे। नव स्थापित यह सर्विस सेंटर आधुनिक डीजल सिस्टम जैसे कॉमन रेल सिस्टम, फ्यूल इंजेक्शन पंप और इलेक्ट्रॉनिक डायग्नोस्टिक्स को संभालने में सक्षम है। प्रशिक्षित और



प्रमाणित तकनीशियनों की टीम के साथ यह सेंटर ग्राहकों को सटीक, विश्वसनीय और त्वरित सेवाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर डीएस ऑटोमोटिव सिस्टम्स के प्रबंधन ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को जेनुइन स्पेयर पार्ट्स, पारदर्शी सेवा प्रक्रिया और ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान कर उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है। यह सेंटर व्यक्तिगत वाहन मालिकों, फ्लीट ऑपरेटर्स व कमर्शियल वाहन उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वाहनों के बेहतर प्रदर्शन और कम उत्सर्जन में भी योगदान देगा। डीएस ऑटोमोटिव सिस्टम्स के मालिक साहिल मल्होत्रा ने कहा, 'हमारा उद्देश्य इस क्षेत्र के ग्राहकों तक विश्वस्तरीय बोश डीजल सर्विस मानकों को पहुंचाना है। आधुनिक तकनीक और कुशल टीम के साथ हम हर बार भरोसेमंद, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' डीएस ऑटोमोटिव सिस्टम्स एक अधिकृत बोश डीजल सर्विस और होलसेट टर्बोचार्जर सेल्स एवं सर्विस सेंटर है, जो फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम, पावर स्टीयरिंग, टर्बोचार्जर, कमिंस इंजन पार्ट्स और अन्य डीजल सेवाओं में विशेषज्ञता रखता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### वायरस के खतरे के बीच एरीना सबालेंका क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी, मैड्रिड।** विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन में बीमारी के खतरे और नाओमी ओसाका की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। टूर्नामेंट के दौरान कई खिलाड़ी पेट के संक्रमण से जूझ रहे हैं, जिससे आयोजन पर भी असर पड़ा है। सबालेंका ने सतर्क आहार अपनाकर खुद को सुरक्षित रखा और एक सेट से पिछड़ने के बाद ओसाका को हराकर शानदार वापसी की। दूसरी ओर, इगा स्वियातेक, कोको गॉफ और मारिन सिलिच जैसे खिलाड़ी बीमारी से प्रभावित रहे। अब सबालेंका का सामना अगले दौर में हेली बैपटिस्ट से होगा, जबकि पुरुष वर्ग में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं। (अनंत ज्ञान)

### अक्षर बोले-मुझे भी नहीं पता क्या हुआ बल्लेबाजों को लेनी होगी जिम्मेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने आरसीबी के खिलाफ नौ विकेट की करारी हार के बाद बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि टीम ने महज चार ओवर में छह विकेट गंवा दिए और उन्हें भी समझ नहीं आया कि ऐसा कैसे हुआ। अक्षर ने साफ किया कि बल्लेबाजों को अपनी विफलता की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी और बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतरना होगा। उन्होंने माना कि पिछले मैच में बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाने का असर खिलाड़ियों के दिमाग पर पड़ा हो सकता है। उन्होंने गेंदबाजों का बचाव करते हुए कहा कि कम स्कोर के बाद उन्हें दोष नहीं दिया जा सकता। लगातार तीसरी हार के बावजूद अक्षर को टीम की वापसी पर भरोसा है और उन्होंने कहा कि टीम एकजुट होकर आगे लड़ेगी। (अनंत ज्ञान)




### टी-20 वर्ल्ड कप जीतना ही लक्ष्य: सिवर-ब्रंट

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने साफ कर दिया है कि टीम आगामी टी-20 विश्व कप 2026 में खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। 2017 वनडे विश्व कप के बाद से इंग्लैंड कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाया है और अब घरेलू मैदान पर यह सूखा खत्म करने का सुनहरा मौका है। सिवर-ब्रंट ने कहा कि एक खिताबी जीत न केवल टीम की पहचान बदल सकती है, बल्कि देश में महिला क्रिकेट को भी नई दिशा दे सकती है। उनके नेतृत्व में यह दूसरा बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट होगा और टीम मजबूत प्रदर्शन के साथ अभियान की शुरुआत करना चाहेगी। इंग्लैंड को ग्रुप-बी में न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, आयरलैंड और स्कॉटलैंड के साथ रखा गया है, जहां से टीम खिताब की ओर मजबूती से बढ़ने का लक्ष्य रखेगी। (अनंत ज्ञान)

### गोल्फर लूसी खूबसूरत अंदाज में

30 साल की गोल्फर लूसी रॉबसन को गोल्फिंग स्किल्स और उनके खूबसूरत लुक्स के कारण फैंस बहुत ज्यादा पसंद करते हैं, जिसके कारण ही इंस्टाग्राम में उनके लगभग 1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। गोल्फर होने के साथ ही साथ वह एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर हॉट आउटफिट्स में गोल्फ खेलते हुए फोटो पोस्ट करती हैं।



## आईपीएल हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगी मुंबई, फॉर्म में सनराइजर्स देगी कड़ी चुनौती

# मुंबई के सामने सनराइजर्स की अग्निपरीक्षा आज

**एजेंसी, मुंबई**

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो उसे शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुंबई की टीम पहले सात मैचों में पांच में हार से चार अंक लेकर नौवें स्थान पर है। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पांड्या (तीन विकेट और 97 रन) और सूर्यकुमार यादव (110) का खराब प्रदर्शन है।

तिलक वर्मा के गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। वह अभी तक केवल दो विकेट ले पाए हैं। बुमराह बीच के ओवर और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते रहे हैं लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने गेंदबाजी की शुरुआत की क्योंकि अन्य गेंदबाज मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे थे। न तो ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट) और ना ही दीपक चाहर (एक) अपने आक्रामक तेवर दिखा पाए हैं। मुंबई के गेंदबाजों के असफल होने के कारण विरोधी टीमों ने पावरप्ले में नियंत्रण बनाया है जिससे मुंबई को नुकसान पहुंचा। इस बीच रोहित शर्मा की अनुपस्थिति ने खालीपन-सा पैदा कर दिया है। उनकी जगह पारी का आगाज करने के लिए भेजे गए दानिश मालेवार (2 और 0) उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए हैं। अब यह देखना है कि पूर्व कप्तान रोहित हैमस्ट्रिंग की समस्या से उबरने के बाद पूरी फिटनेस हासिल कर पाए हैं या नहीं।



चोटिल मिचेल सैंटनर की जगह केशव महाराज को टीम में शामिल किए जाने के बाद यह देखना बाकी है कि विल जैक्स को अंतिम एकादश में जगह मिलती है या नहीं। जैक्स ने टी20 विश्व कप में इसी तरह की परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया था। सनराइजर्स इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगा कि मुंबई अपनी हार का सिलसिला तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में उसकी उम्मीद बल्लेबाजों पर टिकी रहेगी, जो वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। सनराइजर्स में पिछले मैच में वैभव सूर्यवंशी के शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को हराया था। अभिषेक शर्मा टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद फॉर्म में लौट आए हैं और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। कप्तान पैट कमिंस की वापसी से सनराइजर्स का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को उनसे सतर्क रहना होगा। सनराइजर्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक, मयंक रावत, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, कृष भगत, एएम गजनफर, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इजहार, रघु शर्मा।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, रविचंद्रन अश्विन, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, हर्ष दुबे, क्रेंस फुलेट्रा, लियाम लिविंगस्टोन, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, शिवम मावी, शिवांग कुमार, अमित कुमार, गेराल्ड कोएत्ज़ी, प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, ओंकार तरनाले, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

## बल्लेबाज 'हार्ड लेंथ' के लिए नहीं कर रहे हैं पर्याप्त तैयारी : स्टेन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि वर्तमान समय में बल्लेबाज 'हार्ड लेंथ' (सटीक लेंथ पर की गई गेंद) के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं कर रहे हैं तथा जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार ने सोमवार को यहां खेले गए आईपीएल मैच में बल्लेबाजों की यह कमजोरी उजागर कर दी।



हेजलवुड और भुवनेश्वर ने पहले चार ओवरों में छह विकेट लेकर दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली को 16.3 ओवरों में 75 रन पर आउट कर दिया और नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की।

स्टेन ने कहा कि बल्लेबाज अब डरते नहीं हैं, लेकिन वह हेजलवुड, भुवनेश्वर, कगिसो रबाडा और जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाजों की सही लेंथ पर की गई गेंदों का सामना करने के लिए पर्याप्त अभ्यास नहीं करते हैं। स्टेन ने एक्स पर लिखा, ''बल्लेबाज भुवी (भुवनेश्वर), हेजलवुड, रबाडा और आर्चर जैसे तेज गेंदबाजों से खौफ नहीं खाते लेकिन उनके मन में डर रहता है क्योंकि वे जानते हैं कि यह दिग्गज गेंदबाज कहां गेंदबाजी करने वाले हैं, लेकिन वह इसकी पर्याप्त तैयारी नहीं करते हैं। उनके पास इस तरह की गेंदों का कोई जवाब नहीं होता है।''


उन्होंने कहा, ''डर तकनीकी कौशल को लेकर है। इसमें अब बदलाव करना संभव नहीं है। देखते रहिए कि ये गेंदबाज अपना दबदबा बनाए रखते हैं। इसे 'हार्ड लेंथ' यूं ही नहीं कहा जाता।''

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हर्शल गिब्स ने स्टेन की टिप्पणी को बल्लेबाजी के नजरिए से समझाते हुए कहा कि बल्लेबाज इन गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर आक्रामक होकर नहीं खेलते हैं जिससे उनकी लेंथ बिगाड़ सके। गिब्स ने कहा, ''कोई भी बल्लेबाज उनकी लेंथ बिगाड़ने और उन पर तेजी से रन बनाने की कोशिश नहीं कर रहा है।'' (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत ने जीते 4 गोल्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते।



सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, कोच और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी।

यादव ने अपने बधाई संदेश में कहा, ''ये उपलब्धियां हमारे खिलाड़ियों और सहायक टीम की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारत वैश्विक भारोत्तोलन मंच पर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।'' (अनंत ज्ञान)

## दक्षिण अफ्रीका से टी20 सीरीज में 1-4 से हारने के बाद भारत ने काफी कुछ सीखा : मजूमदार

**एजेंसी, बेनोनी**

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-4 की निराशाजनक हार के बावजूद उनकी टीम को इस दौरे से काफी कुछ सीखने को मिला है। भारत ने पहले तीन मैच गंवाने के बाद चौथा मैच जीता लेकिन वह सोमवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 में 23 रन से हार गया।

इस चुनौतीपूर्ण सीरीज के समाप्त होने के बाद मजूमदार ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह शानदार सीरीज रही, जिसमें दोनों टीम के बीच अच्छा मुकाबला हुआ। शुरुआत से ही मुकाबला कड़ा था और दक्षिण अफ्रीका में आकर खेलना बहुत अच्छा रहा।''



उन्होंने कहा, ''निश्चित तौर पर परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। 4-1 के परिणाम से हम थोड़े निराश हैं, लेकिन हमने इस श्रृंखला से बहुत कुछ सीखा है।'' मजूमदार ने कहा कि भारत की पावरप्ले में विकेट लेने में नाकामी और बल्लेबाजी में मैच का अच्छी तरह से समापन नहीं कर पाना, दो ऐसे क्षेत्र थे, जिनमें टीम शुरू में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

उन्होंने कहा, ''शुरुआत में पावरप्ले में हम विकेट नहीं ले पा रहे थे। यह हमारे लिए चिंता का विषय था और साथ ही बल्लेबाजी में फिनिशिंग भी। लेकिन हमने पिछले तीन मैचों में इन कमियों को दूर कर लिया है।'' भारतीय कोच ने कुछ खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन को टीम के लिए सकारात्मक पहलू माना। इनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन भी शामिल है।

उन्होंने कहा, ''सबसे पहले तो हरमन का फॉर्म शानदार रहा है, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रही हैं और उनकी कार्यशैली भी लाजवाब है। पिछले कुछ मैचों में ऋचा (घोष) का अच्छा प्रदर्शन और दीप्ति (शर्मा) की फॉर्म में वापसी भी हमारे लिए सकारात्मक पहलू रहे।'' (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल के 10 खिलाड़ी नेपाल में दिखाएंगे दम

**अनंत ज्ञान**



**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के खेल इतिहास में एक और अहम उपलब्धि जुड़ गई है। नेपाल में आयोजित होने वाली सातवीं एशियन स्वात (फ्रेंच किक बॉक्सिंग) प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में चयनित प्रदेश के 10 खिलाड़ियों को ध्वज सौंप कर उपायुक्त मंडी ने मंगलवार को काठमांडू के लिए रवाना किया।

उपायुक्त ने कहा कि यह न केवल मंडी बल्कि पूरे हिमाचल के लिए गर्व का विषय है कि यहां के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर देश का नाम रोशन करेंगे और तिरंगा ऊंचा लहराएंगे।

यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 29 अप्रैल से 3 मई तक नेपाल के काठमांडू विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। इसमें एशिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारतीय टीम में शामिल हिमाचल के खिलाड़ी अलग-अलग भार वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में काव्यांशी ठाकुर (39 किलोग्राम), वरुण वालिया (52 किलोग्राम), राहुल (56 किलोग्राम), सूर्य प्रताप सिंह कटवाल (60 किलोग्राम), अमर चंद (52 किलोग्राम), ऋषभ शर्मा (65 किलोग्राम), पंकज कुमार (75 किलोग्राम), होमनी (52 किलोग्राम), रेखा (56 किलोग्राम) और सपना कुमारी (75 किलोग्राम) शामिल हैं।

भारतीय महिला टीम की कमान संतोषी देवी को सौंपी गई है। वहीं, अमर चंद और पंकज कुमार टीम के साथ अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। महासचिव संतोषी शर्मा ने कहा कि उपायुक्त द्वारा खिलाड़ियों को ध्वज सौंपकर विदा करना उनके मनोबल को बढ़ाने वाला कदम है। पूरे प्रदेश को इन खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है।

## कोच के भरोसे ने बदली क्रुणाल की गेंदबाजी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हरफनमौला क्रुणाल पांड्या ने अपनी गेंदबाजी में आए बदलाव का श्रेय स्पिन कोच मलोलन रंगराजन को दिया है। उनका कहना है कि कोच के भरोसे ने उन्हें विकेट लेने और नए प्रयोग करने की आजादी दी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में क्रुणाल अपनी बाउंसर और लो-आर्म ट्राजेक्टरी गेंदों से बल्लेबाजों को चकमा दे रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद उन्होंने बताया कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के कारण बल्लेबाजी का अंदाज बदला है, जिससे गेंदबाजों को भी नए तरीके अपनाने पड़े हैं। उन्होंने बाउंसर को अपनी रणनीति का अहम हिस्सा बनाया, जो बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ भी असरदार साबित हो रहा है। क्रुणाल ने विराट कोहली को आईपीएल में 9000 रन पूरे करने पर बधाई देते हुए उनकी फिटनेस और निरंतरता की सराहना की और उन्हें खेल का महान खिलाड़ी बताया। (अनंत ज्ञान)



## धावक सावे ने स्वयं कराए कई डोप टेस्ट

**एजेंसी, लंदन**

दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले पहले धावक सबास्टियन सावे ने यह रिकॉर्ड बनाने से पहले स्वयं ही डोपिंग के कई परीक्षण करवाए और उन्हें उम्मीद है कि वह दुनिया के सामने यह साबित कर देंगे कि वह पूरी तरह से साफ सुथरा होकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।



कीनिया के इस 29 वर्षीय धावक ने रविवार को लंदन मैराथन में एक घंटे, 59 मिनट और 30 सेकंड का समय लेकर वह कारनामा कर दिखाया जिसे लंबे समय से असंभव माना जा रहा था। कीनिया में हाल के वर्षों में कई प्रमुख धावक डोपिंग के दोषी पाए गए जिनमें महिला मैराथन में विश्व रिकॉर्ड धारक रूथ चेपनगेटिच भी शामिल हैं जिन पर अक्तूबर में तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया था, इसलिए सावे ने अपने कोच और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्वेच्छा से 'कई' डोपिंग परीक्षण करवाए। पिछले साल बर्लिन और लंदन मैराथन जीतने वाले सावे ने पत्रकारों से कहा, ''मेरे देश में डोपिंग कैंसर बन गया है और इसलिए मैं कड़ी परीक्षण प्रक्रिया से गुजरा।'' सावे ने कहा कि उन्होंने और उनकी टीम ने कड़ी परीक्षण प्रक्रिया लागू करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि लोग उनकी जीत को संदेह की नजर से देखें। उन्होंने कहा, ''मैं दुनिया को दिखाना चाहता था कि हम डोपिंग के बिना भी तेज गति से दौड़कर अच्छे परिणाम हासिल कर सकते हैं।''

लंदन मैराथन के प्रसारण अधिकार रखने वाले बीबीसी ने बताया कि एडिडास ने सावे का 12 महीने की अवधि में नियमित रूप से परीक्षण करवाने के लिए ट्रैक एंड फील्ड की डोपिंगरोधी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट को 50,000 डॉलर दिए थे। इसमें प्रतियोगिता से इतर 25 बार परीक्षण करवाना भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## डब्ल्यूएफआई ने दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में अंडर-17 पहलवान रोका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने संभाजी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन एक अंडर17 महिला पहलवान को प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया, क्योंकि उसके पिता ने अलग-अलग राज्यों से दो जन्म प्रमाण पत्र पेश किए थे जिससे सरकारी स्तर पर दस्तावेज सत्यापन में स्पष्ट कमियां भी उजागर हुईं। मध्य प्रदेश की तरफ से महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में भाग लेने की इच्छुक पहलवान (नाम गुप्त रखा गया है) के जन्म प्रमाण पत्रों में विसंगतियां पाई गई थी जिसके बाद अधिकारियों ने उसे प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया।

यह दस्तावेज एक न्यूज एजेंसी के पास भी हैं, जिनमें मध्य प्रदेश में जारी किए गए एक जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 26 अगस्त, 2010 बताई गई है, लेकिन पंजीकरण और जारी करने की तिथि 16 नवंबर 2021 दिखाई गई है। यह तिथि जन्म के एक दशक से भी अधिक समय बाद की है। इस प्रमाण पत्र में श्योपुर जिले का पता अंकित है और इसे ग्राम पंचायत कार्यालय ने जारी किया था।

डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र के अनुसार पंजीकरण में देरी के बारे में पूछे जाने पर इस पहलवान के पिता ने राजस्थान से जारी किया गया एक और जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। नए जन्म प्रमाण पत्र में भी जन्मतिथि 26 अगस्त 2010 ही दर्ज है, लेकिन उसमें पंजीकरण की तिथि एक सितंबर 2010 बताई गई है। यह पंजीकरण राजस्थान के श्रीगंगानगर में हुआ था और जन्म स्थान के रूप में वहां के एक निजी नर्सिंग होम का उल्लेख किया गया है। हालांकि, यह प्रमाणपत्र इसके काफी बाद अप्रैल 2025 में जारी किया गया था।

पिता ने इस बात पर जोर दिया कि जन्मतिथि में कोई हेरफेर नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि परिवार के मध्य प्रदेश स्थानांतरित होने के बाद इस राज्य से भी नया प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया था, ताकि पहलवान राज्य का प्रतिनिधित्व कर सके। डब्ल्यूएफआई के अधिकारियों ने हालांकि, पहलवान को प्रतियोगिता में प्रवेश देने से इनकार कर दिया और सवाल उठाया कि मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बिना कोई अन्य राज्य कैसे दूसरा जन्म प्रमाण पत्र जारी कर सकता है। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, ''इससे गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। हमसे आयु पात्रता के संबंध में सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन उचित जांच के बिना ऐसे प्रमाण पत्र कैसे जारी किए जा रहे हैं। जाएगी।'' (अनंत ज्ञान)

## बैडमिंटन टूर्नामेंट पीवी सिंधु की करीबी हार, टीम नहीं भुना सकी अहम मौके

# चीन से 0-5 की हार, उबेर कप से भारत बाहर

**एजेंसी, होर्सेंस (डेनमार्क)**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया। भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया। सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने ग्रुप-ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।




सिंधु ने बाद कहा, ''यह एक अच्छा मैच था। अगर मैं जीत हासिल करने में सफल रहती तो और भी अच्छा होता। मुझे मौके मिले, लेकिन ऐसा नहीं था कि कुछ अंक आसान थे। प्रत्येक अंक के लिए कड़ा मुकाबला हुआ। हम वास्तव में प्रत्येक अंक के लिए बहुत संघर्ष कर रहे थे।'' प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा पहले युगल मुकाबले में विश्व की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग के सामने नहीं टिक पाईं और 11-21, 8-21 से हार गईं।

इशारानी बरुआ ने टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन विश्व में 38वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 20-19 पर एक आसान मौका गंवा दिया। विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई ने यह मैच 44 मिनट में 22-20, 21-13 से जीतकर चीन को 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी।

दूसरे युगल में त्रीसा जॉली और कविप्रिया सेल्वम की जोड़ी को 59 मिनट तक चले मुकाबले में लूओ जू मिन और झांग शू जियान से 10-21, 21-12, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 43वें नंबर की खिलाड़ी देविका सिहाग ने भी अच्छी शुरुआत की लेकिन वह लय बरकरार रखने में विफल रहीं और तीसरे एकल में विश्व में 97वें नंबर की खिलाड़ी जू वेन जिंग से 21-19, 17-21, 10-21 से हार गईं। भारत की निगाहें अब पुरुष टीम पर टिकी हैं, जो थॉमस कप में ग्रुप-ए में अपने आखिरी मुकाबले में चीन का सामना करेगा। 2022 की चैंपियन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 5-0 की शानदार जीत से पहले ही क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। (अनंत ज्ञान)